30 जून 2025 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), सोमवार | वर्ष-31, अंक- 253, पृष्ठ-12 | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 05, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹2.00

हूल क्रांति दिवस अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

## एक नजर

### रेलवे टिकटिंग में होगा बड़ा सुधार,अब प्रति मिनट बनेंगे 1.5 लाख रेल टिकट

**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारतीय रेलवे यात्रियों के सफर को सुविधाजनक, स्मार्ट और पारदर्शी बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठा रही है। रेलवे ने घोषणा की है कि वर्ष 2025 के अंत तक एक नया और अत्याधुनिक पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) तैयार हो जाएगा, जिसकी टिकट बुकिंग क्षमता मौजूदा 32,000 टिकट प्रति मिनट से बढ़ाकर 1.5 लाख टिकट प्रति मिनट कर दी जाएगी। इसके साथ ही, टिकट पूछताछ की क्षमता भी दस गुना बढ़ाई जाएगी, अब प्रति मिनट 40 लाख से अधिक पूछताछ की जा सकेगी। नया पीआरएस सिस्टम बहुभाषीय होगा और इसमें दिव्यांगजन, छात्र, रोगी सहित अन्य वर्गों के लिए विशेष सुविधाएं शामिल होंगी। उपयोगकर्ता अब सीट का चयन, किराया कैलेंडर जैसी जानकारी आसानी से देख सकेंगे। रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने वेटलिस्ट यात्रियों की परेशानी को ध्यान में रखते हुए आरक्षण चार्ट पहले बनाने का निर्णय लिया है। अब दिन में 02:00 बजे से पहले रवाना होने वाली ट्रेनों के लिए चार्ट एक दिन पहले रात 09:00 बजे ही तैयार कर लिया जाएगा। इससे वेटलिस्ट यात्रियों को पहले से स्थिति की जानकारी मिल सकेगी और वैकल्पिक व्यवस्था करने का समय भी मिलेगा।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

## बालीडीह इंडस्ट्रीयल एरिया में बड़ा हादसा, 2 मजदूर झुलसे

● ब्लास्ट फर्नेस में हुए विस्फोट की चपेट में आ गए थे दोनों

नवीन मेल डेस्क




**बोकारो।** बोकारो के बालीडीह इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित सुप्रिया इस्पात उद्योग में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया। कंपनी के ब्लास्ट फर्नेस में अचानक विस्फोट हो गया, जिससे दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। झुलसे मजदूरों की पहचान लखन टुडू और अखिल कुमार के रूप में हुई है। दोनों को तत्काल इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने एक मजदूर की स्थिति को गंभीर बताया है। बताया जा रहा है कि यह हादसा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के कारण हुआ।

जानकारी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि ब्लास्ट फर्नेस की नियमित जांच नहीं की गई थी, जिससे यह विस्फोट हुआ। इस घटना ने औद्योगिक सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना की सूचना मिलते ही सुप्रिया इस्पात उद्योग के अधिकारी और स्थानीय नेता मौके पर पहुंचे। बियाडा स्थित कंपनी परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। प्रबंधन द्वारा कंपनी का मुख्य गेट बंद कर दिया गया था और अंदर किसी को भी जाने की अनुमति नहीं दी गई। बाद में मुख्य गेट को खोला गया। मजदूर संगठनों ने इस हादसे की कड़ी निंदा की है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिला प्रशासन ने जांच के आदेश दिए हैं।

## 60 लाख के ब्राउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, मुख्य सप्लायर फरार

नवीन मेल संवाददाता



**चतरा।** गुप्त सूचना के आधार पर चतरा पुलिस ने रविवार को गिद्धौर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर 286 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद ब्राउन शुगर की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 60 लाख रुपये आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों में गिद्धौर के अभिमन्यु कुमार साव और नौकाडीह (प्रतापपुर) के नितेश कुमार उर्फ त्रिवेणी शामिल हैं। उनके पास से ब्राउन शुगर के अलावा इलेक्ट्रॉनिक कांटा और पांच मोबाइल भी जब्त किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि सूचना के आलोक में एसडीपीओ सिमरिया शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में छापामारी दल गठित कर कार्रवाई की गई। हालांकि, इस गिरोह का मुख्य सप्लायर मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए अभियान जारी है। गिरफ्तार तस्करों का आपराधिक इतिहास रहा है और वे पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। पुलिस ने गिद्धौर थाना कांड संख्या 47/2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा के दौरान बड़ा हादसा

# गुंडिचा मंदिर के पास भगदड़, तीन की मौत

● कई घायल, ओडिशा सरकार ने दो अधिकारियों को किया निलंबित

● मृतकों के परिजनों को दी जाएगी 25-25 लाख की आर्थिक सहायता



**भुवनेश्वर/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** ओडिशा के पुरी में रथ यात्रा के दौरान भगदड़ में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो महिलाएं शामिल हैं। इसके अलावा, 10 लोग घायल भी हुए हैं। यह हादसा रविवार को अहले सुबह करीब 4:30 बजे हुआ, जब भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के श्रीविग्रहों को ले जा रहे तीन रथ जगन्नाथ मंदिर से करीब तीन किलोमीटर दूर श्री गुंडिचा मंदिर के पास थे।

रिपोर्ट्स के अनुसार, गुंडिचा मंदिर के पास भारी भीड़ दर्शन के लिए जुटी थी। भीड़ बढ़ने पर कुछ लोग गिर गए, जिससे भगदड़ शुरू हो गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं- प्रभाती दास और बसंती साहू शामिल हैं। इसके अलावा, 70 वर्षीय प्रेमकांत मोहंती की भी मौत हुई है। ये तीनों खुरदा जिले के रहने वाले थे और रथ यात्रा के लिए पुरी आए थे। कुछ घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

इधर, पुरी में गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ की घटना पर माझी सरकार ने बड़ा एक्शन लेते हुए दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। डीसीपी बिष्णु पति और कमांडेंट अजय पाढ़ी को ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित कर दिया गया है। वहीं, पुरी के जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक (एसपी) का भी तबादला कर दिया गया है। चंचल राणा को नया जिला कलेक्टर नियुक्त किया गया है। पिनाक मिश्रा को नए एसपी की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, ओडिशा सरकार ने जान गंवाने वाले मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी रविवार को सीएम मोहन चरण माझी के कार्यालय ने दी। रिपोर्ट्स के अनुसार, पहांदी जैसे अधिकांश अनुष्ठान जगन्नाथ मंदिर प्रशासन के निर्धारित समय पर पूरे हुए, लेकिन रथ खींचने में काफी देरी हुई, जिससे भक्तों में नाराजगी देखी गई। भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा के रथ (तलध्वज और दर्पदलन) बीच रास्ते में रुक गए, जबकि भगवान जगन्नाथ का रथ (नंदीघोष) सिंहद्वार से थोड़ा आगे बढ़कर रुक गया। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि सभी अनुष्ठान समय पर पूरे होने के बाद दिन में 4:00 बजे रथ खींचना शुरू हुआ था, लेकिन बदा दांडा (ग्रांड रोड) के प्रमुख मोड़ों पर समस्याओं और पिछले वर्षों की तुलना में 1.5 गुना अधिक भक्तों की भीड़ के कारण व्यवधान हुआ।

### मुख्यमंत्री माझी ने भक्तों से मांगी माफी, कहा- लापरवाही अक्षम्य

**भुवनेश्वर (आईएएनएस)।** ओडिशा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान मची भगदड़ पर मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने दुख जताया है। उन्होंने भगदड़ को लेकर माफी मांगी और कहा कि भगदड़ के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए मैं सभी जगन्नाथ भक्तों से दिल से माफी मांगता हूं। ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा, मैं और मेरी सरकार, सारधाबली में महाप्रभु के दर्शन के **शेष पेज 11 पर...**

### सुपर स्पीड फेडरेशन कप खो-खो में दिल्ली को 17-15 अंकों से

## झारखंड बालक खो-खो टीम ने जीता कांस्य, रचा इतिहास




● झारखंड टीम के शानदार प्रदर्शन ने मोहा दर्शकों का मन

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड बालक सुपर स्पीड खो-खो टीम ने पालम, नई दिल्ली में द्वितीय फेडरेशन कप प्रतियोगिता में रविवार को कांस्य पदक प्राप्त कर इतिहास रच दिया। झारखंड बालक खो-खो टीम ने कड़े संघर्षपूर्ण मैच में दिल्ली को 17-15 अंकों से पराजित कर कांस्य पदक प्राप्त कर चमचमाते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। नई दिल्ली में सुपर स्पीड फेडरेशन कप खो-खो का आयोजन 27 जून से 29 जून तक हुआ था। यह प्रतियोगिता सुपर स्पीड खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नई दिल्ली के पालम स्थित मां गंगा विद्यालय के प्रांगण में मैट पर आयोजित की गई थी।

झारखंड टीम की ओर से कप्तान शिवम नायक, उपकप्तान सन्नी कुमार, अभिषेक उरांव, शिवा कुमार, आकाश कुमार, रोहण कुमार ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। टीम के शानदार प्रदर्शन और फेडरेशन कप में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर झारखंड टीम के चीफ डी मिशन एवं झारखंड राज्य सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार, झारखंड राज्य खो-खो संघ के अध्यक्ष अजय झा, कोषाध्यक्ष सहजाद कुरैशी, संयुक्त सचिव नीतेश कुमार साहु, संरक्षक सजल बनर्जी, कार्यकारी अध्यक्ष भरत कुमार, वरीय उपाध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी, उपाध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, उपाध्यक्ष मुकेश कुमार, संयुक्त सचिव चंद्र कांत लाल, संयुक्त सचिव कुश साहु, निखिल कुमार, अभिषेक कुमार, दिव्या रानी एवं अन्य सदस्यों ने झारखंड बालक खो-खो टीम के सभी सदस्यों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## आज / कल




### पोटका प्रखंड में मूसलाधार बारिश से एक निजी स्कूल के छात्रावास में घुसा पानी

## छात्रावास की छत पर पांच घंटे तक बैठे रहे 162 बच्चे

● ग्रामीणों और प्रशासन ने चलाया रेस्क्यू ऑपरेशन

● रस्सियों के सहारे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

नवीन मेल डेस्क



**जमशेदपुर (पूर्वी सिंहभूम)।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका प्रखंड क्षेत्र में शनिवार देर रात हुई मूसलाधार बारिश के कारण कई गांवों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। अचानक गुड़रा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच जाने के कारण नदी किनारे स्थित पांडरशुली गांव के लव कुश इंग्लिश स्कूल का छात्रावास भी इसकी चपेट में आ गया। रात में छात्रावास में जब 162 बच्चे सो रहे थे, तब पानी धीरे-धीरे छात्रावास के अंदर भरने लगा। पानी का स्तर तेजी से बढ़ने पर छात्रावास के सभी बच्चे जान बचाने के लिए छत पर चढ़ गए और पांच घंटे तक दहशत के साए में रहे। सूचना मिलते ही पांडरशुली और आसपास के गांवों के लोग रात में ही मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने तत्काल प्रशासन को खबर दी। रविवार तड़के **शेष पेज 11 पर...**

## खूंटी में काडेतुबिद के ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की हत्या

● बलराम खूंटी में भाजपा ग्रामीण मंडल के विभिन्न पदों पर अपनी दायित्व निभा चुके थे

नवीन मेल डेस्क

**खूंटी।** अज्ञात अपराधियों ने खूंटी के मारंगहादा थाना क्षेत्र के काडेतुबिद गांव के ग्राम प्रधान बलराम मुंडा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना शनिवार देर रात की है। गोली मारने से पहले अपराधियों ने मुंडा को लाठी, डंडे, दौली से भी मारा। इस हमले में उनका भांजा आचू मुंडा गंभीर रूप से घायल हो गया है। बलराम मुंडा ग्रामीण मंडल खूंटी के विभिन्न पदों पर अपनी दायित्व निभा चुके थे। वर्तमान में भाजपा ग्रामीण मंडल में मंत्री पद के दायित्व में थे। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए खूंटी सदर अस्पताल भेज दिया। एसपी मनीष टोप्पो ने कहा कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है और घटना में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जानकारी के अनुसार, बारिश के कारण बलराम मुंडा अपने घर में थे। उसी दौरान 10-12 की संख्या में हथियारबंद लोग उनके घर में घुस आए। ग्रामीणों के अनुसार, हमलावरों के हाथों में देसी कट्टा और अन्य हथियार थे। वे लगातार बोल रहे थे- ग्रामप्रधान बनते हो, पुलिस से बात करते हो। इसके तुरंत बाद बलराम मुंडा पर गोली चला दी गई और बेरहमी से धारदार हथियार (तोनो) से काटकर उनकी हत्या कर दी गई। हथियारबंद लोगों ने बलराम के भांजा आचू मुंडा से भी मारपीट कर घायल कर दिया। हमलावर लगभग 20 मिनट तक घर में रहे और इस दौरान न केवल हमला किया, बल्कि घर में रखे धान के बोरे फाड़ दिए और अन्य सामानों को भी तोनो से काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया। बलराम मुंडा के निधन पर खूंटी जिला भाजपा ने गहरी संवेदना प्रकट की है। शोक प्रकट करने वालों में पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, अर्जुन मुंडा, प्रदेश उपाध्यक्ष नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष बिनोद नाग कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया आदि शामिल हैं।

## कोडरमा में हाथी ने वृद्ध को कुचलकर मार डाला

**कोडरमा।** हाथी ने कोडरमा जिले के जयनगर प्रखंड क्षेत्र के खरियोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पिसपिरो में एक व्यक्ति को कुचलकर मार डाला। मृतक की पहचान रवींद्र यादव उर्फ नन्कू यादव (55) के रूप में हुई है। ग्रामीणों ने बताया कि नन्कू यादव सुबह शौच करने के लिए घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान हाथी ने उन्हें कुचलकर मार डाला। वन विभाग के अधिकारी केडी प्रसाद, अनिल कुमार साव, जयनगर थाना प्रशासन के लोग मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को विभाग से मिलने वाली सहायता राशि 25 हजार रुपए दिए और शेष पैसे देने का भरोसा दिलाया। मृतक का शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया।

## इंडिया

# नामवाम में नहीं नाम में ही तो सब सब रखा है



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

जिस तरह भीड़ आजकल समाज,देश और दुनिया का भविष्य तय कर रही है जिसमें किसी को सोचने विचारने की फुर्सत नहीं है कि सही क्या है और गलत क्या उसी प्रकार जो शब्द भीड़ के प्रचलन में आ गया उसका अर्थ और उस व्यक्ति की पहचान तक बदल जाती है जिसमें सबसे बड़ा योगदान सोशल मीडिया का है जो कृत्रिम आभासी भीड़ का भ्रम उत्पन्न कर रहा है। आपके पास अंधाधुंध पैसे हैं तो आप भाड़े के साइबर सैनिकों से समाज या देश का मिजाज बदल सकते हैं । वैसे ऐसा भीड़ सदियों से करती रही है हम भारत में धड़ल्ले से टॉर्च शब्द का इस्तेमाल करते हैं जिसे अंग्रेज मशाल कहते हैं और फ्लैशलाईट उसका सही शब्द है । जीप का मतलब हम एसयूवी समझते रहे और जब मूल कंपनी भारत वापस लौटी तब पता चला यह एक ब्रांड है । शब्दों के अर्थ समय के साथ बदलते रहते हैं। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो भाषा के विकास का हिस्सा है। शब्दों के अर्थ कई कारणों से बदल सकते हैं जैसे कि सामाजिक, सांस्कृतिक, या भौगोलिक परिवर्तन, या किसी विशेष शब्द का अधिक उपयोग। समाज में बदलाव के साथ, शब्दों के अर्थ भी बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, "डिजिटल" शब्द का अर्थ पहले सिर्फ "अंकों से संबंधित" था, लेकिन अब इसका मतलब "कंप्यूटर से संबंधित" भी है।सांस्कृतिक मूल्यों और मान्यताओं में बदलाव के कारण भी शब्दों के अर्थ बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, "आधुनिक" शब्द का अर्थ पहले "वर्तमान समय का" था, लेकिन अब इसका मतलब "पश्चिमी" या "प्रगतिशील" भी हो सकता है।विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में, एक ही शब्द के अलग-अलग अर्थ हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, "कॉर्न" शब्द का अर्थ ब्रिटेन में "गेहूं" है, जबकि अमेरिका में "मक्का" है।जब किसी शब्द का अधिक उपयोग किया जाता है, तो उसका अर्थ व्यापक हो सकता है या उसका विशिष्ट अर्थ खो सकता है। उदाहरण के लिए, "अति" शब्द का अर्थ पहले "अधिक" था, लेकिन अब इसका अर्थ "बहुत अधिक" या "अत्यधिक" भी हो सकता है।शब्दों के लक्षणा और व्यंजना अर्थों का प्रयोग भी अर्थ परिवर्तन का कारण बन सकता है। लक्षणा में, शब्द का अर्थ वास्तविक अर्थ से हटकर किसी और अर्थ में प्रयोग होता है, जैसे कि "गंगा" शब्द का अर्थ "पवित्र नदी" या "शांत स्वभाव" ।अन्य भाषाओं के शब्दों के प्रभाव से भी शब्दों के अर्थ बदल सकते हैं। उदाहरण के लिए, "मोबाइल" शब्द का अर्थ पहले "चलने योग्य" था, लेकिन अब इसका अर्थ "मोबाइल फोन" भी है। पहले इसका अर्थ "टीका सहित" था, लेकिन अब इसका अर्थ "बिल्कुल सही" है।पहले सूर्य और चंद्रमा भी ग्रहों की श्रेणी में आते थे, लेकिन अब इसका अर्थ "सूर्य का चक्कर लगाने वाले विशाल खगोलीय पिंड" है।पहले इसका अर्थ "कर्तव्य" था, लेकिन अब इसका अर्थ "मजहब" भी है। शब्दों के अर्थ स्थिर नहीं होते हैं, वे समय के साथ बदलते रहते हैं। यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो भाषा को समृद्ध और जटिल बनाती है। सबसे दिलचस्प मामला है पुराने भारत के इंडिया बनने का पहले के लोग या ग्रामीण आज भी व्याख्याता को कॉलेज का मास्टर कहते सुने जाते हैं पर उनके लिए प्रोफ़ेसर शब्द सम्मानजनक संबोधन बन चुका है पर तकनीकी रूप से गलत है क्योंकि व्याख्याता के प्रोफ़ेसर बनने में दशकों लग जाते हैं । इसी प्रकार किसी को दलाल कहने पर वह बुरा मान जाएगा पर शेयर ब्रोकर,लैंड ब्रोकर कहने पर समस्या नहीं होगी,किसी को भाड़े पर नाचने वाली नचनिया कहा जाए तो बात बिगड़ जाएगी पर वीडियो फिल्मों की बड़ी डांसर सम्मानजनक शब्द हो जाता है । माड़ किसी को यदि पिलाया जाए तो वह बुरा मान जाएगा पर किसी बड़े होटल या रेस्त्रां में मुंहमांगे रेट पर सूप पीने वाले की कोई कमी नहीं । हमें अपने गांव,देश या समाज की हर चीज घटिया लगती है और वही जब विदेश से महंगी होकर लौटती है या उसका विदेशी नाम रखा जाता है तब हम उसे अच्छा समझते हैं । भारतीय मूल के योग और आयुर्वेद जब योगा और आयुर्वेदा बनकर लौटे तब हमने उसे महंगे दामों पर भी अपनाया वैसे जब पीएम मोदी और रामदेव महाराज ने इसे वैश्विक पहचान दी तो दुनिया ने अपनाया । भारत का नवधनाढ्य वर्ग जो अब अपने को अभिजात्य वर्ग का मानता है जिसमें अगड़े,पिछड़े,अनुसूचित जाति,जनजाति से लेकर अल्पसंख्यक तक शामिल हैं, इसी हीन भावना का शिकार होकर अपने को श्रेष्ठ साबित करने के लिए भारत के प्राकृतिक और सुरक्षित सुपाच्य खाद्य पदार्थों के बजाय विदेशी ब्रांड के फ़ास्ट फ़ूड और परिस्कृत डिब्बाबंद वस्तुओं का दीवाना है जिसके दुष्परिणामों को देखते हुए पश्चिमी देशों ने इसे नकार कर भारत में गरीबों का भोजन समझे जाने वाले मकई।मडुआ और ज्वार जैसे भोजन को अपना रहा है जिसकी वकालत स्वयं प्रधानमंत्री मोदी करते हैं ।



## वीर सेनानियों को कोटि-कोटि बधाई

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**डॉ आशा गुप्ता 'श्रेया'**

आतंक... आतंक... आतंकी... यह शब्द हम कई वर्षों से सुनते चले आ रहे हैं। वर्षों से कहीं ना कहीं आतंकवादी घटनाएं होती आ रही हैं। हम उनकी मानवता के प्रति गलत गतिविधियों से अवगत हैं। पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा पारिवारिक छुट्टियों में गए निहत्थे 26 सैलानियों के नाम और उनके धर्म पूछकर उनकी पत्नियों व बच्चों के सामने निर्मम हत्या करना, दिल दहला देने वाली भयंकर घटना है। इसकी जितनी भी भर्त्सना की जाए कम है। महाभारत के युद्ध में भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन से शस्त्र उठा युद्ध के लिए प्रेरित किया था। अन्याय को सहना कायरता कहलाता है। यह समय आतंकवादियों संग आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले देश, कस्बों और लोगों के दमन और निवारण का है। आगे के भयंकर आतंकवादी गतिविधियों को रोकना अति आवश्यक है। हमें गर्व है हमारे देश की रक्षा के लिए तत्पर वायु, थल, जल के सेना नायकों पर। उन्होंने अपने उद्देश्य एवं संकल्प के लिए एकजुट होकर 'ऑपरेशन सिंदूर' को बहुत ही सटीक तरीके से सूझबूझ और वीरता के साथ अंजाम दिया। परस्पर सहयोग और उचित प्लानिंग द्वारा हमारे वीर सैनिकों ने दुश्मनों के ठिकानों को ध्वस्त किया। अनेक दुश्मनों को मार गिराया। यह दुश्मनों के लिए बहुत बड़ा सबक है। यह वीरता हमारे देश के रक्षक और वीर-वीरांगनाओं के शौर्य का उत्कृष्ट उदाहरण है।

**शेष पेज 11 पर...**

## निर्मल मेहता ने निजी खर्च पर कराई चापाकल मरम्मत, ग्रामीणों को राहत

**नीलाम्बर पीताम्बरपुर।** कोटखास गांव में समाजसेवी निर्मल कुमार मेहता ने मुखलाल भुइयां के घर के पास खराब चापाकल को निजी खर्च से मरम्मत करवा कर लोगों को राहत पहुंचाई। निर्मल मेहता ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में जहां भी चापाकल खराब हैं, उनकी मरम्मत कराई जा रही है। ग्रामीणों ने उनके इस प्रयास की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है।

# भीषण आग में नौडीहा बाजार की इलेक्ट्रॉनिक दुकान जलकर खाक, 50 लाख की क्षति





**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** बाजार क्षेत्र स्थित रामजी मिश्रा के ट्रेड सेंटर में बीती रात भीषण अग्निकांड हुआ, जिसमें एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसा भुलाएडीह निवासी पवन गुप्ता की दुकान में रात के लगभग 12 बजे शॉर्ट सर्किट के कारण हुआ। आग इतनी विकराल थी कि कुछ ही समय में पूरे स्टॉक को अपनी चपेट में ले लिया। दुकान मालिक पवन गुप्ता ने बताया कि उनकी दुकान में लाखों रुपये मूल्य के टीवी, फ्रिज, कूलर, इन्वर्टर, मोबाइल, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण रखे थे, जो पूरी तरह जल गए। अनुमानित तौर पर लगभग 50 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मकान मालिक रामजी मिश्रा ने बताया कि आधी रात को जब दुकान से आग की लपटें उठती दिखीं, तो आसपास के लोगों ने तत्परता दिखाई और घरों से पाइपलाइन जोड़कर घंटों प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक सबकुछ जल चुका था। थाना प्रभारी ने तुरंत संज्ञान लेते हुए दमकल विभाग को सूचना दी, लेकिन दमकल वाहन भ्रमवश खजुरी नौडीहा पहुंच गया, जिससे काफी देर हो गई। जब तक वाहन मौके पर आया, तब तक आग बुझ चुकी थी। स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि क्षेत्र में विद्युत प्रवाह असंतुलित रहता है–कभी बहुत अधिक वोल्टेज, तो कभी बेहद कम–जिसके कारण अक्सर वायरिंग गर्म होकर शॉर्ट सर्किट की घटनाएं होती हैं। इस हादसे ने न केवल दुकान मालिक को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचाया, बल्कि इलाके में विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पीड़ित ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## हैदरनगर से माता वैष्णो देवी दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** श्रद्धालुओं का एक जत्था रविवार को माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालु पहले इंटरसिटी एक्सप्रेस से वाराणसी और फिर बेगमपुरा एक्सप्रेस से जम्मू के लिए रवाना हुए। श्रद्धालु सोमवार की रात 13 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा पूरी कर मंगलवार को मां वैष्णो देवी के दरबार में माथा टेकेंगे। जत्थे में संतोष कुमार दुबे, संतोष गुप्ता (डीलर), मिंटू जयसवाल, लकी जयसवाल, रंजीत अग्रवाल, अर्चित अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, हर्षित अग्रवाल सहित कई श्रद्धालु शामिल हैं। हैदरनगर रेलवे स्टेशन पर भाजपा नेता सरयू प्रसाद गुप्ता, अरुण गुप्ता, प्रमोद प्रसाद सोनी, राजेश प्रसाद, नरेंद्र गुप्ता सहित अन्य लोगों ने यात्रियों को शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

# राजनडीह में ग्रामीणों ने निजी खर्च से चापानल की कराई मरम्मत

● **बरसात व खराब सड़क से मरम्मती वाहन नहीं पहुंचा, लोगों ने आपसी सहयोग से उठाया कदम**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** राजनडीह पंचायत में पिछले दस दिनों से खराब पड़ी सरकारी चापानल की मरम्मत रविवार को ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से खुद कराई। पंसस ममता देवी की पहल पर भोला मेहता (मिस्त्री) और अन्य ग्रामीणों ने इस कार्य को पूरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय स्तर पर जानकारी देने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। बरसात और खराब सड़क के कारण मरम्मती वाहन गांव तक नहीं पहुंच पाया। ऐसे में ग्रामीणों ने चंदा इकट्ठा कर निजी मिस्त्री से मरम्मत कराई और पेयजल संकट से राहत पाई। इस सराहनीय कार्य में सतन, परीखा, सूर्या, पिंटू, बचन, अधीनता रजवार, सुशील मेहता सहित कई लोग शामिल रहे। समाजसेवी सुशील कुमार मेहता ने बताया कि विभाग से जवाब मिला कि बरसात के कारण मरम्मत वाहन बंद है, इसलिए बरसात के बाद ही सुधार संभव है। लेकिन ग्रामीणों ने इंतजार करने के बजाय स्वप्रेरणा से समाधान निकाला।

## बूथ नंबर 31 पर बच्चों संग सांसद प्रतिनिधि ने सुनी 'मन की बात'

**मोहम्मदगंज।** रविवार को गोड़ाडीह स्थित बूथ नंबर 31 पर सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह ने बच्चों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम का 123वां एपिसोड सुना। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि यह कार्यक्रम प्रेरणादायक होता है और सामाजिक व राजनीतिक कार्यो के प्रति नई ऊर्जा देता है। उन्होंने बताया कि स्थानीय बच्चे भी इस कार्यक्रम का बेसब्री से इंतजार करते हैं और एकाग्रचित होकर इसे सुनते हैं। यह जन-जागृति का सशक्त माध्यम बन गया है।

# देवरी कला में मुहर्रम इंतजामिया कमेटी का गठन, शांतिपूर्वक पर्व मनाने का संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** देवरी कला पंचायत के हार्वे नगर स्थित मदरसा परिसर में रविवार को मुहर्रम इंतजामिया कमेटी की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता सीरत कमेटी के सदर अफरोज खान और संचालन मास्टर हफिज खान ने किया। बैठक में मुहर्रम पर्व को सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्वक मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही नई इंतजामिया कमेटी का गठन किया गया जिसमें मो. नौशाद खान को खलीफा और मो. मजहरूल इस्लाम को नायब खलीफा चुना गया। संरक्षक के रूप में अफरोज खान, हफीज खान, शेख इरफान अहमद, इकरामुद्दीन अंसारी, शकील खान और अन्य को चुना गया। सदस्य के रूप में मो. मजहर, शमशेर खान, शेख मोहसिन, मुजीब अंसारी, सैयद सन्नी अहमद सहित अन्य को मनोनीत किया गया। नवचयनित खलीफा ने कहा कि सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सभी कार्यक्रम समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएंगे। इसी बैठक में देवरी कब्रिस्तान कमेटी का अध्यक्ष शमीम खान को चुना गया। बैठक में तनवीर अहमद, फखरुद्दीन अंसारी, शेख अब्दुल्ला, आलमगीर अंसारी, असलम अंसारी, जावेद खान, मोहसिन इदरीशी, आफान मीर, सिराज खान, जाफर रजा, नफीश अहमद, सैयद सुहैल समेत कई लोग मौजूद थे।

## मुहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक

**नौडीहा।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने को लेकर थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने की। बैठक में दोनों समुदायों के लोग मौजूद रहे। थाना प्रभारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाहों से बचना जरूरी है और किसी भी गतिविधि पर प्रशासन की सख्त नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि ताजिया जुलूस तय समय पर निर्धारित मार्ग से ही निकलेगा। इस दौरान जिला परिषद सदस्य सुदामा प्रसाद, आलोक यादव, धनंजय प्रसाद, रोशन सिंह, बाबूलाल पाठक, मुख्तार आलम समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## फ्री राशन के लिए केवाईसी कराने का आज अंतिम मौका: बीएसओ

**मोहम्मदगंज।** सरकारी राशन योजना का लाभ उठाने वाले कार्डधारकों के लिए केवाईसी करवाने का सोमवार (30 जून) अंतिम दिन है। प्रखंड खाद्य एवं आपूर्ति पदाधिकारी नौशाद आलम ने जानकारी दी कि अंत्योदय योजना के तहत गरीब परिवारों को मिलने वाले मुफ्त राशन की सुविधा जारी रखने हेतु केवाईसी अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि कार्डधारक अपने नजदीकी राशन डीलर के पास जाकर कार्ड में दर्ज सभी सदस्यों की उंगलियों की पहचान (बायोमैट्रिक) पॉश मशीन में लगाकर केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। यह सरल प्रक्रिया है, लेकिन यदि समय रहते यह कार्य नहीं किया गया तो मुफ्त राशन की सुविधा से वंचित होना पड़ सकता है।

## स्वच्छता बैठक में अनुपस्थित प्रतिनिधियों पर कार्रवाई के निर्देश




**हुसैनाबाद।** प्रखंड कार्यालय में आयोजित स्वच्छता समिति की बैठक में अनुपस्थित मुखिया और कर्मियों को शोकॉज करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी की अध्यक्षता और बीडीओ सुनील वर्मा के संचालन में हुई बैठक में ठोस और तरल कचरा प्रबंधन पर चर्चा हुई। सभी पंचायतों में दिए गए ई-रिक्शा को नियमित रूप से संचालित करने और सफाई कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जयप्रकाश सिंह, मुखिया श्रवण राम, ममता देवी, विजय राम समेत कई प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## शिबू सोरेन के स्वास्थ्य लाभ के लिए जेएमएम कार्यकर्ताओं ने की पूजा-अर्चना और मजार पर चादरपोशी



**हैदरनगर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना को लेकर झामुमो कार्यकताओं ने हैदरनगर स्थित प्रसिद्ध देवी धाम में हवन-पूजन किया। इसके पश्चात हुसैनाबाद स्थित दाता पीर बक्श की मजार पर चादर चढ़ा कर मन्नत मांगी गई। कार्यकर्ताओं ने बताया कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन की तबीयत खराब होने के कारण वे दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती हैं। उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना में पूरे झारखंड के झामुमो कार्यकर्ता अपने-अपने धार्मिक स्थलों पर पूजा-अर्चना कर रहे हैं। हैदरनगर प्रखंड अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में भी विशेष पूजा संपन्न हुई। उन्होंने संकल्प लिया कि शिबू सोरेन के स्वस्थ होकर रांची लौटने के बाद देवी धाम में प्रसाद और चुनरी चढ़ाई जाएगी। इस अवसर पर रामप्रवेश सिंह, विवेकानंद सिंह, प्रो. योगेंद्र सिंह, डॉ. एजाज आलम, परवेज आलम, सत्यनारायण विश्वकर्मा, अशोक पासवान, जेपी सिंह, पुरामल पासवान, अनुज शर्मा, ब्रजेंद्र सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अच्छी बारिश से धान की फसल को लेकर किसानों में उम्मीद, बिचड़ा डालने में आई तेजी

**मोहम्मदगंज।** मृगशिरा नक्षत्र में अच्छी बारिश होने से धान की खेती को लेकर किसानों में उम्मीद जगी है। कई किसानों ने पहले से वैकल्पिक उपायों के तहत बिचड़ा डाल दिया था, जो अब हरे-भरे हो चुके हैं। अब आर्द्रा नक्षत्र में भी बारिश जारी है, जिससे अधिकतर किसान तेजी से बिचड़ा डालने में जुट गए हैं। किसानों का कहना है कि 15 वर्षों बाद इस नक्षत्र में इतनी अच्छी वर्षा हुई है। हालांकि लगातार बारिश के कारण भदई फसलों की बुवाई प्रभावित हो सकती है, फिर भी धान की रोपनी को लेकर किसानों में उत्साह है।

# शिवसागर स्टेशन पर तकनीकी खराबी से घंटों खड़ी रही वाराणसी-बरकाकाना मेमू ट्रेन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वाराणसी से बरकाकाना के बीच चलने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेन (संख्या 63558) शुक्रवार को शिवसागर स्टेशन पर तकनीकी खराबी का शिकार हो गई। ट्रेन के रुकने के बाद उसके चक्कों से धुआं उठने लगा। प्राथमिक जांच में ब्रेक बाइंडिंग की समस्या पाई गई, जिससे ट्रेन चार घंटे से अधिक समय तक खड़ी रही। इस दौरान यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ी। तकनीकी टीम को डेहरी से बुलाया गया, जो मौके पर पहुंच कर मरम्मत में जुटी रही। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस रूट पर जर्जर व पुरानी ईएमयू ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिनमें न तो पीने के पानी की सुविधा है, न ही स्वच्छ शौचालय। सीटें टूटी हैं और रोशनी की भी घोर कमी है, जिससे विशेषकर महिलाओं व बुजुर्गों को परेशानी होती है। स्थानीय नागरिकों ने कहा कि यह रेलखंड तीन राज्यों की सीमा पर है, फिर भी रेलवे इस मार्ग की अनदेखी कर रहा है। हैदरनगर स्टेशन पर पहले भी ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। यात्रियों ने मांग की कि इस रूट पर नई, सुविधाजनक और सुरक्षित ट्रेनें चलाई जाएं, ट्रेनों की नियमित तकनीकी जांच हो और स्टेशन व कोचों में आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं।

## जपला स्टेशन पर चला सघन टिकट जांच अभियान, कई यात्री पकड़े गए



**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेल मंडल के जपला स्टेशन पर शुक्रवार को सीटीआई दीपक कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में डेहरी-बरवाडीह शटल और अन्य पैसेंजर ट्रेनों को ध्यान में रखते हुए गहन जांच की गई। कई यात्री बिना टिकट या अनुचित टिकट पर यात्रा करते पाए गए, जिनसे जुमार्ना वसूला गया। सीटीआई दीपक कुमार ने बताया कि यात्रियों को नियमित टिकट लेने और निर्धारित कोच में यात्रा करने के लिए प्रेरित किया गया। भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे। इस दौरान आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा, जेपी प्रसाद, टीटीई आशीष कुमार, मुकेश कुमार मित्रा, रविंद्र कुमार समेत कई रेलकर्मी उपस्थित थे।

## बूथ स्तर पर सुनी गई 'मन की बात' सेवा और राष्ट्रनिर्माण पर दिया गया जोर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम ह्यमन की बातह्न का प्रसारण रविवार को हैदरनगर मंडल के बूथ संख्या 91, 92 और 93 पर भाजपा कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने देशवासियों से स्वच्छता, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया और लोकल फॉर वोकल जैसे अभियानों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से तकनीक और नवाचार में आगे आने को प्रेरित किया। इस मौके पर जिला मंत्री सोमेश सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष उमेश चंद्र शिव, प्रखंड उपप्रमुख पप्पू पासवान, वीरेन्द्र सिंह, संजय सिंह, सुधीर सिंह, भोला सिंह, रवि रंजन सिंह, सोनू सिंह, शेखर सिंह, अनिल सिंह, विनीत पाल, गुड्डू सिंह, विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश को आत्मसात करते हुए सेवा, समर्पण और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का संकल्प लिया।

## सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन का निधन, विभिन्न क्षेत्रों में शोक की लहर

**हुसैनाबाद।** बसडीहा गांव निवासी और एके सिंह कॉलेज, जपला के सेवानिवृत्त लाइब्रेरियन बबन प्रसाद सिंह (61 वर्ष) का रविवार सुबह अचानक हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन से शैक्षणिक, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। वे पिछले वर्ष ही सेवा से निवृत्त हुए थे। उनके निधन पर स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह, कॉलेज सचिव प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्राचार्य सूर्यमणि सिंह, डॉ. शिवकुमार विश्वकर्मा, राम सुभग सिंह, ओमप्रकाश सिंह, डॉ. आलोक कुमार, भाजपा नेता रवींद्र कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह, अशोक सिंह, समाजसेवी बिनोद कुमार सिंह, पूर्व प्राचार्य अशोक कुमार सिंह, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, बसपा नेता शेर अली, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार समेत कई शिक्षकों और स्थानीयजनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। परिजनों के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार सोमवार को देवरी स्थित सोन नदी के मुक्तिधाम में किया जाएगा।

**परेशानी** — बारिश से सड़क व कल्वर्ट क्षतिग्रस्त, कई गांवों में आवागमन ठप


# राहगीरों के के लिए पैदल चलना हुआ मुश्किल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** लगातार बारिश के कारण प्रखंड मुख्यालय के उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों के कई गांवों में सड़क और कल्वर्ट बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए हैं। मोहम्मदगंज-महुडंड पथ से जुड़े रामनगर, राजनडीह, झरीवा, नदीपर, गोलापत्थर, माहुर और भरूही गांवों में वाहनों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। पीएमजीएसवाई योजना के तहत बनी सड़कों की स्थिति बेहद खराब हो गई है, खासकर झरीवा मोड़ से नदीपर तक पक्कीकरण न होने के कारण पैदल चलना भी कठिन हो गया है। मुख्य नहर के किनारे काशीस्रोत रेलवे पुल से राजनडीह गांव तक पहुंचना भी अब दूभर हो गया है। रामनगर में ग्रामीणों के श्रमदान से बनी सड़क पर राजबारा नदी के ऊपर बना कल्वर्ट पहली बारिश में ही टूट गया, जिससे प्रखंड और अनुमंडल मुख्यालय, अस्पताल, बाजार व स्टेशन तक आवागमन रुक गया है। रामजन्म राम, सुशील मेहता, विनोद यादव, सत्येंद्र यादव, विजय, अंगद, दीपक सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से इन गांवों के लिए स्थायी सड़क निर्माण की मांग की है।

## पानी जमा होने से सड़क हुई जर्जर, अधिकारी भी हो रहे परेशान



**पंडवा।** प्रखंड परिसर तक पहुंचने वाली मुख्य सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में है। बरसात के दौरान सड़क पर पानी जमने से हालत और भी बदतर हो गई है। इसी रास्ते से प्रखंड पदाधिकारी, कर्मी और ग्रामीण आवागमन करते हैं, लेकिन मरम्मत को लेकर अब तक कोई पहल नहीं हुई है। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द ही इस सड़क की मरम्मत की जाए ताकि आवाजाही सुचारु हो सके।

## स्वास्थ्य शिविर में सुरक्षित मातृत्व व परिवार नियो जन पर हुई चर्चा

**मोहम्मदगंज।** राष्ट्रीय परिवार कल्याण दिवस के अवसर पर शनिवार को मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत नदीपर और गोलापत्थर गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। सीएचओ रामी किंडो ने ग्रामीणों को परिवार नियोजन के साधनों और सरकार द्वारा दी जा रही सेवाओं की जानकारी दी। उन्होंने छोटे परिवार को सुरक्षित मातृत्व और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य का आधार बताया। शिविर में मलेरिया, टायफाइड, बीपी और डायबिटीज की जांच के साथ दवाएं भी वितरित की गईं। इस दौरान कई एएनएम व स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

# डीआईजी नौशाद आलम ने जन सुरक्षा के लिए जारी किए निर्देश

- अनुपस्थित परिवार के घरों पर पुलिस की रहेगी विशेष नजर, संदिग्ध गतिविधियों पर होगी तत्काल कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** पलामू रेंज के डीआईजी (पुलिस उपमहानिरीक्षक) ने शनिवार को कानून व्यवस्था को लेकर सभी थाना क्षेत्रों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के बीट या मोहल्लों के लिए पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट रूप से सुरक्षा और निगरानी की जिम्मेदारी सौंपें। सभी बीट प्रभारी अपने निर्धारित क्षेत्र की विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और अपराध नियंत्रण के लिए सीधे तौर पर जवाबदेह होंगे।

डीआईजी कार्यालय से जारी आदेश संख्या 1171/गो. के अनुसार, यदि कोई परिवार लंबी अवधि के लिए अपने घर को बंद करके बाहर गया है, तो उस पर विशेष निगरानी रखी जाए। बीट प्रभारी ऐसे मकानों की सूची बनाएंगे और नियमित निरीक्षण करेंगे।

### रिपोर्टिंग सिस्टम होगा मजबूत

बीट प्रभारी अपने क्षेत्रों की स्थिति की रिपोर्ट नियमित रूप से थाना प्रभारी को देंगे। थाना प्रभारी इन रिपोर्टों का विश्लेषण कर किसी भी संभावित बड़ी घटना या तनाव की स्थिति में वरीय अधिकारियों को सूचित करेंगे। तदनुसार आवश्यक निर्देश प्राप्त कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### अवकाश में वैकल्पिक व्यवस्था अनिवार्य

किसी बीट प्रभारी के अवकाश पर जाने की स्थिति में उस क्षेत्र की सुरक्षा जिम्मेदारी किसी अन्य सक्षम पदाधिकारी को सौंपी जाएगी ताकि सुरक्षा में कोई चूक न हो। डीआईजी ने स्पष्ट किया है कि इन निर्देशों का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए। कर्तव्यनिष्ठा दिखाने वाले अधिकारियों को जहां सम्मानित किया जाएगा, वहीं लापरवाही बरतने पर कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई भी तय है।

### गश्त और जनता से संवाद की होगी जांच

सभी अंचल निरीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अपने अधीनस्थ थाना क्षेत्रों में गश्ती, पिकेट ड्यूटी और आमजन से संवाद की व्यवस्था का नियमित व आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। किसी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था या सूचना की उपेक्षा मिलने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## शहीद स्मारक की सफाई कर जताया विरोध कल किया जाएगा दूधाभिषेक और पुष्पांजलि

**मेदिनीनगर।** हुल दिवस से ठीक एक दिन पहले रविवार को हम पार्टी सेक्युलर की ओर से जिला अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने नावाटोली तालाब स्थित अमर शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा स्थल का दौरा किया और साफ-सफाई कार्य किया। इस दौरान उन्होंने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा कि पलामू जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को शहीदों के सम्मान की कोई चिंता नहीं है। प्रतिनिधिमंडल में जिला महासचिव भरत द्विवेदी, प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी मुकेश पाठक, सचिव वारिस आलम, युवा नेता अयान, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमजद खान, पूर्व जिला अध्यक्ष चंदन कुमार शामिल थे। इस दौरान लोजपा (रामविलास) के पलामू जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह भी अपने साथियों के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर आशुतोष तिवारी ने कहा कि पूरे झारखंड में हुल दिवस को लेकर तैयारी चल रही है, और यह दिन वीर शहीदों को स्मरण करने का अवसर होता है। उन्होंने कहा कि सिद्धू-कान्हू, चांद-भैरव, फूलो-झानो, बिरसा मुंडा और नीलांबर-पीतांबर जैसे महापुरुषों ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, लेकिन पलामू में उनकी स्मृति स्थलों की हालत बदहाल है। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर के बीचोंबीच स्थित शहीद नीलांबर-पीतांबर की प्रतिमा जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है और स्थानीय प्रशासन, सांसद, विधायक व अन्य प्रतिनिधि इसे लेकर पूरी तरह उदासीन हैं। उन्होंने बताया कि कल हुल दिवस के अवसर पर उक्त प्रतिमा स्थल पर दूध से अभिषेक कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि वीर शहीदों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यदि स्थानीय प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो पार्टी चरणबद्ध आंदोलन की राह पर आगे बढ़ेगी।

## पलामू क्लब में चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सैद्धांतिक चुनाव सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का सैद्धांतिक चुनाव रविवार को पलामू क्लब, डाल्टेनगंज में सम्पन्न हुआ। महासभा के इस सांगठनिक चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया। इस अवसर पर मतदान प्रक्रिया पूरी तरह लोकतांत्रिक माहौल में आयोजित की गई, जिसे ऐतिहासिक बताया जा रहा है। चुनाव पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह (प्रदेश महामंत्री, बिहार) के नेतृत्व में चुनाव सम्पन्न हुआ। उनके साथ प्रदेश कोषाध्यक्ष संजीत सिंह, युवा प्रदेश महामंत्री मंटू चंद्रवंशी, ओम प्रकाश चंद्रवंशी तथा विश्वकर्मा चंद्रवंशी जैसे वरिष्ठ पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। इस चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए दिलीप वर्मा, रंजन कुमार सिंह एवं किशोर कुमार वर्मा के बीच मुकाबला हुआ, जबकि युवा प्रदेश अध्यक्ष, झारखंड पद के लिए शक्ति रवानी एवं आकाश रवानी के बीच वोटिंग कराई गई। डाल्टेनगंज से मुकेश कुमार चंद्रवंशी, संजय किशोर सिंह, शैलेश चंद्रवंशी, सतीश चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, शंभु राम चंद्रवंशी, कृष्ण कुमार चंद्रवंशी, अमित चंदेल ने चुनाव संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई और पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## रथयात्रा के दूसरे दिन ठाकुरबाड़ी में भंडारा सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्षिक परंपरा के तहत रथयात्रा के दूसरे दिन रविवार को रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ का प्रसाद ग्रहण किया और धार्मिक माहौल में सहभागिता की।


प्रसाद ग्रहण करने वालों में पूर्व मेयर अरुणा शंकर, झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज सिंह, सतवीर सिंह राजा, बिपिन सिंह, उदय शुक्ला, दीपक तिवारी, नवीन तिवारी, लव तिवारी, मनु प्रसाद तिवारी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल थे।

मंदिर विकास समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि भगवान जगन्नाथ की यह रथयात्रा परस्पर संबंधों को सुदृढ़ करने वाली एक पुरानी परंपरा है। ठाकुरबाड़ी रेड़मा से रथयात्रा निकलकर बारालोटा स्थित जनकपुरी मंदिर जाती है, और अगले दिन बारालोटा के श्रद्धालु भगवान के रथ को पुनः रेड़मा लेकर आते हैं। इसी क्रम में दूसरे दिन जनकपुरी मंदिर में रेड़मा रथयात्रा समिति और ग्रामीणों को आमंत्रित कर भंडारा कराया जाता है, और तीसरे दिन रेड़मा ठाकुरबाड़ी में विशाल भंडारे का आयोजन होता है। यह परंपरा रेड़मा, बारालोटा और शहर के श्रद्धालुओं के बीच सौहार्द और आपसी भाईचारे को प्रगाढ़ करती है। भंडारे के सफल आयोजन में मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष विजय तिवारी, श्रीराम चरित मानस यज्ञ समिति के अध्यक्ष दिलीप तिवारी मिंटू, राकेश तिवारी, ललन तिवारी, बृजमोहन तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, रवि सांगा, अमित तिवारी (अधिवक्ता), प्रवीण तिवारी बंटू, अखिलेश तिवारी, राजन पंडित, संतोष तिवारी, कमल तिवारी सहित कई सदस्य सक्रिय रहे।

### मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल कार्यालय का हुआ उद्घाटन

## इंसाफ की राह पर चलने का पैगाम देता है मोहर्रम : राजेंद्र सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** रविवार को शहर के कन्नी राम चौक के पास मोहर्रम इंतजामिया कमेटी जेनरल के नवनिर्मित कार्यालय का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा के पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री गुलाम गौस उर्फ गुड्डू खान, झामुमो के जिला उपाध्यक्ष सन्नू सिद्दीकी, कमेटी के सदर महताब आलम उर्फ पिंटू राइन, संचालनकर्ता जीशान खान और मुस्तफा कमाल सहित कई पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग मौजूद थे। राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि मोहर्रम पर्व हमें अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष करने तथा इंसाफ की राह पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि सभी त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति के साथ मनाए जाने चाहिए। गुलाम गौस ने प्रशासनिक दिशा-निर्देशों के पालन पर जोर देते हुए कहा कि सभी आयोजन समिति के सदस्य नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करें। पूर्व सदर जीशान खान ने कहा कि आपसी एकता और सौहार्द के साथ मोहर्रम का आयोजन करते हुए एक बार फिर पलामू में गंगा-जमुनी तहज़ीब को मजबूती मिलेगी। इस दौरान हाजी शमीम, नूर मोहम्मद, नेयाज अहमद, इसरायल आजाद, इमामुद्दीन खान, रुस्तम सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार रखे। समारोह में पगड़ी पोशी के माध्यम से अतिथियों और समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। मो. कलाम, राजा अशरफी, मुन्ना खान, नसीम खान, रागिब खान, नक्की खान, अनवर अहमद, कयूम, इकबाल कुरैशी, नौशाद, मासूम अंसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## कचहरी परिसर में सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की बैठक संपन्न

- एक स्वर में वेतनमान की मांग, मसाल जुलूस व घेराव की तैयारी

**मेदिनीनगर।** रविवार को सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की जिला स्तरीय बैठक कचहरी परिसर में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में सहायक अध्यापक शामिल हुए और सरकार से समतुल्य वेतनमान की मांग को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कृष्णा यादव ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष अमलेश कुमार चौरसिया ने किया। मोर्चा के प्रदेश नेतृत्व से विनोद तिवारी बैठक में शामिल हुए।

वक्ताओं ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा चुनावों के दौरान पारा शिक्षकों को समान वेतनमान देने का वादा किया गया था, परंतु हर बार उन्हें छला गया है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक सभी प्रमुख मांगें – समतुल्य मानदेय, सेवा सुरक्षा, स्थायीत्व आदि – पूरी नहीं की जातीं, तब तक प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर मसाल जुलूस, रैलियों और घेराव जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

बैठक में रामरूप प्रसाद चौरसिया, सुरेंद्र पांडेय, विजय यादव, विनीत कुमार दुबे, अभिषेक शर्मा, रमेश पाल, सुरेंद्र सिंह, सुनील विश्वकर्मा, प्रेमचंद गुप्ता, संतोष पांडेय, मोहम्मद इसराइल, विजय चौधरी, विनय शर्मा, राजाराम सिंह समेत दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।



# खुथवा मोड़ पर टेंपो दुर्घटना में एक वर्षीय बालक की मौत, तीन घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** शनिवार को खुथवा मोड़-बांदु मुख्य मार्ग पर टेंपो के ओवरटेक के दौरान दो टेंपो की टक्कर में चुतरू पंचायत के दिनेश भुइंया का एक वर्षीय पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में नुरसाद अंसारी (35), कबूदरी देवी (65) और कइल मांझी (60) शामिल हैं। घायलों को रंका अस्पताल में भर्ती कराया गया। कांग्रेस नेता मेराज अहमद ने बताया कि 108 एंबुलेंस सेवा को कॉल करने के बावजूद मदद नहीं मिल सकी, जिसके बाद घायलों को निजी साधनों से अस्पताल लाया गया। घटना के बाद करीब एक घंटे तक सड़क जाम रही, जिसे पुलिस और प्रशासन ने समझा -बुझाकर खुलवाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए रंका ले जाया गया है।

## मैट्रिक-इंटर बोर्ड के टॉपर्स का सम्मान समारोह




**मुखिया फुलमंती देवी के सौजन्य से आयोजित हुआ कार्यक्रम**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** ज्ञान गंगा शिक्षण संस्थान, हासनदाग में रविवार को मुखिया फुलमंती देवी के सौजन्य से पंचायत के झारखंड बोर्ड परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र चौधरी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में छात्रों को प्रशस्ति पत्र, मोमेंटो, दीवार घड़ी व ?1100 नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिला इंटर कॉमर्स टॉपर रोहित कुमार चौधरी, पूजा कुमारी, रिमझिम कुमारी सहित कुल 20 विद्यार्थियों को सम्मान मिला। कार्यक्रम में शिवदत्त चौधरी, पत्रकार यासीन अंसारी, विवेकानंद चौबे, उपेंद्र चौबे आदि उपस्थित रहे।

## मेराल में बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो की मौत, तीन घायल



**मेराल (गढ़वा)।** डंडई रोड पर हारादाग मोड़ के समीप रविवार शाम करीब 7 बजे दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान हारादाग कला निवासी विकास चौधरी (२7 वर्ष) और रेजो गांव के दुनुखाड निवासी रौशन चौधरी (17 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना में रामचंद्र चौधरी, आशीष चौधरी और हीरामन चौधरी घायल हुए हैं, जिनमें से आशीष की स्थिति नाजुक होने पर उसे सदर अस्पताल गढ़वा से डाल्टनगंज रेफर कर दिया गया। सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए मेराल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर मृंगकेश मृदुल ने दो को मृत घोषित किया। बताया गया कि एक बाइक पर चार लोग सवार थे और रौशन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हीरामन चौधरी मसरा गांव का निवासी है और अपने मामा के यहां आया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। विधायक प्रतिनिधि डॉ. लालमोहन ने अस्पताल पहुंचकर पीड़ितों से मुलाकात की और स्थिति की जानकारी ली।

## चिरौंजिया मोड़ पर बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर, दंपती घायल



**गढ़वा।** रविवार को गढ़वा-नगर ऊंटारी मार्ग पर चिरौंजिया मोड़ के समीप बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में खजूरी गांव निवासी संतोष कुमार भुइंया और उसकी पत्नी सुनैना देवी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल संतोष ने बताया कि वे राशन लेने चिरौंजिया जा रहे थे, तभी सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

# खेत से चोरी हो गई ढाई लाख की सोलर प्लेट, चोर चप्पल छोड़ भागे



**▸ पीड़ित ने रंका थाना में दिया आवेदन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** प्रखंड अंतर्गत सोनदाग पंचायत के पाल्हे गांव में विनोद प्रजापति के खेत से अज्ञात चोरों ने कुसुम योजना के तहत लगे सोलर प्लेट की चोरी कर ली। चोरी गई चारों प्लेटों की कीमत लगभग ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। विनोद प्रजापति ने बताया कि बीती रात करीब 12:01 बजे अज्ञात चोरों ने खेत में घुसकर सोलर प्लेटों को उखाड़ लिया। चोर समर्सिबल मोटर भी निकालने का प्रयास कर रहे थे लेकिन सफल नहीं हुए। उन्होंने केसिन को क्षतिग्रस्त कर दिया और भागते समय अपनी चप्पल खेत में छोड़ गए। पीड़ित ने चप्पल के आधार पर चोरों की पहचान की कोशिश शुरू की है। उन्होंने रविवार सुबह 9 बजे रंका थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

## बारिश में ढहा गरीब का कच्चा मकान तिरपाल के नीचे गुजर रही रातें



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** पंचायत के ढेकुलिया गांव में हुई बारिश से अजीत ठाकुर का कच्चा खपरैल मकान ढह गया। मकान गिरने से सारा राशन व सामान मलबे में दब गया। अब अजीत अपने छोटे बच्चों और पत्नी के साथ तिरपाल के नीचे रातें बिताने को मजबूर है। अजीत मजदूरी कर परिवार पालते हैं और अबुआ आवास योजना में पत्नी रेखा देवी का नाम होने के बावजूद अब तक मकान नहीं मिला है। बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि लिखित आवेदन मिलने पर हरसंभव मदद की जाएगी।

## इटावा कांड के विरोध में खरौंधी में निकला आक्रोश मार्च

**● ओबीसी, एससी-एसटी समाज ने 'यादव सम्मान रैली' के रूप में दिखाया एकजुटता**




**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** उत्तर प्रदेश के इटावा में हुई अमानवीय घटना के विरोध में रविवार को खरौंधी में ओबीसी, एससी और एसटी समाज के लोगों ने 'यादव सम्मान रैली' निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। समाजसेवी बसंत यादव के नेतृत्व में चंदनी मोड़ से नावाडीह तक निकला यह आक्रोश मार्च, खरौंधी चौक पर एक जनसभा में तब्दील हो गया। झामुमो नेता धर्मराज पासवान ने कहा कि 'यह घटना आत्मसम्मान पर हमला है।' उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने कहा कि सामाजिक भेदभाव के खिलाफ हमें एकजुट होना होगा। वक्ताओं में उमेंद्र यादव, वरुण बिहारी यादव, मनोज यादव, अरविंद यादव, हिफाजत अंसारी, राजेश रजक समेत कई वक्ताओं ने घटना की निंदा की और संघर्ष का आह्वान किया। हजारों की भीड़ ने इस रैली में भाग लिया।

## भवनाथपुर के विकास सहाय को आईसीसी झारखंड का अध्यक्ष नियुक्त



**वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति की कमान संभालेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सेवानिवृत्त कर्मचारी वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र और चार्टर्ड अकाउंटेंट विकास रंजन सहाय को इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईसीसी) झारखंड राज्य परिषद की वित्त, कराधान एवं आर्थिक मामलों की समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। सीए सहाय ने भवनाथपुर माइंस हाई स्कूल और डीएवी स्कूल से प्रारंभिक शिक्षा के बाद पटना से सीए की डिग्री प्राप्त की। उनकी नियुक्ति झारखंड में आर्थिक सुधारों और पारदर्शी नीतियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। उनकी नियुक्ति पर प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा, शिक्षक आरएन द्विवेदी, रमेश तिवारी, मुकेश शुक्ला सहित अनेक लोगों ने बधाई दी।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत, गांव में पसरा मातम

**मझिआंव (गढ़वा)।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत ऊंचरी गांव निवासी उदय राम के पुत्र आकाश कुमार राम (18 वर्ष) की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में मातम छा गया। स्थानीय लोगों ने शव को तालाब से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेजा गया। समाजसेवी मारुति नंदन सोनी ने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए सरकार से मुआवजे की मांग की है।

## लखेया मोड़ से हाई स्कूल तक की सड़क दो साल में ही जर्जर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के लखेया मोड़ से हाई स्कूल तक जाने वाली मुख्य सड़क निर्माण के महज दो वर्षों के भीतर ही क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जलजमाव से स्थिति और भी बदतर हो गई है। यह सड़क रजक कंस्ट्रक्शन द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनाई गई थी। अब इसकी हालत यह है कि राहगीरों के साथ स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राएं आए दिन गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय निवासी अखिलेश प्रजापति और मनोज दास ने बताया कि सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब थी, जो अब खुलकर सामने आ रही है। दुकानदारों को भी जलजमाव से व्यापार प्रभावित हो रहा है। विधायक प्रतिनिधि लालमोहन ने कहा कि यह सड़क विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के पिछले कार्यकाल में स्वीकृत हुई थी और पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर के समय में बनी थी। ग्रामीण कार्य विभाग के एसडीओ अंकुर कुमार ने कहा कि यह सड़क उनके कार्यकाल से पहले बनी थी, फिर भी वे इसकी जांच कराएंगे।

## अधूरे पुलिया निर्माण से परेशान ग्रामीण, 20 किमी घूमकर जाना पड़ रहा मुख्यालय

**रंका।** तमगे पंचायत के सिवान एवं कुधरूम गांव में पिछले दो वर्षों से पुलिया निर्माण अधूरा पड़ा है। ठेकेदार की लापरवाही से ग्रामीणों को रंका मुख्यालय जाने के लिए 15 से 20 किलोमीटर की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। पूर्व मुखिया सुधीर कुजूर ने बताया कि इस स्थिति से न सिर्फ ग्रामीण बल्कि विद्यालय के 500 से 1000 बच्चे भी प्रभावित हैं। बीडीओ शुभम बेला टोपनो से संपर्क करने पर उनका फोन फॉरवर्ड हो गया। एसडीएम रुद्र प्रताप ने जानकारी नहीं होने की बात कही लेकिन शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। ठेकेदार से संपर्क करने पर उनका नंबर व्यस्त मिला।

# धुरकी थाना में मोहर्रम को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** रविवार को धुरकी थाना परिसर में मोहर्रम पर्व को लेकर धुरकी एवं सगमा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, ताजिया अखाड़ा प्रतिनिधियों और प्रबुद्धजनों के साथ शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी एवं निरीक्षण प्रभारी रत्न कुमार सिंह ने की। सीओ ने कहा कि मोहर्रम शहादत का प्रतीक पर्व है और इसे शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। वहीं, पुलिस निरीक्षक ने कहा कि सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है और कोई भी भड़काऊ पोस्ट अथवा टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि सभी अखाड़ा जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से ही निकालें और किसी भी विवाद की स्थिति न बनने दें। बैठक का संचालन झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इसराइल खान ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता मोबीन अंसारी, भाजपा नेता दामोदर जायसवाल, मुखिया महबूब अंसारी, बीडीसी प्रतिनिधि कमलेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## विश्रामपुर गिरजाघर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वास्थ्य हेतु मीसा प्रार्थना



**नवीन मेल संवाददाता**

**रंका।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष आशीष गुप्ता के नेतृत्व में रविवार को विश्रामपुर गिरजाघर में झारखंड के पुरोधा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष मीसा प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। बताया गया कि शिबू सोरेन इन दिनों दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में इलाजरत हैं। सभा में फादर नोर्बर्ट व श्रील कुजूर द्वारा प्रार्थना कर ईश्वर से उनकी शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। मौके पर झामुमो के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे जिनमें ज्योति लकड़ा, जगदीश टोप्पो, मंजर अंसारी, शुभांगी टोप्पो, ललिता मिंज, दिलीप मिंज, कृपा कुजूर सहित अन्य शामिल थे।

## 'कॉफी विद एसडीएम' में मुहर्रम को लेकर संवाद


**◂◂ डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध, जुलूस के लिए प्रशासनिक दिशा-निर्देश साझा**




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** रविवार को एसडीएम संजय कुमार की अध्यक्षता में ₹कॉफी विद एसडीएम₹ कार्यक्रम के विशेष सत्र का आयोजन हुआ जिसमें मुहर्रम अखाड़ों, इन्तेजामिया कमेटियों और विभिन्न धार्मिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में जल, सफाई, ट्रैफिक, स्वास्थ्य, अग्निशमन, सुरक्षा और सोशल मीडिया से जुड़ी मुद्दों पर चर्चा हुई। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि डीजे बजाने पर न्यायालय के आदेशानुसार पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में सिराज खान, तबीब आलम, असरुद्दीन खान, इस्लाम अंसारी, महफूज कुरैशी, एसडीपीओ नीरज कुमार व प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीव मंडल भी उपस्थित रहे।

## खेत में मूंग तोड़ रही महिला को सांप ने डसा, सदर अस्पताल रेफर



**गढ़वा।** नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र अंतर्गत जसादामर गांव निवासी समारू पाल की पत्नी फीता देवी को खेत में काम के दौरान सांप ने डस लिया। वह मूंग तोड़ रही थीं, तभी बाएं पैर में सांप ने काट लिया। परिजनों ने उन्हें नगर ऊंटारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है।

**ग्रामीण चेतना**

### हेताड़कला में ग्रामीणों ने पेश की अनूठी मिसाल

# सामूहिक वनरोपण कर जताया सामुदायिक वन अधिकार पर दावा



**नवीन मेल संवाददाता**

**चिनिया।** हेताड़कला गांव के ग्रामीणों ने रविवार को सामूहिक वनरोपण कर सामुदायिक वन अधिकार की दिशा में एक अनोखी पहल की। हेताड़कला की सामुदायिक वन प्रबंधन समिति के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में चिनिया, रमकंडा, रंका, भंडारिया और बरगढ़ प्रखंडों से सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से करीब 1,100 स्थानीय पौधे जैसे आम, नीम, करंज, अमरूद, गंभार, कटहल, बांस, डोरी और बकेन लगाए। बारिश के बीच गीत गाते हुए ग्रामीणों ने प्रकृति के प्रति प्रेम और अपने अधिकारों के प्रति सजगता का परिचय दिया। कार्यक्रम से पूर्व वन विभाग के कर्मचारी 4-5 ट्रैक्टरों में पौधे और मजदूर लेकर स्थल पर पहुंचे थे, लेकिन ग्रामीणों ने उन्हें रोकते हुए स्पष्ट किया कि जब तक उन्हें सामुदायिक वन अधिकार नहीं दिया जाता, तब तक विभागीय पौधरोपण की अनुमति नहीं दी जाएगी। ग्रामीणों ने सीड बॉल विधि के माध्यम से जंगल में इमली और डोरी के बीज भी बिखेरे, यह सुनिश्चित करते हुए कि सिर्फ स्थानीय प्रजातियों के ही पौधे लगाए जाएं। इस अभियान में महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। कविता सिंह खरवार ने वन विभाग के रेंजर से सख्त लहजे में कहा कि यदि विभाग को नर्सरी लगानी है, तो पहले उस स्थान पर सूचना पट लगाना होगा जिसमें सभी खर्चों का विवरण अंकित हो। इस अवसर पर स्टेट सोशल ऑडिट के सदस्य जेम्स हेरेंज ने वनाधिकार कानून की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के केंद्रीय सचिव फिलिप कुजूर, केंद्रीय सदस्य सुनील मिंज, जिला अध्यक्ष चैतू सिंह खरवार, प्रखंड अध्यक्ष अजय सिंह खरवार, ग्राम प्रधान रामेश्वर सिंह खरवार समेत अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक सम्पन्न, संगठन विस्तार पर बल



**नवीन मेल संवाददाता**

**सगमा।** सगमा प्रखंड के भैया रूद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय परिसर में झामुमो की प्रखंड स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष हरिदास यादव ने की। जिला उपाध्यक्ष श्रवण सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व की प्रशंसा की। बैठक में झामुमो प्रखंड कमेटी के विस्तार के साथ संगठन को मजबूत करने पर विशेष चर्चा हुई। कार्यक्रम के अंत में कार्यकताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उपस्थित प्रमुख नेताओं में गुलाम नबी अंसारी, चंद्रमणि यादव, हीराचंद यादव, अजय राम, राजेश यादव, विजय यादव, अशोक चौबे, विनोद ठाकुर समेत अनेक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# पूर्णापानी गांव में जंगली हाथियों ने मचाया तांडव, कई घर व फसलें बर्बाद

● ग्रामीणों में दहशत, वन विभाग ने शुरू किया सर्वेक्षण

नवीन मेल संवाददाता






**बालूमाथ।** शनिवार की रात बालूमाथ प्रखंड के धाधू अंतर्गत पूर्णापानी गांव में जंगली हाथियों के एक झुंड ने भारी तबाही मचाई। लगभग एक दर्जन हाथियों ने रात के समय गांव में प्रवेश कर आम के बागान, खेत, घर और चारदीवारी को नुकसान पहुंचाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों ने शीतल उरांव, जोगेंद्र उरांव, उदय उरांव, सुकरा उरांव और धर्मा उरांव की बागवानी नष्ट कर दी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। इसके अलावा सांबो देवी और प्रदेशी उरांव के मकानों को भी क्षति पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि हाथियों का झुंड आधी रात को गांव में घुसा और खेतों के साथ-साथ घरों को रौंदने लगा। किसी तरह ग्रामीणों ने जान बचाई। सूचना मिलते ही झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष औरंगजेब खान, मुखिया प्रतिनिधि रामवृक्ष उरांव, पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र उरांव और झारखंड आंदोलनकारी महावीर उरांव मौके पर पहुंचे और प्रभावित परिवारों से मुलाकात की। उन्होंने वन विभाग से शीघ्र मुआवजा देने और हाथियों को खदेड़ने की मांग की। वन विभाग की टीम गांव पहुंचकर सर्वेक्षण कर रही है और मुआवजा सूची तैयार की जा रही है। फिलहाल गांव में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है।

## बेतला में विधायक ने भवन, छात्रावास जीर्णोद्धार का किया शिलान्यास



● अखरा मैदान में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम सम्पन्न

नवीन मेल संवाददाता

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत अखरा मैदान में विधायक सह सभापति रामचंद्र सिंह ने चारदीवारी, भवन और छात्रावास के जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, यूथ कांग्रेस प्रदेश समन्वयक विजय बहादुर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के उपरांत विधायक ने निर्माण कार्य प्रारंभ करने की घोषणा की। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, रवींद्र राम, प्रेम सिंह, अनिल सिंह, दीपू तिवारी, हेसामूल अंसारी, समसूल अंसारी, अनवर अंसारी, मो. मंसूर आलम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## बारियातू में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा को लेकर कमेटी गठित

● हेरहंज और बारियातू प्रखंडों में संयोजक, सचिव, कोषाध्यक्ष व सदस्य चयनित

नवीन मेल संवाददाता



**हेरहंज/बारियातू।** अखिल विश्व गायत्री शांति कुंज, हरिद्वार के निर्देश पर रविवार को हेरहंज स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पलामू उपजोन प्रभारी रामलखन सिंह, शक्तिपीठ प्रभारी सुशील प्रसाद यादव एवं जिला संयोजक संतोष कुमार सिन्हा ने की।

हेरहंज प्रखंड के लिए कैलाश कुमार ठाकुर को संयोजक, श्यामलाल गोस्वामी को सचिव, जीतेन्द्र यादव को कोषाध्यक्ष तथा प्रेम जायसवाल, विनय वर्मा, मिथिलेश प्रसाद, प्रदीप जायसवाल और जीतेन्द्र प्रसाद को सदस्य मनोनीत किया गया।

इसी क्रम में बारियातू प्रखंड के रामजानकी मंदिर में भी बैठक हुई जिसमें पुरषोत्तम शर्मा को संयोजक, जनार्दन पांडेय को सचिव, विनोद मिश्रा को कोषाध्यक्ष तथा राधा देवी, चंद्रावती देवी, इंदू देवी, संगीत देवी और कोमल प्रजापति को सदस्य चुना गया। यह परीक्षा स्कूली छात्रों को भारतीय संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने हेतु देव संस्कृति विश्वविद्यालय, शांतिकुंज, हरिद्वार द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है। बैठक में प्रभाष गुप्ता, आलोक चौरसिया समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में सांसद ने कहा रोगी को निरोग बनाना पुण्य कार्य

नवीन मेल संवाददाता






**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में रविवार को निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। उद्घाटन करते हुए सांसद कालीचरण सिंह ने कहा कि रोगी को निरोग बनाना सबसे बड़ा पुण्य है। उन्होंने डॉक्टरों को भगवान का दूसरा रूप बताया।

सांसद ने कहा कि स्वास्थ्य उनकी प्राथमिकता है और वे चाहते हैं कि 'स्वस्थ लातेहार, समृद्ध लातेहार' का सपना साकार हो। उन्होंने शिविर में आए सभी चिकित्सकों का आभार जताया और कहा कि गरीबों को राहत देने वाले ऐसे प्रयास सराहनीय हैं।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अवधेश सिंह, भाजपा अध्यक्ष पंकज सिंह, सांसद प्रतिनिधि अमलेश सिंह, राकेश दुबे, बंशी यादव, अधिवक्ता राजीव पांडेय, गोविंद प्रसाद समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मानसून की अच्छी बारिश से किसानों में खुशी की लहर

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** जिले में मानसून की जोरदार शुरुआत से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। अधिकांश तालाब, नाले और चेक डैम लबालब भर गए हैं। किसान खेतों की तैयारी में जुट गए हैं और कृषि विभाग ने बीज वितरण में तेजी ला दी है। खरीफ सत्र में धान की खेती का लक्ष्य 14,000 हेक्टेयर, मक्का 2,000 हेक्टेयर, अरहर 500, उड़द 250, मूंग 50 और मूंगफली 133 हेक्टेयर तय किया गया है। बीजों पर 50 प्रतिशत अनुदान मिल रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह ने बताया कि बिरसा फसल विस्तार योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत आधुनिक खेती को बढ़ावा देने हेतु 100 प्रतिशत अनुदान पर भी बीज दिए जा रहे हैं। किसानों को एफपीओ, लैम्पस और अधिकृत विक्रेताओं से बीज लेने की सलाह दी गई है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पारंपरिक खेती को आधुनिक तरीके से करें ताकि उन्हें अधिक लाभ मिल सके।

## वक्फ बचाओ दस्तूर बचाओ कॉन्फ्रेंस में भाग लेने बालूमाथ से पटना रवाना हुआ मुस्लिम युवकों का जत्था

● काले कानून के विरोध में जताया एकजुटता का संकल्प




**बालूमाथ।** रविवार की सुबह मुस्लिम यूथ कमिटी, बालूमाथ की ओर से दर्जनों युवक पटना के गांधी मैदान में आयोजित वक्फ बचाओ दस्तूर बचाओ कॉन्फ्रेंस में भाग लेने के लिए रवाना हुए। यह जत्था जामा मस्जिद परिसर से बस और अन्य गाड़ियों के माध्यम से रवाना हुआ।

कमिटी के सदस्य मो. इमरान, मो. मिनतुल्लाह, मो. शाहनवाज, मो. तौफीक, हाजी आफताब आलम, मो. नौशाद, उस्मान सनम, मौलाना जुबैर, मो. जुल्फिकार, हाफिज शाहबाज और रिंकू खान समेत कई युवाओं ने इस कांफ्रेंस को सफल बनाने में सहभागिता निभाई।

उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि वक्फ से संबंधित प्रस्तावित कानून को तुरंत वापस लिया जाए। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि यह कानून रद्द नहीं किया गया, तो देशव्यापी आंदोलन किया जाएगा। युवाओं ने भरोसा जताया कि मामला न्यायालय में लंबित है और न्याय की उम्मीद है।

## प्रतापपुर-हंटरगंज मुख्य मार्ग फिर संकट में, अस्थाई मरम्मत हुई फेल

**प्रतापपुर (चतरा)।** लगातार बारिश के कारण प्रतापपुर से हंटरगंज मार्ग पर गोमे गांव के पास सड़क का बड़ा हिस्सा फिर से बहने की कगार पर है। पीडब्ल्यूडी द्वारा अस्थाई रूप से बालू-भूसी से की गई मरम्मत बारिश में बह गई है। स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है और उन्होंने स्थायी समाधान की मांग की है। विशेषज्ञों का मानना है कि गार्डवाल जैसी संरचना से ही कटाव को रोका जा सकता है।

## 77 वर्षों बाद भी चांदली ग्राम में सड़क और पुल की समस्या यथावत

● भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने डीसी से की निर्माण की मांग

नवीन मेल संवाददाता



**बालूमाथ।** भगिया पंचायत के चांदली मुंडा टोला का दौरा कर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने सड़क और पुल निर्माण की मांग को दोहराया। उन्होंने कहा कि आजादी के 77 वर्ष बीतने के बावजूद यहां के लोग सड़क और पुल जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

बरसात में स्थिति और खराब हो जाती है, जब हल्की बारिश में ही सड़क टूट जाती है और प्रखंड मुख्यालय जाना कठिन हो जाता है। कुशवाहा ने लातेहार डीसी उत्कर्ष गुप्ता से शीघ्र निर्माण की मांग की।

## बिजली समस्या को लेकर भाजपा नेताओं ने किया प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता



**लातेहार।** शहरी और ग्रामीण इलाकों में बिजली की लगातार हो रही कटौती से नाराज भाजपा नेताओं ने शनिवार शाम बिजली कार्यालय पहुंचकर अधिकारियों से बात की। भाजपा उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कार्यपालक अभियंता राजदेव मेहता से जवाब मांगा।

अभियंता ने बताया कि शीघ्र ही बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी। भाजपा नेताओं ने चेतावनी दी कि सुधार नहीं होने पर आंदोलन होगा। दुबे ने उपायुक्त को भी जानकारी देते हुए कहा कि बरसात शुरू होते ही बिजली की आंख-मिचौली बढ़ गई है, जिससे आमजन परेशान हैं।

मौके पर मुकेश पांडेय, गौरव दास, मिलन शुक्ला समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**परेशानी** सरजू भुइयां का पूरा परिवार प्लास्टिक के सहारे बारिश में रहने को विवश

# आफत बनकर आयी बारिश, गरीबों का आशियाना ढहा

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** शनिवार की रात हुई मूसलाधार बारिश ने बारियातू प्रखंड क्षेत्र में कई गरीब परिवारों का आशियाना छीन लिया। चुम्बा गांव निवासी सरजू भुइयां, प्रदीप राम और सिबला पंचायत के युगेश्वर यादव के मिट्टी-खपरैल घर गिर गए। सरजू भुइयां का पूरा परिवार अब प्लास्टिक की चादर के सहारे बारिश में जीवन यापन कर रहा है। समाजसेवी मुकेश राम ने बताया कि सरजू मजदूरी कर गुजर-बसर करता है और अब उसका परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन गुजार रहा है। युगेश्वर यादव का घर भी बारिश में भरभरा कर गिर गया, जिसमें उनकी खाने-पीने की सामग्री दबकर नष्ट हो गई। उनके भाई रामजीत यादव घर गिरने से मिट्टी में दब गए और घायल हो गए। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बचाया गया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से आवास योजना के तहत मदद की गुहार लगाई है।

### भारी बारिश से कुटमू गांव का बड़का पुल बहा, आवागमन ठप



**बेतला (लातेहार)।** सरईडीह पोखरी कला को जोड़ने वाला कुटमू गांव का मुख्य पुल शनिवार को भारी बारिश के चलते बह गया। इससे बेतला-छिपादोहर मार्ग सहित केड़ रोड पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी इस पुल को वर्षा से क्षति हुई थी, लेकिन मरम्मत अधूरी रही। सरईडीह मार्ग अत्यधिक व्यस्त रहता है और पुल टूटने से पूरे इलाके की यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

## महुआडांड़ में एक्सिस बैंककर्मी ने फांसी लगाकर दी जान

**महुआडांड़।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के पीछे एक किराए के मकान में पटना निवासी मिथलेश ठाकुर (32) ने शनिवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे एक्सिस बैंक में ऑपरेशन हेड के पद पर कार्यरत थे। मकान मालिक की सूचना पर रविवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि आत्महत्या का कारण पारिवारिक विवाद हो सकता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज बॉक्स

### कांग्रेस का संगठन सृजन चिंतन मंथन कार्यक्रम संपन्न

**लातेहार।** बरवाडीह और मनिका में कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन चिंतन मंथन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता दरोगी यादव ने की और संचालन विश्वनाथ पासवान ने किया। मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में कांग्रेस का ऐतिहासिक योगदान रहा है। इस मौके पर प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया। दरोगी यादव को अध्यक्ष, संजय सिंह को महासचिव, अंजू यादव, गुलाम हुसैन, शीला देवी आदि को विभिन्न पदों पर मनोनीत किया गया। सभी को नियुक्ति पत्र विधायक और प्रभारी नेताओं द्वारा सौंपा गया। मौके पर कई जिला व प्रखंड स्तरीय नेता उपस्थित थे।

### चमातू गांव में विस्थापितों ने विकास व रोजगार को लेकर बनाई समिति



**विस्थापित भू-रैयत चेतलाल रामदास को बनाया गया अध्यक्ष**

**बालूमाथ।** प्रखंड क्षेत्र के मगध विस्थापित ग्राम चमातू के ग्रामीणों ने क्षेत्र के समग्र विकास, मुआवजा, रोजगार एवं पुनर्वास जैसी समस्याओं को लेकर बैठक की। चेतलाल राम की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सैकड़ों विस्थापित ग्रामीणों ने भाग लिया और सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया। नवगठित समिति में चेतलाल रामदास को अध्यक्ष, त्रिवेणी साव को महासचिव, संतोष कुमार को सचिव तथा खुशियाल साव को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सीसीएल से विस्थापन नीति के तहत रोजगार एवं क्षेत्रीय विकास की रणनीति अगली बैठक में तय की जाएगी। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की और कहा कि अगर समय पर समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की रणनीति भी बनाई जाएगी।

### जुए की लत से बारियातू की युवा पीढ़ी खतरे में

**बारियातू।** बारियातू प्रखंड मुख्यालय के सरकारी जोत व अन्य स्थानों पर खुलेआम चल रहे जुए के अड्डों से क्षेत्र का सामाजिक वातावरण खराब हो रहा है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक समाजसेवी ने बताया कि पांच-पांच सौ के नोटों से जुआ खेला जा रहा है, जिससे परिवारों में आर्थिक तंगी और कलह बढ़ रहा है। कई घरों में बच्चों की फीस और दवा के पैसे तक नहीं बचते, लेकिन जुआड़ी अपनी लत में लिप्त रहते हैं। बेतलाः भारी बारिश से कुलही डैम का बांध टूटा, किसानों को भारी नुकसान

### तालाब से निकली मछलियां ग्रामीणों ने जुटाई बाल्टियों में

**बेतला (लातेहार)।** बरवाडीह प्रखंड के कुलही डैम का बांध शनिवार को अत्यधिक बारिश के कारण टूट गया, जिससे लाखों की संपत्ति और किसानों को नुकसान हुआ है। स्थानीय किसान करार अंसारी, सतनारायण सिंह, वीरेंद्र सिंह व संतोषी सिंह ने बताया कि करीब 30 वर्ष पूर्व निर्मित यह डैम मछली पालन और सिंचाई के लिए अत्यंत उपयोगी था। बांध टूटने के कारण मछलियां बहकर बाहर आ गईं, जिसे ग्रामीण बाल्टी व तोलिए लेकर पकड़ते देखे गए। विधायक रामचंद्र सिंह ने स्थल का दौरा किया और जल्द डैम की मरम्मत का आश्वासन दिया।

### ब्राह्मण समाज ने सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

**गिद्धौर (चतरा)।** कन्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज की बैठक रविवार को बटेश्वर मंदिर प्रांगण में हुई, जिसमें सड़क दुर्घटना में मृतक कृष्णा पांडेय के परिजनों की आर्थिक सहायता का निर्णय लिया गया। कृष्णा पांडेय के परिवार की स्थिति अत्यंत दयनीय है—पत्नी पैर से विकलांग, पुत्री पूर्ण रूप से विकलांग और पुत्र मानसिक रूप से अक्षम है। समाज ने निर्णय लिया कि दिवंगत के श्राद्धकर्म में पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

### बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी स्कूल प्रिंसिपल जेल भेजे गए

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया अनुमंडल में संचालित एक आवासीय विद्यालय के प्रधानाचार्य को छात्रा से छेड़खानी के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शनिवार को विद्यालय की कई छात्राएं विरोध में सिमरिया चौक पहुंची थीं। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### 20 दिन बीतने के बाद भी बाल गृह में बंद 12 किशोर, परिजन परेशान

**चतरा।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र से रेस्क्यू किए गए 12 किशोर बीते 20 दिनों से बाल गृह में बंद हैं, लेकिन अब तक न उन्हें बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया और न ही उनकी श्रेणी का निर्धारण हुआ है। किशोर न्याय अधिनियम का घोर उल्लंघन करते हुए इन्हें बिना प्रक्रिया के बाल गृह में रखा गया है। परिजन लगातार बाल संरक्षण इकाई व बाल गृह के चक्कर काट रहे हैं लेकिन किसी को जवाब नहीं मिल रहा। यह मामला जिला बाल संरक्षण इकाई की लापरवाही को उजागर करता है।

### महाविद्यालय स्थापना दिवस पर रिले रेस और क्विज प्रतियोगिता आयोजित

**चतरा।** चतरा महाविद्यालय के 65वें स्थापना दिवस पर रिले रेस और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। खेल प्रतियोगिता में संदीप राणा, ओम यादव, अनिशा कुमारी, प्रतिमा कुमारी सहित अन्य विजेता बने। क्विज प्रतियोगिता में तिलका मांझी, सिद्धू कान्हू, गंगा नारायण जैसे ग्रुप बनाए गए थे। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रो. बालेश्वर राम, डॉ. मुमताज अंसारी सहित अन्य प्राध्यापकों ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### होटलों से बच्चों को छुड़ाकर पढ़ाई से जोड़ा बाल संरक्षण विभाग को दिखाया आईना

**इटखोरी/चतरा।** एंटी क्राइम एंड ह्यूमन राइट प्रोटेक्शन काउंसिल ऑफ इंडिया की चतरा इकाई ने रविवार को इटखोरी के भद्रकाली मंदिर परिसर के पास होटलों में काम कर रहे बच्चों को रेस्क्यू कर उनके अभिभावकों को सौंपा। जिला कार्यकारी अध्यक्ष संजीत कुमार के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। टीम ने होटल मालिकों को समझाते हुए कहा कि बच्चों को बाल श्रम से दूर रखकर शिक्षा का अवसर दें। इस सराहनीय पहल से न सिर्फ बच्चे स्कूल लौटेंगे, बल्कि यह कार्य जिला बाल संरक्षण इकाई को भी सवालों के घेरे में खड़ा करता है। संस्था ने यह दिखा दिया कि यदि इच्छा शक्ति हो तो बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ा जा सकता है। वहीं, यह कार्रवाई किशोर न्याय अधिनियम और आदर्श नियमों के सही क्रियान्वयन की भी मिसाल बन गई है।


### शपथ पत्र

मैं, जितेन्द्र मेहता पिता स्व. राम प्रसाद मेहता, ग्राम-सिमरसोत, पो.-कुकही, थाना-हैदरनगर, जिला -पलामू, झारखंड का निवासी हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सिंटु कुमार के आधार कार्ड संख्या 913941813441 है और जन्म तिथि 01/01/2009 दर्ज है, जिसमें नाम व जन्म तिथि दोनों गलत है। मेरा पुत्र का सही नाम आशिष कुमार एवं जन्म तिथि 07/06/2011 है। इसका सभी तरह के शैक्षणिक एवं जन्म प्रमाण पत्र में नाम आशिष कुमार दर्ज है। सिंटु कुमार पिता जितेन्द्र मेहता जन्म तिथि 01/01/2009 एवं आशिष कुमार पिता जितेन्द्र मेहता जन्म तिथि 07/06/2011 दोनों एक ही व्यक्ति है। सिंटु कुमार व आशिष कुमार दोनों एक व्यक्ति है तथा आशिष कुमार के नाम से जाना एवं पहचाना जाएगा।

शपथ पत्र संख्या : 07/5582 दिनांक : 28/06/2025

## 10 जुलाई से ए डिवीजन जिला फूटबाल लिग होगा आरम्भ

**लोहरदगा।** जिला फुटबाल संघ लोहरदगा के तत्वाधान मे ए डिविजन लोहरदगा जिला फुटबाल लिग प्रतियोगिता भव्य रूप से शुरू कराने को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक फुलदेव उराँव की अध्यक्षता मे समपन्न हुई । बैठक मे सर्व सहमति से निर्णय लिया गया की 10 जुलाई से ए डिविजन जिला फुटबाल लिग प्रतियोगिता नदिया स्कूल मिनी स्टेडियम मे आरम्भ किया जायेगा इस निमित प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली टीमो को दिनांक 30/6/25 से 5/7/25 तक रजिस्ट्रेशन करा लेना है । समय अवधि समाप्त होने के बाद नामकन नही किया जायेगा जो भी टीम लिग प्रतियोगिता में भाग लेना चाहती हैं वह जिला फुटबाल संघ के सचिव सैयद जाहिद अहमद पावरगज मोबाईल न० 9471301777, अनिल मुण्डा किस्को मो० न 9608121940, तबारक अंसारी सेन्हा मो० 9304768894, एवं सदीप उराव नदिया होस्टल मो० 9608690644से सम्पर्क कर ले । प्रतियोगिता के सफल संचालन हेतू जिला फुटबाल संघ लोहरदगा की अगली बैठक की तिथी 6.7.2025 को होगी। बैठक में मुख्य रूप से जिला फुटबाल संघ लोहरदगा के सचिव सैयद वीरेंद्र यादव, रणवीर उराव इत्यादि उपस्थित थे।

# बीच सड़क पर जल जमाव से नागरिकों को भारी परेशानी

## नगर प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शहर के न्यू माजाद बस्ती और अली नगर कुटमू को जोड़ने वाली पुल के समीप सड़क पर लगातार हो रहे जलजमाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। बरसात के मौसम में यह समस्या और भी विकराल रूप ले चुकी है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ लोगों की लापरवाही और नगर प्रशासन की उदासीनता के कारण यह स्थिति उत्पन्न हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि डॉ. वसीम द्वारा जल निकासी का रास्ता बंद कर देने से बारिश का पानी बीच सड़क पर कई फीट तक जमा हो जाता है। इस रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे, दिहाड़ी मजदूर, महिलाएं, बुजुर्ग, नमाज अदा करने वाले लोग तथा आम राहगीर गुजरते हैं। साफी एकेडमिक इंग्लिश मीडियम स्कूल और मदरसा दीनिया रशीदिया में पढ़ने वाले बच्चों के लिए यह जलजमाव जानलेवा बनता जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार डॉ. वसीम से जल निकासी का रास्ता खोलने की अपील की, लेकिन उन्होंने किसी की बात नहीं सुनी। नगर परिषद के अधिकारियों और पूर्व पार्षद को भी कई बार मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मुहल्लावासियों का कहना है कि यह जलजमाव पुल और सड़क निर्माण में की गई गंभीर अनियमितता का परिणाम है। पुल को ऊंचा और सड़क को नीचा बना दिया गया, जिससे पानी निकलने का रास्ता ही बंद हो गया है। नागरिकों ने नगर प्रशासन से यह मांग की है कि कम-से-कम 25 फीट लंबी इस सड़क को दो फीट ऊंचा कर दिया जाए, ताकि जलजमाव से राहत मिल सके। स्थानीय लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ता जा रहा है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।



### बरसात में कुडू बाजार टांड़ बना तालाब, जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कुडू (लोहरदगा)।** लगातार बारिश ने कुडू बाजार टांड़ के लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पूरे क्षेत्र में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे न केवल स्थानीय लोग, बल्कि खरीदारी के लिए आने वाले ग्राहक भी परेशान हैं। कई ग्राहक तो बाजार तक पहुंचने से पहले ही वापस लौट जा रहे हैं। स्थानीय निवासी राजेश प्रसाद का कहना है कि हर साल बरसात में यही हाल होता है। नालियों की कोई समुचित सफाई नहीं होती, जिससे पूरा पानी सड़क पर जमा हो जाता है। इससे दुकानदारों का व्यापार चौपट हो रहा है और राहगीरों को भी काफी दिक्कत होती है।

## नवडीहा और तेतरपोका में बारिश में ढहा गरीबों का आशियाना



**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश ने गरीबों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। शनिवार की रात भीठा पंचायत के तेतरपोका गांव और नवडीहा में दो कच्चे मकान बारिश की भेंट चढ़ गए। हालांकि, इन हादसों में किसी की जान नहीं गई, लेकिन पीड़ित परिवारों का आशियाना पूरी तरह तबाह हो गया। तेतरपोका गांव निवासी झलकु मीरदाहा और उनकी पत्नी मेहरून निशा मजदूरी कर किसी तरह जीवन यापन करते हैं। उनका कच्चा मकान पहले से ही कमजोर था और बीते दिनों की तेज बारिश से मकान की दीवारों में दरारें पड़ गई थीं। शनिवार की रात हुई तेज बारिश के दौरान अचानक मकान की छत भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही कि समय रहते पूरा परिवार मकान से बाहर निकल गया, जिससे जान की क्षति नहीं हुई। इसी तरह नवडीहा निवासी नरेश उरांव का भी कच्चा घर शनिवार की बारिश में ढह गया। हादसे के समय परिवार घर में ही था, लेकिन किसी तरह सभी सदस्य सुरक्षित बाहर निकल सके। हादसे के बाद पीड़ित परिवारों ने अपने स्तर से मलबे में दबे सामान को निकालने की कोशिश की, लेकिन अधिकतर घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### प्रस्तावना से 'समाजवाद' और 'धर्मनिरपेक्षता' शब्द हटाने की मांग तेज



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश सिंह ने संविधान की प्रस्तावना से "समाजवाद" और "धर्मनिरपेक्षता" जैसे शब्दों को हटाने की मांग का समर्थन किया है। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह श्री दत्तात्रेय हुसबोले के बयान का समर्थन करते हुए इसे वर्तमान समय की जरूरत बताया और इस पर राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक बहस कराने की बात कही। ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 1975 में आपातकाल के दौरान जब संपूर्ण विपक्ष को जेल में डाल दिया गया था, उस समय इन शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में जोड़ दिया गया, जबकि इस पर संसद में कोई स्वस्थ चर्चा तक नहीं हुई। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक और न्यायविरुद्ध बताया। भाजपा नेता ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा होती है, और विश्व के किसी भी देश ने अपनी प्रस्तावना में इस प्रकार परिवर्तन नहीं किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर भी संविधान में "समाजवाद" और "धर्मनिरपेक्षता" शब्दों को शामिल करने के पक्ष में नहीं थे और न ही वे अनुच्छेद 370 के समर्थन में थे। कांग्रेस नेताओं पर निशाना साधते हुए ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कांग्रेस आज भी आपातकाल में किए गए संविधान संशोधनों को जायज़ ठहराने में लगी है, जबकि उन्हें इतिहास और संविधान के वास्तविक तथ्यों की बौद्धिक जानकारी लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि देश की एकता, अखंडता और मौलिक सोच को बचाए रखने के लिए अब समय आ गया है कि इन शब्दों को संविधान की मूल भावना के अनुरूप प्रस्तावना से हटाया जाए।

### लोहरदगा से अमरनाथ व वैष्णो देवी यात्रा पर पहला जत्था रवाना



**लोहरदगा।** जिला मुख्यालय से अमरनाथ और माता वैष्णो देवी की पवित्र यात्रा के लिए पहला श्रद्धालुओं का जत्था आज दिल्ली के लिए रवाना हुआ। 2 जुलाई से अमरनाथ यात्रा की विधिवत शुरुआत हो रही है। यह जत्था कल शाम दिल्ली पहुंचने के बाद आगे की यात्रा शुरू करेगा। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं में मुख्य रूप से विकास अग्रवाल, प्रदीप महतो, अशोक महतो, महेंद्र प्रजापति, अनिल अग्रवाल और सुमित प्रजापति शामिल हैं। यात्रियों ने यात्रा से पहले माता रानी और भोलेनाथ का स्मरण कर सुखद, सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। परिजनों और स्थानीय लोगों ने श्रद्धालुओं को विदाई दी और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

### झामुमो ने किया संगठन का विस्तार

**गावां (गिरिडीह)।** झामुमो के द्वारा प्रखंड संगठन का विस्तार किया गया है। झामुमो के द्वारा महिला, किसान, अनुसूचित मोर्चा, युवा व अल्पसंख्यक मोर्चा इकाई का गठन किया गया है। बैठक में मुख्यरुप से शफीक अंसारी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि महिला मोर्चा अध्यक्ष रेशमा प्रवीण को बनाया गया है। इनके साथ महिला मोर्चा में उपाध्यक्ष जमीला खातून, सचिव जाहेली देवी, संगठन सचिव लक्ष्मी कुमारी, कोषाध्यक्ष नाजिया परवीन बनायी गयी हैं, जबकि किसान मोर्चा के अध्यक्ष प्रदीप सिंह बने हैं।

## अतिवृष्टि और खराब बीज से परेशान किसान, मुआवज़े की उठाई मांग

- किसान प्रतिनिधि जितेंद्र महतो ने सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश समिति सदस्य एवं किसान प्रतिनिधि जितेंद्र महतो ने लगातार हो रही बारिश और खराब बीज आपूर्ति को लेकर गहरी चिंता जाहिर की है। अपने खेत में धान की रोपाई करते हुए उन्होंने बताया कि इस बार अतिवृष्टि के कारण कुछ वर्षों बाद दो व तीन नंबर खेतों में भी धान रोपने की संभावना बन रही है, जो किसानों के लिए एक उम्मीद की किरण है। हालांकि, इसके साथ ही किसानों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। महंगे दामों में बिना जीएसटी नंबर के बीज खरीदने को मजबूर किसान, बार-बार बीज लगा रहे हैं, लेकिन बारिश के कारण खेतों में बीज खराब हो जा रहा है। जितेंद्र महतो ने आरोप लगाया कि दुकानदार मनमानी दर पर बीज बेच रहे हैं और सरकार का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है। उन्होंने कहा कि "किसान भगवान भरोसे खेती कर रहा है, और खराब बीज के लिए कोई जवाबदेह नहीं है। सरकार, सांसद और विधायक किसानों की सुध नहीं ले रहे हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि अब तक ओलावृष्टि से हुए फसल नुकसान का मुआवज़ा भी किसानों को नहीं मिला है। श्री महतो ने लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्वाचित कृषि मंत्री से आग्रह किया है कि ओलावृष्टि और अतिवृष्टि से हुए फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे करवा कर मुआवजा राशि का भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही बीज आपूर्ति में पारदर्शिता और नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

## सांसद के प्रयास से चार माह बाद पहाड़ी क्षेत्र के छह गांवों में आई बिजली

- देवदरिया पंचायत के ग्रामीण बिजली उपलब्ध कराने के लिए सांसद का किया आभार

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** सांसद सुखदेव भगत के प्रयास से देवरिया पंचायत के 6 गांवों में चार महीना के बाद बिजली आई। उक्त जानकारी सांसद के निजी सचिव सह वरिष्ठ कांग्रेस नेता आलोक कुमार साहू ने दिया ।श्री साहू ने बताया कि देवदरिया पंचायत के दर्जनों ग्रामीण कुछ दिनों पूर्व सांसद के पास आकर उन्हें बताए थे कि एचडी टीवी केबल खराब हो जाने के कारण कई महीनों से देवरिया पंचायत के गांवों में बिजली नहीं है जिसके कारण जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने सांसद से शीघ्र बिजली बहाल करने की मांग किए थे। सांसद ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपने निजी सचिव आलोक कुमार साहू को देवदरिया पंचायत भेजे थे। श्री साहू गांव का भ्रमण कर वस्तु स्थिति से अवगत हुए थे। इस संदर्भ में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता गुमला एवं कार्यपालक अभियंता लोहरदगा को शीघ्र बिजली बहाल करने का निर्देश सांसद ने दिया था। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उनके पास एचडी टीवी केबल उपलब्ध नहीं है ।सांसद ने फिर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के जीएम रांची को सारी बातों से अवगत कराते हुए यहां शीघ्र बिजली बहाल करने का निर्देश दिया था। जीएम ने त्वरित कार्य करते हुए एचडी टीवी केबल लोहरदगाको उपलब्ध कराया तब इन गांवों में बिजली बहाल हुई। बिजली आने से ग्रामीण काफी खुश है उन्होंने इस कार्य के लिए सांसद जी का आभार प्रकट किये।

## सेवा भारती ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित




**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सेवा भारती, लोहरदगा के तत्वावधान में चुन्नीलाल उच्च विद्यालय प्रांगण में आज 159वें सप्ताहिक के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 33 लोगों ने भाग लिया और उन्होंने हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी.पी., वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि की जांच करवाई। साथ ही अन्य पैथोलॉजिकल जांचें भी आधे खर्च पर उपलब्ध कराई गईं। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा, जरूरतमंद और असहाय लोगों की सेवा करना हमारा धर्म है। भविष्य में असमर्थ मरीजों के लिए आवश्यक दवाइयों की व्यवस्था भी की जाएगी। डॉ. कुमुद अग्रवाल ने स्वास्थ्य संबंधी सुझाव देते हुए कहा कि बरसात के मौसम में स्वास्थ्य के प्रति विशेष सावधानी बरतें। आम का अत्यधिक सेवन न करें, यह कई बीमारियों को जन्म दे सकता है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल एवं सहसचिव संजय चौधरी ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक रविवार को एक घंटे के लिए नियमित रूप से आयोजित किया जाता है।

## सड़क सुरक्षा को लेकर रबर रंबल स्ट्रिप लगाने की मांग

**लोहरदगा।** मनहो हिरही चौक में लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं से चिंतित स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों ने रविवार को सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद से मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि तेज रफ्तार वाहनों के कारण जून माह में ही तीन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें एक की जान चली गई। ग्रामीणों ने मांग की कि मनहो चौक और केनरा बैंक के समीप, लोहरदगा कचहरी मोड़ की तर्ज पर रबर रंबल स्ट्रिप लगाया जाए ताकि गति पर नियंत्रण हो सके और हादसे रोके जा सकें। इसके साथ ही उन्होंने बाइक राइडरों द्वारा किए जा रहे खतरनाक स्टंट पर भी कड़ी निगरानी की मांग की। सांसद प्रतिनिधि साजिद अहमद ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि क्षेत्रीय सांसद सुखदेव भगत को सभी समस्याओं से अवगत कराया जाएगा और शीघ्र समाधान के लिए पहल की जाएगी।

## मसमानो गांव में पैसे के विवाद में बड़े भाई ने की छोटे भाई की हत्या

- कुदाल से गर्दन पर वार कर की हत्या, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**भंडरा (लोहरदगा)।** थाना क्षेत्र के मसमानो गांव में शनिवार देर शाम पारिवारिक विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया, जब पैसे के लेन-देन को लेकर बड़े भाई ने अपने ही छोटे भाई की कुदाल से काटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान बसंत उरांव (32 वर्ष), पिता अंगा उरांव, निवासी मसमानो गांव के रूप में की गई है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, मृतक बसंत और उसके बड़े भाई कलेश्वर उरांव उर्फ डांगू उरांव के बीच पैसों को लेकर पूर्व में भी कई बार कहासुनी हो चुकी थी। बताया जा रहा है कि शनिवार शाम कलेश्वर उरांव नशे की हालत में था और इसी दौरान विवाद फिर से बढ़ गया। गुस्से में आकर उसने कुदाल से बसंत के गले पर वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना मसमानो पंचायत भवन के पास की बताई जा रही है। हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार होने की कोशिश कर रहा था, लेकिन भंडरा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया ।घटना की सूचना मिलते ही भंडरा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। ग्रामीणों ने घटना पर शोक जताते हुए कहा कि दोनों भाइयों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था, जिसकी परिणति इतनी दुखद होगी, किसी ने नहीं सोचा था। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

## कैरो में फिर जंगली हाथियों का उत्पात, गोदाम का अनाज किया बर्बाद

- ग्रामीणों में दहशत, रविवार को सुकुरहुट्टू में डेरा जमाए रहा झुंड

**नवीन मेल संवाददाता**




**कैरो (लोहरदगा)।** शनिवार की रात कैरो प्रखंड मुख्यालय और उसके आस-पास के इलाकों में एक बार फिर जंगली हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। जानकारी के अनुसार, झुंड सढाबे के रास्ते होकर नयाटोली होते हुए कैरो मुख्यालय पहुंचा और वहां कई स्थानों पर नुकसान पहुंचाया। नयाटोली में एक व्यवसायी के अधूरे निर्माणाधीन मकान में हाथी घुस गए, हालांकि वहां कोई बड़ी क्षति नहीं हुई। इसके बाद बक्सी जाने के रास्ते में खड़े एक ऑटो को हाथियों ने पलट दिया। मुख्यालय के बाजार टांड़ क्षेत्र में धान, मक्का और गेहूं रखे एक व्यवसायी के गोदाम का शटर तोड़ कर अनाज खा गए। हाथियों का झुंड दलित मोहल्ला होकर गुजरते हुए कई किसानों के केले के पौधों को भी नुकसान पहुंचाया।

रविवार को सुबह हाथियों का यह झुंड कैरो सुकुरहुट्टू नामनगर पतरा क्षेत्र में डेरा जमाए देखा गया। झुंड के एक बार फिर रिहायशी इलाकों में घुस आने से ग्रामीणों में भय और दहशत का माहौल व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से जल्द कार्रवाई करने और हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर भगाने की मांग की है।

### मासिक रेडियो कार्यक्रम, मन की बात का 123 वां एपिसोड उत्साह पूर्वक सुना गया

## मन की बात' एक प्रेरणादायक माध्यम बन चुका है : सचिन कुमार साहू

**नवीन मेल संवाददाता**




**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा नगर के विभिन्न बूथों पर रविवार सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' का 123 वां एपिसोड उत्साहपूर्वक सुना गया। इस आयोजन की अगुवाई भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव मौजूद रहे, जिन्हें मौके पर बुथ संख्या 257 बूथ अध्यक्ष प्रियंका साहू ने सफा देकर सम्मानित किया। पूरे आयोजन में अनुशासन और प्रेरणा का माहौल रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कैलाश मानसरोवर यात्रा की शुरुआत का उल्लेख करते हुए भगवान शिव के इस दिव्य धाम को श्रद्धालुओं के लिए अद्भुत अनुभव बताया। उन्होंने भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा, मेघालय की महिलाओं को ऐरी सिल्क को मिला जियो टैग, और बोडोलैंड को राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की सराहना की, जिसके तहत अब तक करोड़ों पेड़ लगाए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने यह भी साझा किया कि भारत अब ट्रेकोमा मुक्त देश बन चुका है- एक ऐसा रोग जिससे लोगों की आंखों की रोशनी तक चली जाती थी। इसके अलावा उन्होंने इमरजेंसी के 50 वर्ष पूरे होने पर उस दौर की कठिनाइयों को याद करते हुए इसे भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सीख बताया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने कहा, मन की बात' न केवल एक संवाद है, बल्कि यह देश के हर नागरिक को जोड़ने का एक प्रेरणादायक माध्यम बन चुका है। प्रधानमंत्री के विचारों से हर कार्यकर्ता को ऊर्जा मिलती है। आज लोहरदगा के हर बूथ पर जिस तरह से सहभागिता दिखी, वह हमारे संगठन की शक्ति और जनता के जुड़ाव का प्रमाण है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न बूथों पर कार्यकर्ताओं ने देशहित से जुड़े मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुना और अपने भीतर बदलाव लाने की प्रेरणा ली। मौके पर उपस्थित, विश्वनाथ साहू, उदय साहू, फूलचंद लोहारा, रामदेव साहू, लकी देवी, परी कुमारी, रितिक साहू, तरुण कुमार, माही कुमारी, गोलू कुमार, दीपक कुमार, अदिति साहू, मौके पर भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मसमानो हत्याकांड: फॉरेंसिक टीम ने घटना स्थल की बारीकी से की जांच

- कुदाल, खून के धब्बे समेत तकनीकी साक्ष्य किए गए सुरक्षित पुलिस जांच तेज़

**नवीन मेल संवाददाता**



**भंडरा (लोहरदगा)।** मसमानो गांव में शनिवार को हुए भाई द्वारा भाई की हत्या मामले में रविवार को रांची से फॉरेंसिक टीम गांव पहुंची। टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर हत्या से जुड़े अहम सबूत जुटाए। फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घर की फर्श पर पड़े खून के धब्बों, हत्या में प्रयुक्त कुदाल तथा अन्य संभावित साक्ष्यों को वैज्ञानिक जांच के लिए सुरक्षित किया। टीम ने पूरे घटनास्थल की विधिवत फोटोग्राफी भी की और मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ कर घटना से पहले और बाद की स्थिति को समझने का प्रयास किया। जांच के दौरान भंडरा थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह व मसमानो पंचायत की मुखिया ममता कुमारी भी उपस्थित रहीं। ग्रामीणों ने टीम को घटना के वक्त की स्थिति और आरोपी की गतिविधियों की जानकारी दी। पुलिस अब वैज्ञानिक साक्ष्यों और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर पूरे घटनाक्रम की कड़ियाँ जोड़ने में जुट गई है। फिलहाल आरोपी कलेश्वर उरांव पुलिस की गिरफ्त में है और उससे पूछताछ की जा रही है।

# दस दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने मचाई तबाही, लोगों को हो रही परेशानी

● भारी बारिस से किसानों की फसलें हुई बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** जिले में बीते दस दिनों से लगातार हो रही मूसलधार बारिश ने जहां आम जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है, वहीं खेती-किसानी पर इसका सबसे गंभीर असर पड़ा है। गुमला के विभिन्न प्रखंडों में धान की बुवाई और साग-सब्जियों की खेती पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। खेतों में जलजमाव के कारण न तो किसान खेतों में काम कर पा रहे हैं, और न ही बची-खुची फसल को बचाने की कोई संभावना नजर आ रही है।

जिले के अधिकांश किसानों ने जून महीने के अंतिम सप्ताह में धान की बुवाई शुरू की थी। परंतु भारी वर्षा के कारण खेतों में पानी भर गया, जिससे बुवाई की गई फसलें सड़ गई हैं। वहीं जो किसान अब तक बुवाई नहीं कर सके थे, उनके लिए खेतों में प्रवेश करना भी कठिन हो गया है। भारी पानी के कारण खेतों में कीचड़ और दलदल की स्थिति है। इससे खेतों की तैयारी और दोबारा बुवाई की संभावना भी बेहद सीमित हो गई है।

स्थानीय किसान रमेश उरांव (ग्राम-तुमेकेला) का कहना है की इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन लगातार बारिश ने सब कुछ खत्म कर दिया। बीज, खाद और मजदूरी में जो पैसा लगाया था, वह डूब गया। अब दोबारा बुवाई का समय भी नहीं बचा है।"

धान के साथ-साथ किसानों ने अपने खेतों में मौसमी साग-सब्जियों जैसे परवल, भिंडी, टमाटर, करेला, लौकी, कद्दू, सेम आदि के बीज भी लगाए थे। लेकिन खेतों में लगातार पानी जमा रहने और अत्यधिक नमी के कारण बीज सड़ गए हैं। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर भी गहरा असर पड़ा है, क्योंकि सब्जियों की बिक्री किसानों की दैनिक आय का प्रमुख स्त्रोत होती है।

बारिश ने सिर्फ खेती ही नहीं, बल्कि जनजीवन को भी कठिन बना दिया है। कई ग्रामीण इलाकों की कच्ची सड़कें कीचड़ में तब्दील हो चुकी हैं। आवागमन ठप हो गया है, जिससे बच्चों का स्कूल जाना, बीमारों को अस्पताल पहुंचाना और दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करना मुश्किल हो गया है। निचले क्षेत्रों में जलजमाव की स्थिति बनी हुई है। कई गांवों में पेयजल और बिजली आपूर्ति भी बाधित हुई है। कुएं और चापाकल का पानी गंदा हो गया है, जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरे भी बढ़ गए हैं।

अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस राहत या सर्वेक्षण शुरू नहीं किया गया है। प्रभावित किसानों ने जिला प्रशासन से फसल क्षति का त्वरित सर्वे कराने और मुआवजा व पुनर्बीज वितरण की मांग की है। किसान संगठनों का कहना है कि यदि प्रशासन जल्द राहत नहीं पहुंचाता, तो आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।

स्थानीय कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि यदि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई और बारिश इसी तरह जारी रही, तो खरीफ सीजन की फसल पर गहरा संकट मंडरा सकता है।

## तेज बारिश में किसान के घर पर गिरा विशाल पेड़, बाल-बाल बचे परिवार के सदस्य



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के दुम्बो भगतटोली गांव में रविवार सुबह भारी बारिश के कारण एक विशालकाय पेड़ किसान सुकरा उरांव के घर पर गिर गया, जिससे उनका घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में छत की एल्बेस्टशिट और खपरा पूरी तरह टूट गए, साथ ही एक दीवार भी ध्वस्त हो गई। घर के अंदर रखे चावल, धान और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी भीगकर बर्बाद हो गईं। गनीमत रही कि घटना के समय घर के सभी सदस्य खेतों में काम करने गए थे और मवेशी भी बाहर थे, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। घटना की जानकारी मिलते ही दुम्बो पंचायत के मुखिया जयराम उरांव मौके पर पहुंचे और पेड़ की डालियों को हटवाया। उन्होंने नुकसान का आकलन किया और आपदा प्रबंधन मद से सहायता दिलाने का भरोसा दिया।

## रसोइया-संयोजिका संघ की बैठक में कमेटी का पुनर्गठन

**गुमला।** झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोइया-संयोजिका अध्यक्ष संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को डुमरी प्रखंड के टागरडीह स्कूल परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सह प्रदेश उपाध्यक्ष देवकी देवी ने की, जबकि संचालन प्रखंड अध्यक्ष प्रभा एक्का ने किया। बैठक में पूर्व कोषाध्यक्ष देवनती देवी के निधन के बाद संगठन संचालन में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए डुमरी प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन किया गया। सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अध्यक्ष के रूप में प्रभा एक्का, सचिव के रूप में प्रफुल्ला एक्का,कोषाध्यक्ष के रूप मे सुचिता खलखो,उपाध्यक्ष के रूप मे रोशनी एक्का,उप कोषाध्यक्ष के रूप मे निर्मला टोप्पो,उप सचिव के रूप मे कुमुदिनी कुजूर। वही सदस्य के रूप में समिता देवी, मगरीता बखला, अंजना एक्का, अनीमा कुजूर, सुनीता कुजूर, सोयराती देवी, मलिता तिग्गा, भिखमनीया असुराईन और सीमा बखला को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। संगठन की मजबूती और नियमित संचालन पर जोर देते हुए आगामी बैठक की तिथि 24 अगस्त निर्धारित की गई।

## गांव में दो महीने बाद लौटी रौशनी, लगा नया ट्रांसफार्मर



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के करंज पंचायत अंतर्गत जोरया और पुरनाडीह गांव में रविवार को नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया। बीते दो महीनों से ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण गांव अंधेरे में डूबा हुआ था, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की मांग पर स्थानीय विधायक जिग्गा सुसारन होरो ने तत्काल पहल करते हुए बिजली विभाग से नया ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया। रविवार को झामुमो प्रखंड अध्यक्ष जॉनसन बाड़ा, तीजन पहान, बुद्धेश्वर पहान एवं उपाध्यक्ष बिरसा उरांव ने विधिवत फीता काटकर ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बिजली आपूर्ति बहाल होने पर ग्रामीणों ने विधायक और झामुमो कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर कड़ेया उरांव, रंजनू नायक, राजेंद्र उरांव, दुर्गा भगत, दिलीप उरांव, सुखीर उरांव समेत कई झामुमो कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे।

## पुत्र ने पिता की लाठी से पीट-पीटकर की हत्या

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के सांवा टोंगरी टोली में पारिवारिक विवाद ने रविवार को खौफनाक मोड़ ले लिया, जब एक पुत्र ने अपने ही पिता की बेरहमी से लाठी से पीटकर हत्या कर दी।मृतक की पहचान 60 वर्षीय सिलवेस्टर किण्डो के रूप में हुई है, जबकि आरोपी उसका 23 वर्षीय पुत्र सेलेस्टीन किण्डो है।घटना रविवार सुबह लगभग 10 बजे की है। जानकारी के अनुसार, कुछ दिन पहले मृतक सिलवेस्टर ने अपने घर के बैल को बेच दिया था। इसी बात को लेकर पिता-पुत्र में अक्सर विवाद होता था। रविवार को भी सेलेस्टीन शराब के नशे में था और एक बार फिर इसी मुद्दे पर बहस शुरू हो गई। बहस के दौरान आरोपी पुत्र ने आवेश में आकर लाठी से अपने पिता पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पत्नी बसंती किण्डो ने बताया कि बेटे के व्यवहार को लेकर पहले भी घर में तनाव बना रहता था।

## सड़क बना जी का जंजाल प्रशासन ने थाम रखा है मौन व्रत



**नवीन मेल संवाददाता**

**बसिया(गुमला)।** बसिया के मुख्य पथ पर इन दिनों जीर्णोद्धार का काम चल रहा है। इस काम में जल निकासी की उचित व्यवस्था का प्रावधान नहीं होने और प्रशासन की बेरुखी से अनुमंडल मुख्यालय की मुख्य आबादी एक गंभीर समस्या से जुझ रही है। मिली जानकारी के अनुसार सड़क के जीर्णोद्धार में पोस्ट ऑफिस व कन्या मध्य विद्यालय के पास पुल निर्माण की योजना नहीं बनाई गई है। दोनों तरफ से ढलान होने के कारण वर्षों पहले से इस जगह पर कभी पुलिया बना हुआ था और लोग आराम से आना जाना कर पा रहे थे। दुर्भाग्य का विषय यह है कि इस मामले में न केवल में पुल निर्माण को नजरंदाज किया गया है बल्कि जल निकासी के मार्ग का भी शत-प्रतिशत अतिक्रमण कर लिया गया है। अतिक्रमण की पूरी जानकारी स्थानीय प्रशासन को भी है और गत दिनों बसिया के अंचल अधिकारी ने इस जगह का मुआयना भी किया परन्तु अब इस मामले में तकनीकी कारणों का हवाला देकर प्रशासन अब अपना पल्ला झाड़ने में लग गया है। ऐसा तब है जबकि अविलंब अतिक्रमण हटाने, जल निकासी की व्यवस्था को प्राथमिकता देने, पुल निर्माण और सरकारी महकमे की जवाबदेही के बीच स्कूली बच्चों व आम नागरिकों को घुटने भर पानी में लांघकर मुख्य पथ पर चलने को विवश होना पड़ रहा है। इन सबसे स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है जबकि आम लोगों व पास में पढ़ने वाले स्कूली बच्चियों की परेशानी को देखते हुए इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाना चाहिए।

## दहेज के लालच में पति सहित ससुराल वालों पर भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिसई(गुमला)।** बीते शनिवार रात थाना क्षेत्र के सिसई बस्ती निवासी महिला रिजवाना खातुन (22) कि मौत हो गई। महिला के भाई रांची नगड़ी थाना निवासी रिजवान अंसारी ने अपनी बहन रिजवाना के पति शमशाद अंसारी ,सौतन अफसाना परवीन,सास शायरा बानो, ससुर रहीम अंसारी व देवर अफसर अंसारी पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाते हुए सिसई थाना में रविवार को आवेदन देकर सभी आरोपियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। आवेदन में रिजवान अंसारी द्वारा कहा गया है कि मेरी बहन रिजवाना खातून को प्रेम प्रसंग में घर से भगा लिया गया था एवं 6 नवम्बर 2024 को लोंगा गांव के इमाम सैनुल अंसारी द्वारा सिसई बस्ती निवासी रहीम अंसारी के पुत्र शमशाद अंसारी से तीसरी पत्नी के रूप में निकाह कराया गया था। शादी के कुछ दिनों बाद से ही मेरी बहन को पति,सौतन,सास,ससुर और देवर द्वारा दहेज को लेकर हमेशा मार-पीट व प्रताड़ित किया जाने लगा। दहेज और नकद के लिए मेरे बहनोई शमशाद द्वारा अक्सर मेरी बहन से मार-पीट किया जाता था। अंत में परेशान होकर हमने अपने पुस्तैनी जमीन को बेचकर फरवरी 2025 में दो लाख रुपए नकद दिये। कुछ दिन ठीक रहने के बाद फिर पति और ससुराल वालों ने मार-पीट करना शुरू कर दिया। शनिवार की रात करीब साढ़े नौ बजे मेरे बहन का देवर अफसर ने फोन कर सूचना दिया कि रिजवाना की मृत्यु हो गई है। खबर मिलने पर रात में ही मैं बहन के ससुराल पहुंचा और देखा रिजवाना अचेत पड़ी हुई है। नजदीक जाकर देखा तो उसके सिर में गंभीर चोट और गला में रस्सी या अन्य चीजों से दबाने का निशान था।

मुझे पुरा विश्वास है कि मेरी बहन की हत्या पति शमशाद अंसारी, सौतन अफसाना परवीन, ससुर रहीम अंसारी,सास शायरा बानो और देवर अफसर अंसारी सभी ने मिलकर किया है। मामले को लेकर समाचार लिखे जाने तक सिसई पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया है वहीं पुलिस हर पहलुओं पर गहनता से छानबीन करने में जुटी हुई है।

## बचपन स्कूल में आम महोत्सव का हुआ आयोजन

**गुमला।** लोहरदगा रोड स्थित बचपन स्कूल में हर वर्ष की भांति आम महोत्सव का सफल और उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में फलों के प्रति रुचि विकसित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक बनाना रहा। महोत्सव के दौरान बच्चों ने ताजे रसीले आम और स्वादिष्ट आम जूस का भरपूर आनंद लिया। बच्चों के चेहरों पर उत्साह और प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। आयोजन ने बच्चों को प्रकृति के मीठे उपहारों से जोड़ने का भी कार्य किया, जिससे उनमें फलों के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित हुआ। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि इस तरह के आयोजन बच्चों को पौष्टिक आहार के महत्व को समझाने में मदद करते हैं और उन्हें स्वस्थ खाने की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस सफल आयोजन में शिक्षिकाओं – प्रिया रंजन सिंह, खुशी, मोनालिसा, अर्पिता राय समेत समस्त शिक्षिकाओं का योगदान सराहनीय रहा।

### विहिप का प्रखंड समिति विस्तार को लेकर हुआ बैठक

## नए सदस्यों का किया गया चयन



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिसई (गुमला)।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सिसई प्रखंड समिति का समिति विस्तार को लेकर रविवार को प्रखंड के रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कुदरा के सभागार में आवश्यक बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता विक्रम ताम्रकार के द्वारा किया गया। वहीं समिति विस्तार को लेकर पहुंचे नए सदस्यों का चयन कर श्री राम पट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। नवचयनित सदस्य - प्रखण्ड अध्यक्ष पंकज कुमार साहु, उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, सूरज कुमार सिंह, संदीप केशरी, मदन साहु , मंत्री श्याम किशोर साहु, सह मंत्री रघुनंदन साहु, विश्वकर्मा गिरि, सत्संग प्रमुख राजेश कुमार देवघरिया, संयोजक सौरभ ताम्रकर, सह संयोजक ओमप्रकाश साहु, गौ रक्षा प्रमुख किशन सिंह, सेवा प्रमुख राजा वर्मा सह सेवा प्रमुख शिवपूजन साहु, धर्म प्रसार प्रमुख बलि उरांव, मीडिया प्रभारी कृष्ण कुमार साहु, शम्भु एस चौहान, विद्यार्थी प्रमुख विकास गोप, मुकेश श्रीवास्तव, सुप्रदीप साहु, विक्रम ताम्रकर, मुकेश ताम्रकर कार्यकारणी सदस्य ब्रजेश साहु, राजू साहु। बैठक को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मनीष बाबू ने कहा कि आज प्रखंड में लव जिहाद, धर्मांतरण जैसी घटनाएं बढ़ गई है।

## सरकारी उपेक्षा के बीच छोटा मकरा गांव के ग्रामीणों ने खुद उठाया फावड़ा, ठीक करने जुटे कीचड़ से भरी सड़क

**नवीन मेल संवाददाता**



**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड के सुदूरवर्ती छोटा मकरा गांव की कच्ची सड़क इन दिनों कीचड़ और जल जमाव से बेहाल है। बारिश के कारण गांव का संपर्क मार्ग पूरी तरह दलदल में तब्दील हो गया है, जिससे सैकड़ों ग्रामीणों को रोजाना भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में गांव में भरनो के बीडीओ अरुण कुमार सिंह और सीओ अविनाश कुजूर का दौरा हुआ था। ग्रामीणों ने अधिकारियों को सड़क की बदहाली से अवगत कराया, लेकिन इसके बावजूद किसी प्रकार का आश्वासन नहीं दिया गया, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार स्थानीय सांसद और विधायक को भी इस मुद्दे से अवगत कराया गया, लेकिन नतीजा शून्य रहा। विधायक द्वारा चुनाव से पहले सड़क बनवाने का वादा किया गया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद अब तक कोई पहल नहीं की गई। सरकारी उपेक्षा से निराश होकर ग्रामीणों ने अब स्वयं श्रमदान कर सड़क की मरम्मत शुरू कर दी है। बिना किसी सरकारी मदद के गांव के लोगों ने एकजुट होकर फावड़ा, बेलचा और झारू उठाया और सड़क को चलने लायक बनाने का बीड़ा उठाया। श्रमदान करने वालों में बुधराम उरांव, सुनील उरांव, करमचंद उरांव, कृष्ण उरांव, लधुवा उरांव, सुजीत उरांव, विनय उरांव, बलदेव उरांव, संतोष उरांव, प्रमोद भगत, जयमंगल उरांव, दशरथ उरांव, भीखराम उरांव, गोबिंदा उरांव, द्वारिका उरांव, राम सुनई महतो, हिरन लोहरा, एतवा लोहरा, लोथे उरांव, बिरसा उरांव, झड़िया उरांव, कुलदीप उरांव समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जल्द सड़क निर्माण की ठोस पहल करने की मांग की है, ताकि भविष्य में गांव के लोगों को ऐसी समस्याओं से ना जूझना पड़े।.

## फरार गांजा तस्कर विजय साहू गुमला से गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के एक बड़े मामले में फरार आरोपी विजय साहू को पुलिस ने गुमला से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी उसी कार का मालिक और चालक है, जिसमें भारी मात्रा में गांजा बरामद हुआ था। पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने शनिवार को प्रेस वार्ता में बताया कि 2 जून को गुप्त सूचना के आधार पर ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के गड़गड़ झरिया के पास छापेमारी की गई थी। इस दौरान एक संदिग्ध कार से 126 किलो 400 ग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसे ओडिशा से बिहार तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। छापेमारी के दौरान चालक मौके से भागने में सफल रहा था और कार जब्त कर ली गई थी।पुलिस ने जांच के क्रम में फरार चालक की पहचान विजय साहू के रूप में की, जो कार का मालिक भी है। काफी प्रयासों के बाद उसे गुमला से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि सिमडेगा पुलिस गांजा और अन्य मादक पदार्थों के विरुद्ध विशेष अभियान मोड में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि तस्करी के स्त्रोत से लेकर परिवहन तक की कड़ी को पूरी तरह ध्वस्त करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की सतर्कता से क्षेत्र में नशा तस्करी पर लगाम लगाने में सफलता मिल रही है।

# न्यूज बॉक्स

## पति से मामूली विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के डुमरडीह पड़कीटोली गांव में एक महिला ने मामूली घरेलू विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका ने अपने दुपट्टे से फंदा बनाकर घर के अंदर आत्महत्या की। घटना के बाद परिजनों ने उसे तत्काल फंदे से उतार कर गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृत महिला का पति अमन लोहरा रांची में एक कूरियर एजेंसी में काम करता है और छुट्टियों में घर आया हुआ था। उसने बताया कि सुबह जब वह देर तक सो रहा था तो पत्नी ने उसे जगाया। इस पर उसने कहा की छुट्टी में आया हूं, थोड़ा और सोने दो। इसी बात को लेकर दोनों के बीच हल्का विवाद हुआ। फिर भी पत्नी ने उसे चाय बनाकर दी। अमन घर के बाहर चाय पी रहा था, तभी एक साल की बेटी के रोने की आवाज सुनकर वह घर के भीतर गया। अंदर पहुंचते ही उसने देखा कि पत्नी फंदे से लटकी हुई है। शोर मचाने पर ग्रामीणों की मदद से उसे नीचे उतारा गया और अस्पताल लाया गया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही गुमला थाना के एसआई विनय कुमार व महिला एसआई हेमा देवी सदर अस्पताल पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## वीर शहीद पीटर टोप्पो को शहादत दिवस पर किया गया याद



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड मुख्यालय के चर्च मोड़ स्थित वीर शहीद पीटर टोप्पो की प्रतिमा पर सीआरपीएफ के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों और परिजनों ने माल्यार्पण कर उनका 36वां शहादत दिवस भावपूर्ण तरीके से मनाया।इस अवसर पर, शहीद के परिवार के सदस्यों ने भी बारी-बारी से प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। सीआरपीएफ 158 बटालियन के इंस्पेक्टर राम नरेश ने शहीद पीटर टोप्पो के अदम्य साहस और बलिदान को याद किया। उन्होंने बताया कि हवलदार पीटर टोप्पो सीआरपीएफ बटालियन, पंजाब में तैनात थे।29 जून 1989 को, आतंकवादियों द्वारा की गई गोलीबारी में देश सेवा के कर्तव्य का पालन करते हुए वे वीरगति को प्राप्त हुए थे। यह घटना तब हुई जब उनकी बटालियन आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर नाकाबंदी में लगी थी और हवलदार टोप्पो ने एक संदिग्ध गाड़ी को रोकने का प्रयास किया था।शहीद के सम्मान में, सीआरपीएफ 158 बटालियन, लोहरदगा ने उनके पुत्र अंजलुस टोप्पो और पुत्री दिव्या टोप्पो को अंगवस्त्र, कैंटीन कार्ड और मेडिकल सुविधा प्रदान कर सम्मानित किया।इस कार्यक्रम में चैनपुर थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, जिला परिषद सदस्य मेरी लकड़ा, चैनपुर मुखिया शोभा देवी सहित सीआरपीएफ के जवान और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## बिजली का काम करते वक्त गई युवक की जान

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के जोराग पीठइर टोली गांव में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय रोशन बघवार की विद्युत करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने घर में खराब बिजली व्यवस्था को सुधारने की कोशिश कर रहा था, तभी वह अचानक करंट की चपेट में आ गया। परिजन आनन-फानन में उसे लेकर गुमला सदर अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक रोशन बघवार विवाहित था और उसे पांच संतानें हैं – दो बेटियां और तीन बेटे। घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही गुमला थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इस असामयिक हादसे ने गांव में शोक की लहर फैला दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## करम टोली में शराब पीते पकड़े गए आठ छात्र

**गुमला।** गुमला शहर के करम टोली इलाके में रविवार को पुलिस ने छापेमारी कर एक घर से शराब पी रहे आठ छात्रों को पकड़ा। पकड़े गए युवक स्कूल और कॉलेजों में पढ़ाई कर रहे हैं और महंगी बाइकों से शराब पीने पहुंचे थे। पुलिस को सूचना मिली थी कि करम टोली में प्रतिदिन स्कूली छात्र शराब सेवन करने पहुंचते हैं, जिससे उनकी शिक्षा और भविष्य पर नकारात्मक असर पड़ रहा है। सूचना मिलते ही गुमला थाना के एसआई विनय कुमार और महिला एसआई हेमा देवी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही कुछ युवक भागने लगे, लेकिन आठ लड़कों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में सभी ने खुद को छात्र बताया। कुछ युवक खेत के पास पेड़ के नीचे शराब पीते पाए गए। वहीं शराब पिलाने वाली एक महिला पुलिस से भाग रहे लड़कों को रोकने का प्रयास कर रही थी और कह रही थी कि "पुलिस से डरने की जरूरत नहीं।" पुलिस ने सभी लड़कों को सख्त चेतावनी देकर छोड़ दिया और शराब बेचने वाली महिला को भी हिदायत दी। मौके पर मौजूद शराब को जब्त कर नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने कहा कि नशा पान और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ आगे भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार के कारण ट्रेलर पुलिया से नीचे गिरा, चालक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के कुलमुंडा पेट्रोल पंप के पास गुमला-रायडीह मार्ग (एनएच-43) पर रविवार को एक मालवाहक ट्रेलर अनियंत्रित होकर लोचलोची पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और ट्रेलर में लदा लोहे का भारी पाइप बिखर गया। ट्रेलर रांची से गुमला होते हुए छत्तीसगढ़ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सामने से आ रहे कोयला लदे तेज रफ्तार ट्रक ने साइड नहीं दी, जिससे ट्रेलर असंतुलित होकर पुलिया के नीचे जा गिरा। हादसे में चालक राजू हरिजन (निवासी – नवादा गांव, जिला प्रतापगढ़, उत्तर प्रदेश) ट्रेलर के केबिन में फंस गया था। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत रायडीह थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। चालक को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी, क्योंकि लोहे के पाइप चारों ओर बिखरे थे। स्थिति को देखते हुए गुमला से हाइड्रा मशीन मंगाई गई। मशीन से पाइप हटाने के बाद पुलिस और ग्रामीणों की मदद से घायल चालक को बाहर निकाला गया और तुरंत गुमला सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। चालक के एक पैर में गंभीर फ्रैक्चर हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पिकअप वैन से हुई 52 हजार रुपये की चोरी

**गुमला।** घाघरा थाना क्षेत्र के कपिलमुनी स्टोर के पास खड़ी एक मालवाहक पिकअप गाड़ी से अज्ञात चोर ने 52,971 रुपये की चोरी कर ली। घटना शुक्रवार की बताई जा रही है। पीड़ित चालक करौंदी निवासी प्रदीप साहू ने बताया कि वह कंचन राइस मिल से 70 बोरी चावल लेकर निकला था। पहले 50 बोरी मैना बगीचा स्थित लोहरदगा विकास स्टोर में अनलोड किया और फिर शेष 20 बोरी चावल लेकर घाघरा के कपिलमुनी स्टोर पहुंचा। जब वह चावल अनलोड कर रहा था, उसी दौरान सीट पर रखे काले प्लास्टिक में बंद 52,971 रुपये किसी ने चुरा लिए। अनलोडिंग के बाद जैसे ही चालक वापस वाहन के पास पहुंचा, पैसे गायब मिले।

सुप्रभात

विचार प्रवाह

यदि स्वयं में विश्वास करना और अधिक विस्तार से पढ़ाया और अभ्यास कराया गया होता, तो मुझे यकीन है कि बुराइयों और दुःख का एक बहुत बड़ा हिस्सा गायब हो गया होता। - **स्वामी विवेकानंद जी**

## संपादकीय

# एमएसएमई पर रहे ध्यान

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) भारतीय अर्थव्यवस्था और इसकी प्रगति की आधारशिला बने हुए हैं। अस्थिरता, अनिश्चितता, जटिलता और अस्पष्टता की दुनिया में भारतीय एमएसएमई, विशेष रूप से सूक्ष्म उद्यम बाधित आपूर्ति श्रृंखला, बढ़ते भू-राजनीतिक संघर्ष, अस्थिर व्यापार शुल्क और बदलते कारोबारी माहौल जैसी अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। मौजूदा वैश्विक उथल-पुथल ने निवेश लागत और शिपिंग शुल्क में वृद्धि तथा समय-सीमा में व्यवधान की आशंकाओं को बढ़ा दिया है। सूक्ष्म उद्यम, जो कुल एमएसएमई का 98 फीसदी से अधिक हिस्सा हैं, के अस्तित्व को बचाने और सफल बनाने के लिए उचित रणनीतियों को प्राथमिकता देने की जरूरत है। भारत की जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान और करीब 11 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले एमएसएमई क्षेत्र को थोड़ा लोचशील बनाना राष्ट्रीय जरूरत बन गई है। प्रधानमंत्री मोदी ने मार्च में कहा था, 'एमएसएमई सेक्टर देश की आर्थिक उन्नति में परिवर्तनकारी योगदान देता है। यह भारत के विनिर्माण और औद्योगिक विकास की रीढ़ है। हम इस क्षेत्र को बढ़ावा देने और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' सूक्ष्म उद्यम को जोखिम से बचाने व आज की अनिश्चित दुनिया में उन्हें अधिक लचीला बनाने के लिए आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन बढ़ाने की जरूरत है। इस क्षेत्र की वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं पर निर्भरता कम करने के लिए देश में कई घरेलू स्त्रोतों का पता लगाने और आपूर्ति श्रृंखला के डिजिटलीकरण पर विचार करना चाहिए। एमएसएमई को अपने ग्राहक आधार (स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय, दोनों) में विविधता लानी चाहिए। प्रदर्शनियों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से संसाधनों और ज्ञान को साझा करने के लिए स्थानीय व्यापार नेटवर्क, उद्योग समूहों और संघों के साथ मजबूत संबंध बनाना महत्वपूर्ण है। इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकनॉमिक रिलेशंस के एमएसएमई पर तीसरे वार्षिक सर्वे के अनुसार, डिजिटलीकरण त्वरित विकास का प्रमुख तत्व है। ई-कामर्स एकीकरण से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और वित्तीय बाधाएं भी दूर होंगी। पर्यावरणीय चिंताओं को दूर करने के लिए भारत सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित टिकाऊ व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न पर्यावरण संबंधी नियमों को लागू किया है। ग्रीन टेक्नोलॉजी को अपनाने के लिए सरकार टैक्स छूट, सब्सिडी और अनुदान प्रदान करती है। इसके अलावा, वित्तीय संस्थाएं सूक्ष्म उद्यमों को टिकाऊ पद्धतियां अपनाने में सहायता देने के लिए हरित वित्तपोषण विकल्प भी प्रदान करती हैं। इलेक्ट्रॉनिक कचरा (ई-वेस्ट) के निपटान और उसके पुनः उपयोग के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में उद्यमियों को भी चाहिए कि ई-वेस्ट और प्लास्टिक के निपटान के लिए वे सरकार से सहयोग करते हुए नियमों का पालन करें, ताकि उनको उत्पाद से अच्छा मुनाफा हो सके और पर्यावरण को भी क्षति न पहुंचे। केंद्र सरकार विभिन्न योजनाओं, जैसे वित्त, बुनियादी ढांचा, कौशल विकास, तकनीक और बाजार पहुंच के जरिये एमएसएमई को विकसित करने में अहम योगदान दे रही है।

*भारत की जीडीपी में 30 प्रतिशत योगदान और करीब 11 करोड़ लोगों को रोजगार देने वाले एमएसएमई क्षेत्र को थोड़ा लोचशील बनाना राष्ट्रीय जरूरत बन गई है।*

### अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस : संसदों के अंतर्मंथन का क्षण

# लोकतंत्र का संस्कारगृह-संसद व सतत समावेश



जब हम किसी राष्ट्र की आत्मा को समझने की कोशिश करते हैं, तो सबसे पहले हमारे सामने उसकी संसद की छवि उभरती है—वह पवित्र मंच, जहाँ जनता की आकांक्षाएँ, चिंताएँ और अधिकार एक स्वर में गूंजते हैं। संसद केवल कानूनों का कारखाना नहीं, बल्कि लोकतंत्र का वह जीवंत हृदय है, जो हर नागरिक की धड़कनों को प्रतिबिंबित करता है। इस जीवंतता को वैश्विक स्तर पर और सशक्त करने के लिए हर साल 30 जून को अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल संसदों की उपलब्धियों का उत्सव नहीं, बल्कि उनके दायित्वों, चुनौतियों और भविष्य की दिशा में गहन चिंतन का अवसर है। यह एक ऐसा आह्वान है, जो संसदों को याद दिलाता है कि वे केवल सत्ता का केंद्र नहीं, बल्कि जनता की आवाज़, विश्वास और उम्मीदों का प्रतीक हैं।

इस महत्वपूर्ण दिवस की शुरुआत 2018 में संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव के माध्यम से हुई, जब 30 जून को अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस के रूप में मान्यता दी गई। यह तारीख संयोगवश 1889 में स्थापित इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन (आईपीयू) की स्थापना की वर्षगांठ से भी जुड़ी है। आईपीयू वह वैश्विक संगठन है, जिसने 136 साल पहले संसदों को एक मंच पर लाकर वैश्विक संवाद, शांति और लोकतंत्र को बढ़ावा देने की नींव रखी। इसका नारा—"लोकतंत्र के लिए, सभी के लिए" और उद्देश्य "संसदों के माध्यम से विश्व शांति और विकास के लिए हर आवाज़ को सुनना" आज भी उतना ही प्रासंगिक है। 2025 में इस दिवस की थीम "संसद और सतत विकास लक्ष्यः लैंगिक समानता और समावेशिता" न केवल समय की मांग है, बल्कि लोकतंत्र की सच्ची आत्मा को उजागर करती है। यह थीम हमें याद दिलाती है कि कोई भी लोकतंत्र तब तक पूर्ण नहीं हो सकता, जब तक उसमें हर वर्ग—महिलाएँ, युवा, हाशिए पर पड़े समुदाय, और सामाजिक रूप से उपेक्षित लोग—की समान भागीदारी सुनिश्चित न हो।

आज की **बात**



**प्रो. आरके जैन**

आज विश्व संयुक्त राष्ट्र के 2030 सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की ओर तेज़ी से बढ़ रहा है। इन 17 लक्ष्यों में लैंगिक समानता (एसडीजी-5) और मज़बूत, समावेशी संस्थानों का निर्माण (एसडीजी-16) संसदों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं। आंकड़े बताते हैं कि वैश्विक स्तर पर संसदों में महिलाओं की भागीदारी अभी भी केवल 26% है (आईपीयू, 2023), जबकि भारत में यह आंकड़ा और भी कम, लगभग 14.4% (लोकसभा, 2024) है। यह असंतुलन न केवल लैंगिक समानता के लिए चुनौती है, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर भी सवाल उठाता है। संसदें नीतियां बनाती हैं, संसाधनों का आवंटन करती हैं और सरकार को जवाबदेह बनाती हैं। लेकिन अगर इन नीतियों में आधी आबादी की आवाज़ शामिल नहीं है, तो क्या यह लोकतंत्र वास्तव में "सभी के लिए" है?

भारत, जो विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, इस संदर्भ में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करता है। भारतीय संसद, लोकसभा और राज्यसभा, करोड़ों लोगों की आकांक्षाओं का केंद्र है। यह वह मंच है, जहाँ 1.4 अरब लोगों की विविधता को एक स्वर में ढाला जाता है। लेकिन इस विविधता को प्रतिबिंबित करने के लिए संसद को और अधिक समावेशी होना होगा। उदाहरण के लिए, नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान एक ऐतिहासिक कदम है, लेकिन इसका पूर्ण कार्यान्वयन अभी बाकी है। इसी तरह, युवाओं और हाशिए पर पड़े समुदायों जैसे आदिवासियों, दलितों, और एलजीबीटीक्यू+ समुदाय को संसद में अधिक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में 65% आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, लेकिन संसद में युवा सांसदों की संख्या केवल 12% के आसपास है। यह असंतुलन न केवल नीतियों को प्रभावित करता है, बल्कि युवाओं के बीच राजनीतिक संस्थानों के प्रति विश्वास को भी कम करता है।

अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस हमें उन मूलभूत सवालों से रूबरू कराता है, जो अक्सर संसदीय बहसों के शोर में दब जाते हैं। क्या संसदें जनता के सबसे ज़रूरी मुद्दों को प्राथमिकता दे रही हैं? क्या वे लैंगिक भेदभाव, सामाजिक असमानता और पर्यावरणीय संकट जैसे मुद्दों पर ठोस कदम उठा रही हैं? आईपीयू की 2022 की वैश्विक संसदीय रिपोर्ट के अनुसार, केवल 40% संसदों ने ही सतत विकास लक्ष्यों को अपनी नीतियों में स्पष्ट रूप से शामिल किया है। यह आंकड़ा चेतावनी देता है कि संसदों को अपनी भूमिका को और अधिक सक्रिय और प्रभावी बनाना होगा। भारत में, उदाहरण के लिए, संसद ने जलवायु परिवर्तन (एसडीजी-13) और शिक्षा (एसडीजी-4) जैसे क्षेत्रों में कई नीतियां बनाई हैं, लेकिन उनकी निगरानी और कार्यान्वयन में कमी दिखती है।

संसदों की जवाबदेही और पारदर्शिता लोकतंत्र की नींव है। आईपीयू के अनुसार, विश्व की 80% संसदें अब डिजिटल तकनीकों का उपयोग कर रही हैं, जैसे कि ऑनलाइन सत्र, ई-वोटिंग, और नागरिक संवाद मंच। भारत में भी डिजिटल संसद पहल के तहत संसद के सत्रों को डिजिटल रूप से प्रसारित किया जा रहा है, लेकिन नागरिकों की सीधी भागीदारी अभी भी सीमित है। अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि संसदें न केवल नीतियां बनाएं, बल्कि नागरिकों के साथ सीधा संवाद स्थापित करें। उदाहरण के लिए, न्यूज़ीलैंड और कनाडा जैसे देशों में "संसदीय ओपन डे" जैसे आयोजन होते हैं, जहाँ आम लोग संसद में जाकर अपने सांसदों से मिल सकते हैं। भारत में भी इस तरह की पहल लोकतंत्र को और जीवंत बना सकती हैं।

इस दिवस का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि यह संसदों को आत्म-मूल्यांकन का अवसर देता है। क्या संसदें वास्तव में समावेशी हैं? क्या वे बदलते समय के साथ तालमेल बिठा रही हैं? आईपीयू की एक रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की केवल 20% संसदों में ही लैंगिक समानता और समावेशिता के लिए विशेष समितियाँ हैं। भारत में, हालाँकि संसद में महिला सशक्तीकरण समिति जैसी संरचनाएँ हैं, लेकिन इनका प्रभाव अभी व्यापक नहीं हुआ है। यह समय है कि संसदें न केवल कानून बनाएं, बल्कि स्वयं को अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और जवाबदेह बनाने के लिए नवाचार करें।

नागरिकों की भूमिका भी इस दिन उतनी ही महत्वपूर्ण है। लोकतंत्र केवल संसद तक सीमित नहीं है; यह जनता की जागरूकता और भागीदारी से जीवित रहता है। हम कितनी बार अपने सांसदों से सवाल पूछते हैं? कितनी बार संसद के सत्रों पर ध्यान देते हैं? भारत में, आरटीआई (सूचना का अधिकार) जैसे उपकरणों ने नागरिकों को सशक्त किया है, लेकिन संसदीय कार्यवाहियों में उनकी भागीदारी अभी भी न्यूनतम है। अंतरराष्ट्रीय संसदीय दिवस हमें यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र एक दोतरफा प्रक्रिया है, संसद को जनता के प्रति जवाबदेह होना होगा, और जनता को संसद के प्रति जागरूक।

30 जून केवल एक तारीख नहीं, बल्कि एक प्रेरणा है—एक संकल्प कि संसदें केवल सत्ता के गलियारों में गूंजने वाली आवाज़ें न बनें, बल्कि समाज के हर कोने तक समानता, न्याय और विकास की गूंज पहुँचाएँ। जब संसदें हर नागरिक की आवाज़ को सुनेंगी—चाहे वह एक महिला हो, एक युवा हो, या समाज के हाशिए पर खड़ा व्यक्ति—तब ही लोकतंत्र एक नारा नहीं, बल्कि एक जीवनशैली बनेगा। यह दिवस हमें यह विश्वास दिलाता है कि संसदें केवल कानून बनाने वाली इमारतें नहीं, बल्कि वे मंदिर हैं, जहाँ मानवता की आकांक्षाएँ आकार लेती हैं। इस 30 जून को हम संकल्प लें कि हमारी संसदें न केवल सशक्त होंगी, बल्कि संवेदनशील, समावेशी और सतत विकास की दिशा में मार्गदर्शक भी बनेंगी। यही लोकतंत्र की सच्ची जीत होगी। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## रथ यात्रा

भैया जी घर से बाहर निकले तो अपनी गाड़ी देखकर चौंक उठे । उनकी महंगी एसयूवी गाड़ी को रथ की भांति सजाया गया था। भैया जी को अपने क्षेत्र के एक कार्यक्रम में जाना था। उस में भैया जी के पीए के निर्देश पर भैया जी की पसंद की बारबाला को नृत्य के लिए बुलाया गया था। भैया जी को अचम्भित देख पीए बोलै - भैया जी, चुनाव जीते चार साल हो गए। आप चुनाव जीतने के बाद पहली बार तो क्षेत्र में जा रहे हैं। छः माह बाद चुनाव की भागमभाग होगी। लोग आपका रुतवा भी तो देखें। वहाँ पिछले चुनाव में पुल बनवाने का संकल्प जनता के बीच लिया था। भैया जी बोले-का करें बड़का बेटवा ठिका लिया और कागजे पर पुल बना दिया। भंडा तो चुनाव प्रचार में फूटेगा। पीए बोले - सर, इसीलिए इस बात को छिपाकर दिखाने के लिए शिलान्यास कर दीजिए। भैया जी के काफिले में इक्कीस गाड़ी, इक्कीसराइफलधारी, सरकारी पांच सुरक्षाकर्मी भी निकले। रास्ते भर और वहां पंहुचकर खूब गोलियाँ हवा में चलाई गयी। भैया जी की यह रथ यात्रा प्रसिद्द हुई। एक बड़े अधिकारी को कार्य दिवस के दोपहर ही पत्नी का फोन आया-सुनो, आज मित्तल जी के फार्म हॉउस में पार्टी है। परम्परागत रूप से चलो ताकि मैं अपना प्रभाव जमा सकता हूँ। अधिकारी सोच में पड़ गया। उसने अपने कनीय अधिकारी को बुलाया और कहा-विभाग की कार्य प्रणाली सुधारने के लिए एक आपात गोपनीय बैठक मित्तल जी के फार्म हॉउस के बाहरी लॉन में शाम को होगी। निश्चित समय पर अधिकारी दम्पत्ति पूरे लाव-लश्कर से फार्म हाउस पंहुचा। दम्पत्ति सीधे पार्टी में चले गए। पार्टी समाप्ति के बाद अधिकारी दम्पत्ती का काफिला अपने बंगले देर रात लौट गया। अधिकारियों को चलते समय सूचना दे दी गयी कि बैठक साहब के आवास पर अब होगी। पूरा काफिला बंगले तक गया। फिर सूचना मिली कि बैठक स्थगित। बड़े अधिकारी की रथयात्रा सम्पन्न हुई। मित्तल साहब को कर माफ़ कराने के लिए मंत्री जी के पास जाना था। मुलाक़ात का समय और स्थान तय हुआ। मित्तल साहब निजी सुक्षाकर्मियों और पूरे इक्कीस गाड़ियों के क्रम में मंत्री जी के आवास पँहुचे। मंत्री जी के पीए ने मंत्री जी को यह सब देखकर कान में कहा-मोटी पार्टी है, मोटा माल अवश्य मिलेगा। मंत्री जी को मित्तल साहब ने बताया कि अमुक राज्य की राजधानी में आपके लिए फार्म हाउस बनवा देंगे। मंत्री जी ने कर माफ़ कर दिया। मित्तल साहब का कारवां लौट आया। मंत्री जी के फार्म हाउस के लिए भूमि का चयन कब होगा, किसी को पता नहीं, परन्तु मित्तल जी की रथ यात्रा सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

व्यंग्य की **बात**



**डॉ प्रशान्त करण**

# एक्सिओम-4 व भारत की वैश्विक पहचान



एक्सिओम-4 मिशन भारत के अंतरिक्ष इतिहास में एक ऐतिहासिक क्षण है। वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की सहभागिता से यह मिशन सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की उपस्थिति का प्रतीक बन गया है। अमेरिका की एक्सिओम-4 स्पेस और नासा के सहयोग से हुआ यह अभियान भारत को मानव अंतरिक्ष यात्रा के क्षेत्र में नई ऊंचाईयों पर ले गया है। वैज्ञानिक प्रयोगों, अंतरराष्ट्रीय सहयोग और रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर यह मिशन आने वाले गगनयान और भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन की नींव मजबूत करता है। 41 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद जब भारत का कोई प्रतिनिधि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की ओर रवाना हुआ, तो यह महज़ एक मिशन नहीं था, बल्कि भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, वैश्विक कूटनीति और वैज्ञानिक प्रतिष्ठा का पुनर्जन्म था। एक्सिओम-4 मिशन में भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ल की भागीदारी ने यह स्पष्ट कर दिया कि भारत अब अंतरिक्ष की दौड़ में सिर्फ एक सहभागी नहीं, बल्कि एक संभावित नेतृत्वकर्ता के रूप में देखा जा रहा है। इस मिशन के माध्यम से भारत ने एक साथ कई स्तरों पर उपलब्धियाँ प्राप्त कीं। सबसे पहले, वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बात करें तो भारत ने इस मिशन के तहत सात प्रमुख वैज्ञानिक प्रयोग अंतरिक्ष में भेजे। ये सभी प्रयोग सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण पर आधारित थे और इनका उद्देश्य जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझना था। मेथी और मूंग जैसे बीजों पर किया गया अध्ययन भारतीय कृषि तकनीकों की विशिष्टता को अंतरिक्ष तक ले गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि भारत की पारंपरिक खेती भी वैज्ञानिक शोध के लिए प्रासंगिक और आधुनिक है इसके अतिरिक्त, सूक्ष्मजीवों, माइक्रोएल्गी और मांसपेशियों के पुनरुत्पादन पर आधारित प्रयोगों ने दीर्घकालिक अंतरिक्ष यात्रा में जीवन समर्थन प्रणालियों के विकास में भारत की उपयोगिता को सिद्ध किया। इससे स्पष्ट है कि भारत केवल अंतरिक्ष में मौजूदगी दर्ज कराने नहीं बल्कि उसमें नवाचार और अनुसंधान के स्तर पर योगदान देने आया है।

शुभांशु शुक्ल का स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन यान को सफलतापूर्वक डॉक करना और अंतरिक्ष में आपातकालीन स्थितियों का प्रशिक्षण प्राप्त करना, आने वाले गगनयान मिशन के लिए अमूल्य अनुभव है। यह भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन के लिए एक मजबूत बुनियाद का कार्य करेगा।

एक्सिओम-4 ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब व्यावसायिक अंतरिक्ष उड़ानों में भी प्रवेश कर चुका है। एक्सिओम-4 स्पेस और भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस के बीच हुआ समझौता दर्शाता है कि भारत अब केवल सरकारी संसाधनों पर निर्भर नहीं रहना चाहता, बल्कि निजी क्षेत्र के सहयोग से सस्ते और नवीन समाधान विकसित करने की दिशा में अग्रसर है। यह भारतीय अंतरिक्ष नीति की आत्मनिर्भरता और स्टार्टअप संस्कृति की सफलता की कहानी है।

रणनीतिक दृष्टि से देखें तो एक्सिओम-4 भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते सहयोग का प्रतीक है, विशेषकर आईसीईटी और आर्टेमिस समझौते जैसी व्यवस्थाओं के अंतर्गत। भारत ने इस मिशन के ज़रिए न केवल अमेरिका बल्कि वैश्विक दक्षिण-उत्तर सहयोग की भावना को भी मज़बूती दी। इस मिशन में भारत के साथ पोलैंड और हंगरी जैसे देशों के अंतरिक्ष यात्री भी शामिल थे। यह वैश्विक समावेशिता और साझेदारी का प्रतीक था।

यह मिशन भारत की "सॉफ्ट पावर" को भी बढ़ावा देता है। जब दुनिया के समाचार चैनलों पर भारत का नाम मानव अंतरिक्ष यात्रा के साथ जोड़ा गया, तो यह सिर्फ तकनीकी नहीं, कूटनीतिक जीत भी थी। भारत ने यह दिखा दिया कि वह केवल उपग्रह भेजने वाला देश नहीं, बल्कि अंतरिक्ष में मानव भेजने और सहयोग करने वाला देश बन चुका है। एक्सिओम-4 मिशन से भारत के निजी अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को भी नया आत्मविश्वास मिला है। स्काईरूट और अग्निकुल कॉसमॉस जैसी कंपनियाँ अब वैश्विक सहयोग की दिशा में अपने कदम बढ़ा रही हैं। यह भारत के लिए निवेश, तकनीकी सहयोग और वैज्ञानिक नवाचार के नए द्वार खोलने वाला साबित हो सकता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की **बात**



**प्रियंका सौरभ**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मन -बंदर बिच्छू डसा, लिया धतूरा खाय।
हे ईश्वर! रक्षा करो, गर्त छलांग लगाय।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# ..तो क्या ये ' दीवार ' टूट गई है भाई ?

आपकी **बात**



**अमर आनंद**
वरिष्ठ पत्रकार

कभी दक्षिण भारत के लुंगी वालों के विरोधी रहे महाराष्ट्र के हिंदू हृदय सम्राट स्वर्गीय बाला साहब ठाकरे के दोनों लाल उत्तर में और देश भर में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा राष्ट्रभाषा हिंदी के खिलाफ अब नए सिरे एक हो गए है और राष्ट्र भाषा के विरोध में महाराष्ट्र की भाषा यानी मराठी को अपना हथियार बना लिया है। ठाकरे परिवार के दोनों कर्णधारों के बीच ऐसा लगता है कि अब दूरियों की ' दीवार 'टूट गई है। महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर विवाद जारी है और इस बीच दोनों भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पांच जुलाई को मुंबई में संयुक्त रैली करने वाले हैं। हालांकि इससे पहले उद्धव की पार्टी शिव सेना, यूबीटी छह जुलाई को और राज की पार्टी एमएनएस मनसे प्रमुख सात जुलाई को अलग - अलग रैली निकालने का ऐलान कर चुकी थी, लेकिन अब इस मामले में दोनों भाई साथ - साथ हैं। दोनों भाइयों के इस संयुक्त अभियान को एनसीपी (शरद गुट) का भी समर्थन है। पार्टी चीफ शरद पवार का कहना है महाराष्ट्र में कक्षा एक से हिंदी अनिवार्य नहीं की जानी चाहिए। अगर कोई नई भाषा शुरू की जानी है तो उसे कक्षा पांच के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि महाराष्ट्र सरकार ने इसी साल अप्रैल में हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बना दिया था। विरोध के बाद फैसले में बदलाव करते हुए कक्षा एक से पांचवीं तक पढ़ने वाले छात्रों को तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी के अलावा भी दूसरी भारतीय भाषाएं चुनने का अधिकार दिया। उद्धव ठाकरे कहते हैं कि वह हिंदी के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उसे थोपे जाने के समर्थन में नहीं हैं। उद्धव ने कहा कि महायुति सरकार का फैसला राज्य में 'लैंग्वेज इमरजेंसी' को लागू करने जैसा है। उद्धव के भाई राज ठाकरे यह कहते है कि सरकार को यह मालूम होना चाहिए कि राज्य की इच्छा क्या है। दोनों भाई इस मुद्दे पर बड़े आंदोलन के मूड में हैं। उद्धव और राज का साथ आना महाराष्ट्र राजनीति में एक बड़ा संकेत और संदेश माना जा रहा है वह भी मराठी अस्मिता की लड़ाई के साथ। शिव सेना के चीफ बल ठाकरे की राजनीति का आरंभ ही मराठी अस्मिता को लेकर हुआ था और अब फिर से एक हुए दोनों भाई मिलकर नए सिरे से इस लड़ाई को फिर से नए सिरे से आगे बढ़ाएंगे। बाल ठाकरे की राजनीति को उनके जीवन काल में उद्धव और राज पहले भी मिलकर बढ़ा रहे थे लेकिन बाला साहब की तरफ से उद्धव को अहमियत और राज के लिए बेरुखी की वजह से बाला साहब के दोनों सिपहसालार और उत्तराधिकारी अलग अलग हो गए थे और वर्चस्व स्थापित करने की चाह में अलग राह पर चल पड़े थे। अलग रह कर नरेंद्र मोदी के मित्र माने जाने वाले राज ने कभी बीजेपी के शुभचिंतक तो कभी विरोधी नजर आते हुए कुछ हद तक अपनी धमक बरकरार रखी तो उद्धव ने मोदी और उनकी पार्टी से दूरी बनाकर सत्ता की चमक हासिल की। आठ महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथी रहे उद्धव हार गए तो राज कुछ खास नहीं कर पाए। अब जब दोनों भाइयों के पास खोने को कुछ नहीं रहा तो बीएमसी चुनाव से ठीक पहले हिंदी भाषा के विरोध के मुद्दे को सुलगा कर मराठी मानुष के बड़े शुभचिंतक के रूप में खुद को एक बार फिर से स्थापित करना चाहते हैं। दोनों का मकसद है कि बीएमसी उनके हाथ से जाने न पाए और दबदबा बरकरार रहे। जाहिर तौर पर दोनों के एक हो जाने और पवार और दूसरे मराठी नेताओं के उनके साथ खड़े हो जाने की सूरत में सता पक्ष के सामने एक नई चुनौती खड़ी हो जाएगी। उद्धव और राज की अगली पीढ़ियां भी चर्चाओं और विवादों के बीच राजनीति में खुद को स्थापित करने की जद्दोजहद में है। उम्मीद की जानी चाहिए कि भविष्य में उद्धव और राज का भाईचारे की बीच कोई नई ' दीवार 'सामने नहीं आएगी और दोनों भाइयों के साथ साथ उनके बेटों को भी इस नए आंदोलन से राजनीतिक संजीवनी मिलेगी।



**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## पीएम ने एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की चर्चा की

# वैश्विक मंच पर योग जीवनशैली की गूंज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' के 123वें एपिसोड के माध्यम से देशवासियों को संबोधित करते हुए 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस' की भव्यता और उसकी वैश्विक स्वीकृति को उजागर किया। उन्होंने कहा, ''आप सब इस समय योग की ऊर्जा और 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस' की स्मृतियों से भरे होंगे।''



● वडनगर में 2121 लोगों ने एक साथ भुजंगासन कर नया कीर्तिमान रचा

प्रधानमंत्री ने लोगों को याद दिलाया कि 10 साल पहले जब अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की शुरुआत हुई थी, तब किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह दिन वैश्विक चेतना और मानव कल्याण का इतना प्रभावशाली माध्यम बन जाएगा। उन्होंने कहा, ''हर वर्ष यह आयोजन और भी भव्य होता जा रहा है, जो इस बात का संकेत है कि योग अब जीवनशैली का हिस्सा बनता जा रहा है। इस बार हमने योग दिवस की तस्वीरें कितनी आकर्षक देखी हैं।''

हिमालय की बर्फीली चोटियों पर आईटीबीपी जवानों द्वारा किए गए योग के बारे में बात करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ''हिमालय की ऊंचाइयों पर आईटीबीपी के जवानों ने साहस और साधना का अद्भुत संगम दिखाया। गुजरात के वडनगर में 2121 (इक्कीस सौ इक्कीस) लोगों ने एक साथ भुजंगासन कर नया रिकॉर्ड बनाया। न्यूयॉर्क, लंदन, टोक्यो, पेरिस जैसे दुनिया के प्रमुख शहरों से योग की शांति, स्थिरता और संतुलन से भरी तस्वीरें सामने आईं। इस साल की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग' रही, जो 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को जीवंत करती है। प्रधानमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस भव्य आयोजन से प्रेरित होकर ज्यादा से ज्यादा लोग योग को अपनाएंगे।

### विशाखापत्तनम से हिमालय तक, योग दिवस की गूंज

पीएम मोदी ने खासतौर से विशाखापत्तनम का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। उन्होंने कहा, "विशाखापत्तनम के समुद्र तट पर तीन लाख लोगों ने एक साथ योग किया। दो हजार से ज्यादा आदिवासी छात्रों ने 108 मिनट तक 108 सूर्य नमस्कार कर अनुशासन और समर्पण की मिसाल पेश की। नौसेना के जहाजों से लेकर हिमालय की चोटियों तक, योग की गूंज हर ओर सुनाई दी। दिल्ली के लोगों ने योग को स्वच्छ यमुना के संकल्प से जोड़ते हुए नदी तट पर योग किया। जम्मू-कश्मीर के चिनाब ब्रिज, जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है, वहां भी लोगों ने योग किया।"

# भारत-नेपाल सीमा पर ब्राउन सुगर तस्कर संजय यादव गिरफ्तार

**एजेंसी। अररिया**

भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में ब्राउन सुगर तस्करी का मास्टरमाइंड संजय यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को इनकी लंबे अरसे से तलाश थी।बसमतिया थाना में एनडीपीएस समेत संगीन मामलों में इनके खिलाफ पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं।बसमतिया थाना पुलिस ने संजय यादव को बसमतिया बाजार से गिरफ्तार किया।इस बात की जानकारी फारबिसगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के कार्यालय में रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में



एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने दी। एसडीपीओ मुकेश कुमार साहा ने बताया कि 29 मई 2025 को बसमतिया थाना क्षेत्र के बेला वार्ड संख्या आठ में चेकपोस्ट के समीप उमेश खत्वे उर्फ उमेश शर्मा पिता सोमी शर्मा उर्फ सोमी खत्वे को 205 ग्राम ब्राउन सुगर के साथ गिरफ्तार किया गया था। मामले में बसमतिया थाना में कांड संख्या 28/25 दिनांक 29 मई 2025 धारा 8(सी), 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। गिरफ्तार उमेश शर्मा ने पूछताछ के क्रम में बताया था कि यह ब्राउन सुगर को तस्करी के लिए संजय यादव ने उसे दिया था।पुलिस इस मामले के अलावा अन्य मामलों में उनकी तलाश कर रही थी।

## कोलकाता गैंगरेप केस: टीएमसी ने मदन मित्रा को थमाया कारण बताओ नोटिस

**एजेंसी। कोलकाता**



कोलकाता के लॉ कॉलेज गैंगरेप मामले पर विवादित बयान को लेकर घिरे टीएमसी नेता मदन मित्रा की मुश्किलें थमती नजर नहीं आ रही हैं। टीएमसी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी किया और कहा कि उनका यह बयान पार्टी के कठोर रुख के खिलाफ है। पश्चिम बंगाल के तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष सुब्रत बख्शी ने कहा, "कोलकाता शहर में एक लॉ स्टूडेंट के साथ बहुत ही जघन्य और अत्यंत दुखद घटना घटी है। पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने दुखद और क्रूर यातना की इस अत्यंत संवेदनशील घटना पर दुख व्यक्त किया और इस घटना की कड़ी निंदा की है। प्रशासन आवश्यक कार्रवाई कर रहा है और दोषियों की त्वरित पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। सुब्रत बख्शी ने मदन मित्रा को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए आगे कहा, "इस मामले में 28 जून 2025 को आपके (मदन मित्रा) द्वारा किया गया अनुचित, अनावश्यक और असंवेदनशील बयान पार्टी की छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाने वाला है। साथ ही, आपका यह बयान पार्टी के कठोर रुख के खिलाफ है। पार्टी अनुशासन भंग करने के इस व्यवहार के लिए आपको अगले तीन दिनों के भीतर कारण बताने का निर्देश दिया जाता है।

## बिहार पहला राज्य जहां ई-वोटिंग के जरिए हुआ मतदान : सम्राट चौधरी

**एजेंसी। पटना**



देश में पहली बार मोबाइल एप के जरिए वोटिंग हुई। शनिवार को बिहार के 26 जिलों की 42 नगर पालिकाओं के उपचुनाव हुए। कुल 62.41 फीसदी वोटिंग हुई। ई-वोटिंग, बूथ वोटिंग से अधिक दर्ज हुई। ई-वोटिंग के जरिए करीब 70 प्रतिशत मतदान हुआ। इस बीच, बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता जताई है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार के लिए यह खुशी का समय है। बिहार के नगर निकाय के चुनाव में ई-वोटिंग के जरिये 70 प्रतिशत मतदान हुआ। अपने आप में यह अनोखा प्रयोग है। बिहार पहला राज्य है जहां ई-वोटिंग के जरिये मतदान हो रहा है। इधर, सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत के दूसरे स्थान पर आने को लेकर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों का कल्याण हो रहा है। दरअसल, बिहार ने देश में पहली बार ई-वोटिंग करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। शनिवार को नगर निकाय आम चुनाव और उपचुनाव में ऑनलाइन निबंधित 70 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मोबाइल से ई-मतदान किया। चुनाव में पटना, बक्सर, रोहतास, सारण, बांका और पूर्वी चंपारण के विभिन्न नगर निकायों के मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी का आपातकाल पर प्रहार

# लोकतंत्र रक्षक वीरों को दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 123वें एपिसोड में कई महत्वपूर्ण विषयों पर देशवासियों से बात की। इनमें से एक अहम मुद्दा था 1975 में कांग्रेस शासनकाल के दौरान लगाया गया आपातकाल। इस दौरान पीएम मोदी ने देशवासियों को उस दौर की भयावहता और संकट से अवगत कराने के लिए विभिन्न नेताओं के ऑडियो संदेशों को भी सुनाया। इन ऑडियो के माध्यम से उन्होंने उस समय के हालात को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया, जब लोकतंत्र को कुचलने की कोशिश की गई थी। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा, "जन-भागीदारी की शक्ति से, बड़े-बड़े संकटों का मुकाबला किया जा सकता है।" इसके बाद उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी भाई देसाई के एक ऑडियो का उल्लेख किया, जिसमें उन्होंने आपातकाल की क्रूरता को बयां किया। मोरारजी भाई ने कहा था, "आखिर ये जो जुल्म हुआ दो साल तक, जुल्म तो 5-7 साल से शुरू हो गया था। मगर वो शिखर पर पहुंच गया है दो साल में, जब लोगों पर इमरजेंसी थोप दी और अमानवीय बर्ताव किया गया। लोगों के स्वतंत्रता के हक छीन लिए गए, अखबारों को कोई स्वतंत्रता न रही। न्यायालय बिल्कुल निर्बल बना दिए गए। जिस ढंग से एक लाख से ज्यादा लोग जेल में बंद कर दिए , और फिर सरकार की मनमानी होती रही, उसकी मिसाल दुनिया के इतिहास में भी मिलना मुश्किल है।"

पीएम मोदी ने कहा कि मोरारजी भाई देसाई ने संक्षेप में, लेकिन बहुत ही स्पष्ट तरीके से इमरजेंसी के बारे में बताया है। आप कल्पना कर सकते हैं, वो दौर कैसा था। इमरजेंसी लगाने वालों ने ना सिर्फ हमारे संविधान की हत्या की बल्कि उनका इरादा न्यायपालिका को भी अपना गुलाम बनाए रखने का था।



● **जनता की विजय:** भारत की जनता ने लोकतंत्र के पक्ष में निर्णायक भूमिका निभाई और आपातकाल थोपने वालों को सत्ता से बाहर कर दिया।

इस दौरान लोगों को बड़े पैमाने पर प्रताड़ित किया गया था। इसके ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जिन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। जॉर्ज फर्नांडिस को जंजीरों में बांधा गया था। अनेक लोगों को कठोर यातनाएं दी गई। 'मीसा' के तहत किसी को भी ऐसे ही गिरफ्तार कर लिया जाता था। विद्यार्थियों को भी परेशान किया गया और अभिव्यक्ति की आजादी का भी गला घोंट दिया गया। पीएम मोदी ने इस दौरान भारत की जनता की अदम्य शक्ति की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उस काले दौर में भी भारतीय जनता न झुकी, न टूटी, और न ही लोकतंत्र के साथ कोई समझौता किया। आखिरकार, जनता-जनार्दन की जीत हुई और आपातकाल को हटाने के साथ-साथ इसे थोपने वाली ताकतों को भी सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया। इस संदर्भ में पीएम ने बाबू जगजीवन राम के एक ऑडियो का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने कहा, "पिछला चुनाव, चुनाव नहीं था। भारत की जनता का एक महान अभियान था।

## 'मन की बात' में पीएम मोदी ने 'सामाजिक सुरक्षा लाभ' का किया जिक्र

**बरेली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम को पूरे देश में बड़े चाव से सुना गया। पीएम मोदी ने आईएलओ की एक रिपोर्ट के हवाले से बताया कि कैसे सामाजिक सुरक्षा के मामले में देश ने प्रगति की है। उत्तर प्रदेश के बरेली में भी लोग मन की बात में शरीक हुए। उन्होंने भी इस बात को माना कि हालात बेहतर हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 123वें एपिसोड में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 64 प्रतिशत से अधिक आबादी (लगभग 95 करोड़ लोग) अब किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा योजना का लाभ उठा रही है। 2015 तक, केवल 25 करोड़ लोग ही सरकारी योजनाओं का लाभ ले पाते थे, जो दर्शाता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सामाजिक सुरक्षा के दायरे में उल्लेखनीय विस्तार किया है। यह उपलब्धि देश में सामाजिक-आर्थिक समावेशन को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में बरेली की नूर फातिमा ने कहा, "हम पीएम मोदी की बात से इत्तेफाक रखते हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। किसी भी योजना के लिए पहले जब आवेदन कराया जाता था तो उस वक्त रिश्वत मांगी जाती थी।

## मन की बात: पीएम मोदी ने आम से लोगों की खास उपलब्धियों का किया जिक्र

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देशवासियों के साथ 123वीं बार 'मन की बात' की। उन्होंने 'अंतरराष्ट्रीय योग दिवस', 'तीर्थ यात्राओं', भारत के 'ट्रेकोमा' मुक्त होने, देश में इमरजेंसी के 50 साल पूरे होने, 'अहिंसा सिल्क' अपनाने समेत कई मुद्दों से रूबरू कराया। प्रधानमंत्री ने कुछ आम से लोगों की खास उपलब्धियों का भी जिक्र किया। बताया कि कैसे मध्य प्रदेश की सुमा उइके, महाराष्ट्र के रमेश खरमाले जैसे लोगों के प्रयास से समाज और देश समृद्ध हो रहा है। पीएम मोदी ने 'मन की बात' के 123वें एपिसोड के दौरान मेघालय के एरी सिल्क का जिक्र किया और जीआई टैग मिलने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि एरी सिल्क मेघालय के लिए एक धरोहर की तरह है। यहां की जनजातियों ने खासकर खासी समाज के लोगों ने पीढ़ियों से इसे सहेजा है। मेघालय की महिलाएं अब सेल्फ हेल्प ग्रुप के जरिए अपनी इस धरोहर को आगे बढ़ा रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'महिला नेतृत्व विकास' पर बात करते हुए तेलंगाना के भद्राचलम की महिलाओं की सफलता की कहानी को बयां किया। उन्होंने कहा कि ये महिलाएं रोज़ी रोटी के लिए दिन-भर मेहनत करती थीं। आज वही महिलाएं, बाजरा, श्रीअन्न से बिस्किट बना रही हैं।

## शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार, कार जब्त

**भागलपुर।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के सन्हौला मोड़ चेक पोस्ट के आगे ब्लॉक के पास से जगदीशपुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए कार सहित एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। वह कार से देसी शराब की खेप लेकर झारखंड से आ रहा था। शराब तस्कर की पहचान झारखंड गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट थाना अंतर्गत अमजोरा गांव निवासी दिलीप गोस्वामी के रूप में हुई। उल्लेखनीय है कि जगदीशपुर पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान कर से 200 एमएल का 1200 पाउच देसी शराब बरामद किया गया। मौके से पुलिस ने शराब तस्कर को गिरफ्तार करते हुए कार को भी जप्त कर लिया।इस संबंध में थाना अध्यक्ष भाई शंकर ने बताया कि शराब तस्कर से पूछताछ की जा रही है। शराब की डिलीवरी कहां देना था, इसकी जानकारी ली जा रही है। इस गिरोह का पहचान कर उसे पर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान थाना अध्यक्ष अभय शंकर, के साथ एस. आई. सुधीर कुमार, एस. आई. देवेंद्र कुमार, शैलेंद्र कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## अरविंद केजरीवाल हताशा और निराशा में गलत बयानबाजी कर रहे : सचदेवा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में झुग्गियों को तोड़े जाने के खिलाफ रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) के जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन को लेकर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आप संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि केजरीवाल अपनी हताशा और निराशा में इस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, जिससे दिल्ली में अशांति फैलाने की कोशिश हो रही है। उन्होंने आप के विरोध-प्रदर्शन को दिल्ली की जनता द्वारा नकारे जाने की हताशा का नतीजा बताया। सचदेवा ने कहा, "दिल्ली की जनता ने आप को साफतौर पर नकार दिया है। इसके बावजूद केजरीवाल इस तरह के प्रदर्शनों और बयानों के जरिए माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। दिल्ली सरकार ऐसी किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं करेगी, जो शहर में अशांति पैदा करे। सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने पिछले 100 दिनों के कार्यकाल में समाज के हर वर्ग को शामिल करने का प्रयास किया है, चाहे वह आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत हो या अन्य जनकल्याणकारी पहल।

## आज का राशिफल

**मेष :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी।

**वृष :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है।

**मिथुन :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, ड्क्षचता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**कर्क :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा।

**सिंह :** पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**वृश्चिक :** पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी ड्क्षचता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**धनु :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**मकर :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ।

**कुंभ :** आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**मीन :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

## मुंबई हवाई अड्डे पर थाईलैंड से आए यात्री के पास से मिले 16 जिंदा सांप, गिरफ्तार

**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर थाईलैंड से आए एक यात्री का पकड़ा गया है जिसके पास से केन्याई सैंड बोआ और होंडुरन मिल्क स्नेक सहित 16 जीवित सांप मिले हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात को थाईलैंड की राजधानी बैंकाक से मुंबई पहुंचने पर सीमा शुल्क कर्मचारियों ने यात्री को रोक लिया। उन्होंने बताया कि यात्री के सामान में 16 जीवित सांप मिले, जिनमें दो केन्याई सैंड बोआ, पांच राइनोसरस रैट स्नेक, तीन अल्बिनो स्नेक, दो होंडुरन मिल्क स्नेक , एक कैलिफोर्निया किंगस्नेक, दो गार्टर स्नेक और एक अल्बिनो रैट स्नेक शामिल थे। अधिकारी ने बताया कि वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो और सीमा शुल्क विभाग वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार सांपों को उनके मूल देश में वापस भेजने के लिए काम कर रहे हैं।

## पीएम 140 करोड़ लोगों को परिवार मानते हैं भेदभाव नहीं करते : उपमुख्यमंत्री

**एजेंसी। पटना**



अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में सामाजिक सुरक्षा दायरे में आने वाले लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। सामाजिक सुरक्षा में भारत दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों का परिणाम दिखने लगा है। पश्चिम बंगाल में दुष्कर्म मामले में ममता बनर्जी पर हमला करते हुए विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उनको इस्तीफा दे देना चाहिए। उपमुख्यमंत्री ने कहा, "निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साफ नीयत और सफल नीतियां स्पष्ट हैं। वे इस देश के 140 करोड़ लोगों को एक परिवार मानते हैं और देश के मान-सम्मान के लिए काम करते हैं, जिसका परिणाम अब दिखने लगा है।" वक्फ संशोधन बिल को लेकर गांधी मैदान में विरोध-प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजद के लोगों के द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के ऐसे लोग हैं, जिनको कभी कुछ नहीं मिलता था, लेकिन गरीब उत्थान के नाम पर प्रधानमंत्री हर एक व्यक्ति का सहयोग कर रहे हैं। उनके विकास के लिए उनकी आने वाली पीढ़ी के लिए उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। मुस्लिम समुदाय में इंसानियत होगी तो प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करके राष्ट्र की मजबूती के लिए काम करेंगे। पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में लॉ की छात्रा से दुष्कर्म की घटना पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा, "पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बंगाल को बर्बाद कर रही हैं।

## पुरी रथयात्रा भगदड़ पर खड़गे-राहुल गांधी ने जताया दुख

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के पुरी में गुंडिचा मंदिर के पास हुई भगदड़ पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने दुख जताया है। खड़गे ने इस घटना में लापरवाही को अक्षम्य बताया। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि जीवन की रक्षा सर्वोपरि है और इस जिम्मेदारी में कोई चूक स्वीकार्य नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,'' महाप्रभु जगन्नाथ रथ यात्रा के दौरान भगदड़ मचने की घटना से बहुत दुखी हूं, जिसमें तीन लोगों की जान चली गई और कम से कम 50 लोग घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार को यात्रा के दौरान 500 श्रद्धालुओं के घायल होने की खबर सामने आने के बाद हुई है। मेरी कामनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। मैं सभी घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।"

## 'द इमरजेंसी डायरीज' का विमोचन, सरमा ने संविधान में संशोधन की मांग उठाई

**एजेंसी। असम**



असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने शनिवार को 'द इमरजेंसी डायरीज' नामक पुस्तक का विमोचन किया। सरमा ने कहा कि आपातकाल की विरासत को हटाने का यह सही समय है, जिसमें संविधान में जोड़े गए धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद शब्द भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ये शब्द मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे और इन्हें हटा दिया जाना चाहिए, क्योंकि धर्मनिरपेक्षता सर्व धर्म समभाव के भारतीय विचार के खिलाफ है और समाजवाद कभी भी भारत की मूल आर्थिक दृष्टि का हिस्सा नहीं था।

पत्रकारों से बात करते हुए हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि आज हमने इमरजेंसी डायरी नामक पुस्तक का विमोचन किया, जिसमें आपातकाल के दौरान संघर्ष और प्रतिरोध के बारे में बताया गया है। जब हम आपातकाल की बात करते हैं, तो यह उसके बचे हुए प्रभाव को मिटाने का सही समय है, ठीक वैसे ही जैसे प्रधानमंत्री मोदी औपनिवेशिक शासन की विरासत को मिटाने का काम कर रहे हैं। आपातकाल के दो प्रमुख परिणाम हमारे संविधान में धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद जैसे शब्दों का जुड़ना था। मेरा मानना है कि धर्मनिरपेक्षता सर्व धर्म समभाव के भारतीय विचार के खिलाफ है। समाजवाद कभी भी हमारी आर्थिक दृष्टि नहीं थी, हमारा ध्यान हमेशा सर्वोदय अंत्योदय पर रहा है।

सरमा ने कहा, "इसलिए, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि वह इन दो शब्दों, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद को प्रस्तावना से हटा दे, क्योंकि वे मूल संविधान का हिस्सा नहीं थे और बाद में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा जोड़े गए थे।

**साक्षात्कार** | डिजिटलीकरण से वैश्विक मंच पर भारतीय ज्ञान का विस्तार

# भारत ज्ञान आधारित विश्वगुरु बनने की ओर : शिंदे

● **शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र' से प्राचीन ग्रंथों को बचाने की ऐतिहासिक पहल**

वाराणसी, 29 जून (हि.स.)। भारत अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रहा है। काशी की पवित्र भूमि पर देश का पहला 'शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र' का शुभारम्भ हुआ है, जिसका उद्देश्य उद्देश्य वेदों, उपनिषदों, पुराणों और अन्य प्राचीन ग्रंथों का डिजिटलीकरण कर अगली पीढ़ियों तक ज्ञान का यह



### प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण में युवाओं की निर्णायक भूमिका

प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण के इस कार्य में युवाओं की भूमिका को रेखांकित करते हुए शिंदे ने कहा कि युवाओं की भागीदारी इस प्रयास में निर्णायक होगी। यदि युवा हमारी संस्कृति, धर्मग्रंथों और स्थापत्य की गहराई को समझेंगे, तो वे इसे दूसरों तक भी पहुंचा सकेंगे। इस कार्य को जिस गति से करने की आवश्यकता है। उसके लिए युवा जोश और दृढ़ इच्छाशक्ति की जरूरत होगी। भारत एक युवा राष्ट्र है, यही युवा इसे ज्ञान में अग्रणी बना सकते हैं। इन युवाओं का कर्तव्य बनता है कि वो अपनी ऊर्जा से राष्ट्र को प्रगति की राह पर ले जाए।

अनमोल भंडार पहुंचाना है। इस केंद्र की स्थापना को भारत को 'ज्ञान आधारित विश्वगुरु' बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम माना जा रहा है। इसी विषय पर महाराष्ट्र सरकार के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बहुभाषी संवाद समिति 'हिन्दुस्थान समाचार' ने विशेष बातचीत की।

'शास्त्र संग्रहालय एवं अनुसंधान केंद्र' जैसी पहल की भूमिका और आवश्यकता पर बात करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि इक्कीसवीं सदी में भारत को ज्ञान के आधार पर विश्वगुरु बनने का जो सपना है, उसका मूल हमारे प्राचीन ग्रंथों और संस्कृतिक विरासत में निहित है। इन ग्रंथों में केवल धार्मिक सामग्री ही नहीं, बल्कि विज्ञान, दर्शन, जीवनशैली और संस्कृति की गहराइयां छिपी हैं। हमारे शास्त्र हमारी संस्कृति की आत्मा हैं। ये केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवन शैली, विज्ञान और दर्शन का भी अद्भुत संगम हैं। यदि हम इन्हें संरक्षित नहीं करेंगे, तो अगली पीढ़ी यह कभी नहीं जान पाएगी कि भारत क्या था।

पुरातन ग्रंथों के संरक्षण में डिजिटलीकरण के महत्व और सरकार की भूमिका को लेकर शिंदे ने कहा कि काशी में देश के पहले संग्रहालय का शुभारंभ हुआ है, जो सिर्फ ग्रंथों के संग्रह का केंद्र नहीं होगा, बल्कि शोध, अध्ययन और उनके डिजिटल रूपांतरण का भी प्रमुख माध्यम बनेगा।

## खैबर पख्तूनख्वा में आत्मघाती हमला

# मारे गए 13 पाकिस्तानी सैनिकी

**आत्मघाती विस्फोट**

- हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए, 10 घायल
- पाकिस्तान ने हमले के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया
- पाकिस्तान में हाल के दिनों में आतंकी हमलों की संख्या बढ़ी
- भारत ने दोहराया- आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए



**पख्तूनख्वा । एजेंसी**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को हुए एक आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए। इस हमले में 19 नागरिक भी घायल हुए हैं। पाकिस्तान ने इस हमले के लिए भारत को दोषी ठहराया है, हालांकि भारत के विदेश मंत्रालय ने इस आरोप को दृढ़ता से खारिज कर दिया है। वहीं, भारत के विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तानी सेना के आरोपों की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। मंत्रालय ने कहा, 'हमने 28 जून को वजीरिस्तान में हुए हमले के लिए भारत को दोषी ठहराने की कोशिश करने वाले पाकिस्तानी सेना के एक आधिकारिक बयान को देखा है। हम इस बयान को पूरी तरह से खारिज करते हैं।'

एक स्थानीय सरकारी अधिकारी के अनुसार, शनिवार को उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को एक सैन्य काफिले में घुसा दिया। यह घटना पाकिस्तान के आदिवासी क्षेत्रों में बढ़ती हिंसा का एक और उदाहरण है। इस हमले की जिम्मेदारी हाफिज गुल बहादुर समूह की आत्मघाती इकाई ने ली है, जो तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान से जुड़ा एक गुट है। यह हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में सबसे घातक घटनाओं में से एक बताया जा रहा है और इसने क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं।

## वजीरिस्तान आत्मघाती हमला : पाकिस्तानी सेना के दावों को भारत ने किया खारिज

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



विदेश मंत्रालय (एमईए) ने रविवार को पाकिस्तान सेना के उस दावे को पूरी तरह खारिज कर दिया है, जिसमें कहा गया था कि वजीरिस्तान में हुए आत्मघाती हमले के पीछे भारत का हाथ है। उस हमले में 13 सैनिक मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक बयान में कहा, "हमने 28 जून को हुए वजीरिस्तान हमले के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराने वाला पाकिस्तान सेना का बयान देखा है। हम इसे पूरी तरह खारिज करते हैं और इसकी कड़ी निंदा करते हैं। शनिवार तड़के पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले के खादी क्षेत्र में एक आत्मघाती हमले में 13 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और 29 लोग घायल हो गए, जिनमें 19 नागरिक शामिल थे। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन को बम निरोधक दस्ते के एक माइन-रेसिस्टेंट इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) वाहन से टकरा दिया था। इस जोरदार विस्फोट में 13 सैनिकों की मौत हो गई और 29 लोग घायल हुए, जिनमें 19 नागरिक थे। इसके अलावा, क्षेत्र में अंधाधुंध गोलीबारी की भी खबरें थीं, जिससे 19 नागरिक घायल हुए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) पाकिस्तान से जुड़े हाफिज गुल बहादुर समूह के एक उप-समूह उसुद अल-हरब ने इस आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी ली है। पाकिस्तानी मीडिया ने कहा कि यह हमला दक्षिणी वजीरिस्तान में एक खुफिया आधारित ऑपरेशन (आईबीओ) के कुछ दिनों बाद हुआ, जिसमें दो सैनिक मारे गए और 11 आतंकवादी ढेर किए गए।

यह घटना हाल के महीनों में उत्तरी वजीरिस्तान में हुआ सबसे घातक हमला है, जिसने क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को लेकर गंभीर चिंताएं बढ़ा दी हैं। पिछले महीने, पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के सीमावर्ती क्षेत्र किला अब्दुल्ला के गुलिस्तान क्षेत्र में एक कार बम विस्फोट हुआ था, जिसमें कम से कम चार लोग मारे गए और 20 से अधिक लोग घायल हुए, जिनमें से आठ की हालत गंभीर थी। यह विस्फोट गुलिस्तान कस्बे के जब्बार कमर्शियल मार्केट में क्वेटा-चमन राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जो पाकिस्तान के फ्रंटियर कोर के किले के पास है।

### पाकिस्तान में बढ़ती हिंसा

2021 में अफगानिस्तान में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से, पाकिस्तान ने अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में हमलों में तेज वृद्धि देखी है। इस्लामाबाद ने अक्सर अफगानिस्तान के तालिबान पर इन सीमा पार हमलों के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाया है, एक आरोप जिसे काबुल ने हमेशा नकारा है। इस साल अब तक खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सरकार विरोधी समूहों के हमलों में लगभग 290 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जिनमें ज्यादातर सुरक्षा बल के जवान हैं। वैश्विक आतंकवाद सूचकांक 2025 में पाकिस्तान दूसरे स्थान पर है, जहां आतंकवाद से संबंधित मौतें पिछले साल की तुलना में 45 प्रतिशत बढ़कर 1,081 हो गई हैं। यह आंकड़े पाकिस्तान में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति को उजागर करते हैं।

## गाजा में इजराइली हमलों में 72 लोगों की हुई मौत

**गाजा ।** गाजा में इजराइल की ओर से किए गए हमलों में कम से कम 72 लोगों की मौत हो गई। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। दक्षिणी शहर खान यूनिस के पास मुवासी में तंबूओं के शिविर पर इजराइली हमले में तीन बच्चे और उनके माता-पिता मारे गए। रिश्तेदारों ने बताया कि उन पर हमला सोते समय हुआ। बच्चों की दादी सुआद अबू तेइमा ने सवाल किया, ''इन बच्चों ने उनका क्या बिगाड़ा था ? उनका क्या दोष है?'' इजराइल ने यह हमले शुक्रवार देर रात शुरू किए जो शनिवार सुबह तक जारी रहे। इन हमलों में गाजा सिटी के फलस्तीन स्टेडियम के पास 12 लोगों की मौत हो गई। शिफा अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार ,इस स्टेडियम में विस्थापित लोगों को आश्रय दिया गया था। शिफा अस्पताल में ही मृतकों के शव लाए गए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, 20 से ज्यादा शवों को नासिर अस्पताल ले जाया गया। शनिवार अपराह्न पूर्वी गाजा शहर की एक सड़क पर हुए हमले में 11 लोगों की मौत हो गई और उनके शवों को अल-अहली अस्पताल ले जाया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगले सप्ताह के भीतर इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौता हो सकता है।

## पाक सेना प्रमुख असीम मुनीर का दावा, भारत ने दो बार किया हमला

**एजेंसी । करांची**



पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हाल ही में दावा किया है कि भारत ने बिना किसी उकसावे के पाकिस्तान पर दो बार हमला किया है। उन्होंने इसे भारत की 'रणनीतिक दूरदर्शिता की चिंताजनक कमी' बताया। मुनीर ने भारत को क्षेत्रीय तनाव बढ़ाने के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए कसम खाई कि भविष्य में किसी भी भारतीय आक्रमण का पाकिस्तान निर्णायक जवाब देगा।

शनिवार को कराची में पाकिस्तान नौसेना अकादमी में बोलते हुए, मुनीर ने पाकिस्तान को 'शुद्ध क्षेत्रीय स्थिरता' वाला देश बताया। उन्होंने दावा किया कि इस्लामाबाद ने 'बिना किसी उकसावे' के भारतीय सैन्य आक्रमण का 'दृढ़तापूर्वक' जवाब दिया है। मुनीर ने कहा, 'उकसावे के बावजूद, पाकिस्तान ने संयम और परिपक्वता का परिचय दिया, और क्षेत्रीय शांति के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। मुनीर ने भारत पर यह भी आरोप लगाया कि जब पाकिस्तान आतंकवाद के खात्मे के करीब पहुंच रहा था, तब भारत जानबूझकर क्षेत्र में तनाव पैदा कर रहा था।

अपने नवीनतम संबोधन में, असीम मुनीर ने कश्मीर मुद्दे को भी उठाया। उन्होंने दावा किया कि 'ऐसे समय में, हमें अपने कश्मीरी भाइयों के बलिदानों को याद रखना चाहिए जो भारत के अवैध कब्जे के खिलाफ संघर्ष कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर मुद्दे के न्यायोचित समाधान का प्रबल समर्थक है। गौरतलब है कि पाकिस्तान समर्थित पहलगाम आतंकी हमलों से कुछ ही दिन पहले, मुनीर ने कश्मीर को इस्लामाबाद की 'गले की नस' बताकर इस क्षेत्र में सबसे खतरनाक प्रतिद्वंद्विता को फिर से हवा दे दी थी। विदेश में रह रहे पाकिस्तानी प्रवासियों को संबोधित करते हुए मुनीर ने कहा था, 'कश्मीर हमारी गले की नस है, यह हमारी गले की नस रहेगी, हम इसे नहीं भूलेंगे।

मुनीर की इस 'गले की नस' वाली टिप्पणी के बमुश्किल एक सप्ताह बाद, पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने कश्मीर के खूबसूरत पहलगाम में दो दर्जन से अधिक पुरुष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर दी थी। जवाब में, भारत ने सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया, जो उसके पड़ोसी के लिए एक बड़ा झटका था।

## रूस ने यूक्रेन पर सबसे घातक हवाई हमला किया

**मॉस्को ।** रूस ने शनिवार और रविवार की दरमियानी रात यूक्रेन पर अपना सबसे बड़ा हवाई हमला किया। यूक्रेन के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। रूस का यह हमला एक अभियान का हिस्सा है, जिससे तीन वर्ष से जारी युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को झटका लगा है।

यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर 477 ड्रोन और 60 मिसाइल दागीं। सेना के मुताबिक इनमें से 249 को मार गिराया गया और 226 इलेक्ट्रॉनिक रूप से जाम कर दिए गए। यूक्रेन की वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इहनात ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि रात में किया गया हमला देश पर 'सबसे बड़ा हवाई हमला' था, जिसमें ड्रोन और विभिन्न प्रकार की मिसाइल दागी गईं। सेना के मुताबिक इस हमले में यूक्रेन के पश्चिमी इलाकों समेत पूरे देश को निशाना बनाया गया, जो अग्रिम पंक्ति से बहुत दूर है। पोलैंड की वायु सेना ने रविवार को बताया कि पोलैंड और सहयोगी देशों ने उसके (पोलैंड के) हवाई क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विमान भेजे।

## वीजा प्रतिबंधों का सामना कर रहे हार्वर्ड छात्रों की मेजबानी करने के लिए टोरंटो विवि सहमत

**ब्यूरो**

- ट्रंप प्रशासन के साथ हार्वर्ड की कानूनी लड़ाई के बीच यह समझौता छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने में मदद करेगा

**नई दिल्ली।** हार्वर्ड विश्वविद्यालय व टोरंटो विश्वविद्यालय ने एक योजना की घोषणा की है , जिसके तहत कुछ हार्वर्ड छात्र कनाडा में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे, यदि वीज़ा प्रतिबंध उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने से रोकते हैं।दोनों विश्व विद्यालयों के बीच समझौता डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के दौरान परेशान करने वाला उथल-पुथल और "असाधारण" राजनीति को दर्शाता है। यह समझौता हार्वर्ड जॉन एफ कैनेडी स्कूल ऑफ गवर्नमेंट व टोरंटो विश्वविद्यालय के मंक स्कूल ऑफ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी के बीच हुआ है।इस बारे में हार्वर्ड केनेडी स्कूल के डीन जेरेमी वेनस्टीन ने छात्रों को लिखे एक पत्र में कहा कि यो समझौता छात्रों की परेशानी व चिंताओं को कम करने के लिए हैं, लेकिन औपचारिक कार्यक्रम केवल तभी सामने आएगा जब संयुक्त राज्य अमेरिका आने में असमर्थ छात्रों की ओर से "पर्याप्त मांग" होगी। उन्होंने कहा- "हम मुंक स्कूल और अन्य भागीदारों के समर्थन के लिए बहुत आभारी हैं, जो यह सुनिश्चित करने में मदद कर रहे हैं कि हम सभी एचकेएस छात्रों को वह उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करना जारी रख सकें जिसके वे हकदार हैं,"। इधर हार्वर्ड विश्व विद्यालय तो ट्रंप प्रशासन के साथ एक कटु कानूनी लड़ाई में उलझा हुआ है, क्योंकि उसका दावा है कि होमलैंड सुरक्षा विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दाखिला देने की उसकी क्षमता को अनुचित तरीके से रद्द कर दिया है। हार्वर्ड के लगभग एक चौथाई छात्र अमेरिका के बाहर से आते हैं और स्कूल के लिए धन का एक प्रमुख स्त्रोत हैं।हार्वर्ड ने अब तक डीएचएस के खिलाफ दो प्रारंभिक निषेधाज्ञा जीती हैं, जो संभवतः अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रवेश वीजा प्राप्त करने का रास्ता साफ करती हैं। मुंक स्कूल ऑफ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी की संस्थापक निदेशक जेनिस स्टीन ने एक बयान में कहा, "ये असाधारण समय हैं।" उन्होंने कहा - "यदि हार्वर्ड केनेडी स्कूल के अंतर्राष्ट्रीय छात्र कैम्ब्रिज, मैसाचुसेट्स में अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते हैं, तो मंक स्कूल ऑफ़ ग्लोबल अफेयर्स एंड पब्लिक पॉलिसी हमारे दोनों स्कूलों के छात्रों के लिए साझा शैक्षणिक और सह-पाठ्यचर्या अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर है।" मंक स्कूल कार्यक्रम में एचकेएस के अलावा, स्कूलों ने एचकेएस ग्लोबल की भी घोषणा की, जिसमें ऑनलाइन और व्यक्तिगत दोनों घटक होंगे। टोरंटो विश्वविद्यालय में भाग लेने वाले हार्वर्ड छात्रों को अभी भी कनाडाई अध्ययन परमिट के लिए आवेदन करना होगा और उन्हें मंक स्कूल में पूर्णकालिक, गैर-डिग्री छात्रों के रूप में नामांकित किया जाएगा। भविष्य का कार्यक्रम केवल उन छात्रों के लिए खुला है जिन्होंने पहले ही संयुक्त राज्य अमेरिका में अध्ययन का एक वर्ष पूरा कर लिया है। कनाडा ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर अपनी सीमा तय कर दी है और अपने द्वारा जारी किए जाने वाले वीज़ा की संख्या में कटौती की है। टोरंटो विश्वविद्यालय ने कहा कि हार्वर्ड के साथ योजना "किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम या विश्वविद्यालय आवास में यू ऑफ टी छात्रों के लिए उपलब्ध स्थानों की संख्या को कम नहीं करेगी।

## जीतनराम मांझी ने लगाई चिराग पर लगाम लगाने की गुहार

### केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान की तेजी से बढ़ रही उनकी बेचैनी

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव के पहले ही केंद्र व राज्य में सत्तारूढ़ एनडीए के दलों में ज्यादा से ज्यादा सीटें लेने के मद्देनजर दांव पेंच, खींच-तान शुरू हो गया है। इसमें अन्य दल सबसे ज्यादा लोजपा (राम विलास पासवान) से परेशान हैं। क्योंकि उसके प्रमुख व केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान जिस तरह से तेज़ी दिखा रहे हैं, सभा कर रहे हैं, उससे हम पार्टी के संस्थापक व केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी की बेचैनी बढ़ती जा रही है। इतनी कि उन्होंने भाजपा से लोजपा (रामविलास पासवान ) पर लगाम लगाने की गुहार लगाई है। बीते दिनों आरा में हुई लोजपा (रामविलास पासवान) की सभा में बड़ी संख्या में दलित – महा दलित समुदाय के अलावा सवर्णों ने भी हिस्सा लिया था। यहां पहुंचे पार्टी प्रमुख चिराग पासवान ने भीड़ देख इतने उत्साहित हुए कि उन्होंने ऐलान कर दिया कि पार्टी सभी 243 सीटों पर चुनाव की तैयारी करेगी। हालांकि बाद में कहा गया कि राजग की मजबूती के लिए सभी सीटों पर तैयारी है।लोजपा (रामविलास पासवान) के आरा वाले कार्यक्रम से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम पार्टी) के नेताओं को अपने जनाधार में सेंधमारी का डर सताने लगा है। अभी वह मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि लोजपा (रामविलास पासवान) ने जद (यू) प्रमुख व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गढ़ राजगीर में 29 जून को बहुजन भीम संकल्प समागम कर दी। चर्चा है कि लोजपा (रामविलास) के संभावित कार्यक्रमों से हम पार्टी के लोग ज्यादा परेशान हैं। जबकि भाजपाइयों का कहना है कि बिहार में हम पार्टी के जीतनराम मांझी इसलिए परेशान हैं कि बिहार में चिराग की सभा में इतनी भीड़ क्यों हो रही है? यही माहौल रहेगा तब तो हम पार्टी की हालत पतली हो जाएगी। क्योंकि जीतन राम मांझी के मतदाता अब चिराग़ पासवान की तरफ़ जा रहे हैं।

## थाईलैंड की पीएम की कॉल रिकार्डिंग लीक

- हजारों प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे, इस्तीफे की मांग

**बैंकॉक।** थाईलैंड की प्रधानमंत्री पेतोंगटार्न शिनावात्रा और कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के बीच हुई एक फोन कॉल लीक होने के बाद देश में जबरदस्त राजनीतिक हलचल मच गई है। बैंकॉक की सड़कों पर हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारी उतर आए और प्रधानमंत्री से तत्काल इस्तीफे की मांग की। लीक हुई इस कॉल में शिनावात्रा, हुन सेन को "अंकल" कहकर संबोधित करती सुनाई दीं और थाई सैन्य कमांडर पर टिप्पणी करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ "कूल दिखने" के लिए ऐसे बयान दिए जो किसी काम के नहीं थे। इस बयान से जनता में गुस्सा भड़क उठा और शिनावात्रा के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ गठबंधन की एक अहम सहयोगी पार्टी ने भी समर्थन वापस ले लिया।




आमिर खान ने पुष्टि की है कि उनकी कल्ट कॉमेडी 'अंदाज़ अपना अपना' के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगर सही स्क्रिप्ट मिलती है तो वह शाहरुख खान और सलमान खान के साथ मिलकर एक फिल्म पर काम करने के लिए उत्सुक हैं।




## आमिर खान ने अंदाज अपना अपना 2 की पुष्टि की

आमिर खान ने आखिरकार अंदाज़ अपना अपना 2 पर अपनी चुप्पी तोड़ दी है, जो 1994 की कल्ट क्लासिक का बहुप्रतीक्षित सीक्वल है जिसमें उन्होंने सलमान खान के साथ काम किया था। आमिर खान ने पुष्टि की है कि उनकी कल्ट कॉमेडी 'अंदाज़ अपना अपना' के सीक्वल पर आधिकारिक तौर पर काम चल रहा है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि अगर सही स्क्रिप्ट मिलती है तो वह शाहरुख खान और सलमान खान के साथ मिलकर एक फिल्म पर काम करने के लिए उत्सुक हैं। अभिनेता ने इन रोमांचक अपडेट को साझा किया और साथ ही प्रशंसकों से शैली की पसंद के बारे में भी बात की, अंततः संकेत दिया कि कॉमेडी ही वह चीज है जिसे दर्शक तीनों खान को एक साथ करते हुए देखना पसंद करेंगे। पिंकविला के साथ एक साक्षात्कार में, आमिर ने साझा किया, "जैसा कि हम बात कर रहे हैं, राज संतोषी स्क्रिप्ट के मसौदे पर काम कर रहे हैं। इसलिए अगर सब ठीक रहा और नतीजा अच्छा निकला, तो हमें सीक्वल देखने को मिल सकता है।" तीनों के बीच बहुप्रतीक्षित सहयोग पर, उन्होंने कहा, "हम तीनों एक साथ एक फिल्म करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। सही सामग्री, सही स्क्रिप्ट हमें मिलनी चाहिए।

# रिम्स 2 के निर्माण विवाद में कांग्रेस के मंत्री और पूर्व मंत्री आमने सामने

नवीन मेल संवाददाता









पिठोरिया। झारखंड सरकार ने रिम्स 2 के निर्माण की प्रक्रिया तेज कर दी है। तो वहीं इसके निर्माण को लेकर उठे विवाद की राजनीति भी तेज हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने रिम्स 2 के निर्माण को लेकर साफ कर दिया था कि यह प्रोजेक्ट मुख्यमंत्री का सपना है और राज्य के लोगों की जरूरत है। ऐसे में रिम्स 2 के निर्माण को हर हाल में कराया जाएगा। लेकिन इसको लेकर के लगातार विवाद भी बढ़ता जा रहा है। रांची के कांके के नगड़ी में स्वास्थ्य विभाग ने 110 एकड़ में 1074 करोड़ की लागत से रिम्स-2 बनाने का फैसला लिया है। यहां मरीजों के लिए 700 बेड की सुविधा होगी। साथ ही यूजी की 100 और पीजी की 50 सीटों के लिए पढ़ाई भी होगी। लेकिन रिम्स-2 के निर्माण का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। रिम्स 2 के निर्माण का विरोध कर रहे रैयतों ने खेत की मिट्टी काटकर सड़क पर ही धान की खेती की प्रक्रिया शुरू कर डाली है। खेती की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन को तैनात किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडे के नेतृत्व में बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है। साथ ही राइट कंट्रोल व्हीकल को भी प्रशासन की ओर से तैनात कर दिया गया है, ताकि किसी भी तरह की समस्या ना हो। इससे पहले रिम्स 2 को लेकर कांग्रेस कोटे से झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के बीच भी तीखी बहस छिड़ी हुई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी रिम्स 2 को लेकर किसी भी स्थिति से समझौता करने को तैयार नहीं है। तो वहीं पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने खेती योग्य जमीन पर रिम्स 2 बनाने का विरोध शुरू कर दिया है। बंधु तिर्की ने स्वास्थ्य मंत्री पर तंज करते हुए कहा कि वह अपने बड़बोलेपन की बजाय झारखंड की जमीनी समस्याओं, वास्तविकता और अब तक झारखंड में हुई राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, और अन्य गतिविधियों पर नजर डालते हुए अपने समझ के स्तर का उपयोग करें। जबकि मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने दो टूक कहा कि रिम्स-2 का निर्माण अब टाला नहीं जा सकता। यह परियोजना झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगी और राज्यवासियों को इलाज के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। साथ ही यह भी कहा है कि जो लोग रिम्स 2 का विरोध कर रहे हैं वह बाबूलाल मरांडी पाठशाला के छात्र हैं। उनकी सोच शुरू से ही झारखंड विरोधी रही है। ऐसे लोगों से जनहित की कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है।

## रिम्स में त्वचा प्रत्यारोपण पर विशेष कार्यशाला आयोजित

रांची। रिम्स में चर्म रोग से संबंधित कई रोगों के उपचार को लेकर एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें त्वचा प्रत्यारोपण (स्किन ट्रांसप्लांटेशन) की अत्याधुनिक तकनीकों पर फोकस किया गया। इस कार्यशाला में चार प्रमुख प्रक्रियाओं पंच ग्राफ्टिंग, थिन स्किन ग्राफ्टिंग, मेलानोसाइट-केराटिनोसाइट ट्रांसप्लांटेशन और ईसीजन एंड सिचरिंग का लाइव प्रदर्शन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का संचालन देश के दो जाने-माने त्वचा रोग विशेषज्ञों ने किया। रिम्स के प्रोफेसर डॉ प्रभात, मुंबई से आए डॉ राजेश कुमार और कोलकाता के डॉ सिद्धार्थ दास ने सभी तकनीकों को स्वयं करते हुए प्रतिभागियों को बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने विटिलिगो (सफेद दाग), बर्न इंजरी और अन्य त्वचा संबंधी समस्याओं में इन तकनीकों की भूमिका और उपयोगिता को विस्तार से समझाया।

# जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग अलर्ट मोड पर रहें : सीएम हेमंत सोरेन

नवीन मेल संवाददाता



रांची। सीएम ने मौसम विभाग की ओर से राज्य के कुछ जिलों में भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर आपदा प्रबंधन और जिला प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहने का निर्देश दिया है। सीएम ने रविवार को एक्स पोस्ट के जरिए कहा कि मौसम विभाग द्वारा राज्य के जिलों में कुछ दिनों तक भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। आपदा प्रबंधन विभाग और सभी जिला प्रशासन, मौसम विभाग एवं अन्य एजेंसियों के साथ निरंतर समन्वय स्थापित कर अलर्ट मोड पर रहें और आम लोगों को हर परिस्थिति में मदद पहुंचाने का कार्य करें।

## मूसलाधार बारिश, जलभराव और बाढ़ पर हो रही है लगातार मॉनिटरिंग : मंत्री

रांची। स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देश और राज्य में लगातार हो रही मूसलधार बारिश, जलभराव और बाढ़ जैसी स्थितियों को गंभीरता से लेते हुए वह लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। राज्य सरकार ने पूरे झारखंड को अलर्ट मोड पर रखते हुए सभी उपायुक्तों, पुलिस अधीक्षकों और संबंधित विभागों को 24 घंटे मुस्तैद रहने का सख्त निर्देश जारी किया है। उन्होंने कहा कि हमारा कर्तव्य है कि हर प्रभावित व्यक्ति तक राहत समय पर पहुंचे। यह सिर्फ प्रशासनिक दायित्व ही नहीं, मानवीय जिम्मेदारी भी है। हर जिले से नुकसान का त्वरित आकलन हो और रिपोर्ट विभाग को तुरंत भेजी जाए, ताकि मुआवजा शीघ्र मिल सके। उल्लेखनीय है कि 19 जून को भी सरकार ने भारी बारिश को लेकर राज्यव्यापी एडवाइजरी जारी की थी, जिसमें क्या करें और क्या न करें को लेकर भी निर्देश दिए गए थे। साथ ही सभी जिलों को सख्त निगरानी के आदेश दिए गए। उसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए रविवार को मंत्री ने फिर एक बार उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के बाद सभी जिलों को यह निर्देश दिया है कि बचे हुए जिलों में भी मुआवजा वितरण जल्द पूरा किया जाए और कहीं भी कोई पीड़ित परिवार राहत से वंचित न रहे। मैं स्वयं पूरी प्रक्रिया की मॉनिटरिंग कर रहा हूं।



### राज्य के कई जिलों में रेड अलर्ट जारी

रांची। राज्य के अन्य जिलों सहित राजधानी रांची में कई दिनों से बारिश हो रही है। रांची मौसम केंद्र ने सोमवार को राजधानी में भारी बारिश की आशंका जताई है। मौसम केंद्र ने रांची समेत कई जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। साथ ही आम लोगों से सावधान रहने कि अपील की है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि उत्तर बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव क्षेत्र और उसके धीरे-धीरे पश्चिम-उत्तरपश्चिम दिशा में झारखंड की ओर बढ़ने के कारण संताल परगना और धनबाद जिले को छोड़कर सभी जिलों में बारिश होगी। कुछ जिलों में भारी बारिश होगी, कुछ जिलों में बहुत भारी बारिश होगी, तो कुछ जिलों में अत्यंत भारी बारिश होगी। वहीं सोमवार को राज्य के पश्चिमी सिंघभूम, वसमडेगा, खूंटी और गुमला में कहीं-कहीं पर अत्यधिक भारी बारिश की संभावना है। जिसे लेकर मौसम विभाग ने रेड अलर्ट जारी किया है। रांची के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

## आत्मविश्वास के साथ भारत बन रहा है आत्मनिर्भर : बाबूलाल



नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक, मोर्चा के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के द्वारा रविवार को बूथों पर पीएम के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। बूथ पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया। बाबूलाल मरांडी ने देवघर जिलांतर्गत जसीडीह प्रखंड के कुशमहा मे मन की बात पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सुना। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा मन की बात कार्यक्रम भारत के सांस्कृतिक ,सामाजिक आर्थिक प्रगति का दस्तावेज है। कहा कि पीएम के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक विरासत के साथ आत्म निर्भरता की ओर बढ़ रहा है। कहा कि भारत की कला संस्कृति, पारंपरिक हुनर का सम्मान आज बढ़ा है। भगवान बुद्ध का संदेश और योग ने विश्व बंधुत्व के भाव को मजबूत किया है। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने हरमू मंडल रांची में कार्यक्रम को सुना। उन्होंने कहा कि मन की बात कार्यक्रम करोड़ों लोगों केलिए प्रेरणा है, पाथेय है। आज युवा शक्ति विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में मोदी जी के संदेश को आत्मसात कर रहा है।

## झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था 18वीं सदी की : बाबूलाल मरांडी

नवीन मेल संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष ने हेमंत सरकार पर बड़ा निशाना साधा। कहा कि ये 18वीं सदी नहीं है, पर झारखंड के गांवों में हालात अभी भी वही हैं। सिमडेगा ज़िले के चुंदियारी गांव में एक बुज़ुर्ग महिला गंगो देवी के कमर में गंभीर चोट आई, लेकिन गांव में न सड़क थी, न स्वास्थ्य सुविधा, न एम्बुलेंस पहुँची। मजबूर परिजन खाट पर लादकर तीन किलोमीटर पैदल चले। कहा कि शर्म की बात ये है कि ये सब उस राज्य में हो रहा है, जहाँ हेमंत सरकार ने इस साल बजट में स्वास्थ्य पर 3497 करोड़ और सड़कों व पुलों के लिए 5300 करोड़ खर्च करने की घोषणा की थी। पिछले साल यही राशि 7223 करोड़ और 6389 करोड़ थी। इतना पैसा गया कहाँ? इसका जवाब तो हम सबको पता है। कहा कि जब भ्रष्टाचार करने की बात आती है, तो हेमंत सरकार सुरसा से भी बड़ा मुंह खोल लेती है। लेकिन जब व्यवस्था को लेकर सवाल किया जाए, तो मुख्यमंत्री और मंत्री गूंगे बहरे बन जाते हैं। कहा हेमंत सोरेन, राजनीति से इतर इतनी संवेदनशीलता तो दिखाइए, कम से कम ये सुनिश्चित कीजिए की आज के बाद किसी झारखंड वासी को खाट पर लादकर इलाज के लिए न जाना पड़े।

## अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश का हुआ पुनर्गठन

# विनय सिंह प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए

नवीन मेल संवाददाता



रांची। राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के निदेशानुसार प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह के द्वारा क्षत्रिय महासभा के प्रत्येक इकाई को भंग कर दिया गया था। राष्ट्रीय स्क्रीनिंग कमिटी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर के द्वारा झारखंड प्रदेश कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें निम्नलिखित पदाधिकारीयों का मनोनयन / नियुक्ति किया गया। विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह को प्रदेश अध्यक्ष, आदर्श सिंह को युवा प्रदेश अध्यक्ष, मनीषा सिंह को महिला प्रदेश अध्यक्ष, मनोज कुमार सिंह उर्फ ललन सिंह को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, शिवव्रत सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष, सूरज देव सिंह को प्रदेश महासचिव, कामाख्या नारायण सिंह को प्रदेश महासचिव, रीना सिंह को महिला प्रदेश उपाध्यक्ष, सुमन सिंह को महिला प्रदेश सचिव, मनोज कुमार को प्रदेश कोषाध्यक्ष, मुदित राज को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, यश सिंह परमार को युवा प्रदेश महासचिव, नरेश सिंह को युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, मंजू सिंह को प्रदेश महिला सचिव, रामेश्वर दयाल सिंह को प्रदेश उपाध्यक्ष व श्याम किशोर सिंह को प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अन्य कई पदाधिकारीयों का मनोनयन / नियुक्ति की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने किया। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री कमलेश कुमार सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा के अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा यह केवल एक सभा नहीं बल्कि यह एक विचारधारा है।

आमने सामने

## झामुमो ने महापुरुषों का अपमान किया: प्रतुल शाहदेव

नवीन मेल संवाददाता



रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला करते हुए पार्टी पर भगवान बिरसा मुंडा, बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर, सिद्धू कान्हू सहित झारखंड के शहीदों और महापुरुषों का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रतुल ने कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा से जुड़े एक संगठन की बैठक में झारखंड मुक्ति मोर्चा का नेतृत्व मंच पर बैठा था और उनके मंच के पास उनके पैरों के नीचे भगवान बिरसा मुंडा सहित अन्य महापुरुषों की तस्वीर लगाई गई थी। यह बेहद शर्मसार करने वाला वाकया है और यह झामुमो की शहीदों के प्रति सोच को दिखाता है। प्रतुल ने कहा भगवान बिरसा मुंडा को पूरा झारखंड भगवान के रूप में मान्यता देता है। बाबासाहेब डॉक्टर अंबेडकर संविधान के निर्माता और वंचित समुदाय के मसीहा थे। सिद्धू कान्हू सहित अनेक महापुरुष जो झारखंड में पूजनीय है, उनकी तस्वीर को झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं ने अपने पैरों के नीचे लगा कर रखा था। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता खुद मंच पर टांग चढ़ा कर बैठे थे।अपने पैरों के नीचे मंच पर इन शहीदों की तस्वीरों को रखा था। यह बहुत अपमानजनक और शर्मनाक वाकया है और झारखंड मुक्ति मोर्चा की इन महापुरुषों के प्रति सोच को दिखाता है। प्रतुल ने कहा कि इससे पहले भी लालू प्रसाद के जन्मदिवस पर उनके पैरों के पास बाबा साहब की तस्वीर को रखा गया।

## महापुरुषों का सम्मान भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं : झामुमो

नवीन मेल संवाददाता



रांची। झामुमो ने भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए पलटवार किया है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक संवेदनशील विषय पर भाजपा सस्ती राजनीति कर रही है। शहीदों एवं महापुरुषों के नाम पर झूठा और भ्रामक प्रचार कर रही है। झामुमो नेता ने कहा, 'हमें महापुरुषों का सम्मान करना कम से कम भाजपा से सीखने की जरूरत नहीं है। विनोद पांडेय ने कहा कि कोलियरी मजदूर यूनियन के महाधिवेशन में किसी भी महापुरुष का किसी भी प्रकार से अपमान नहीं किया गया। भगवान बिरसा मुंडा, बाबा साहब भीमराव आंबेडकर, सिदो-कान्हू सहित तमाम महापुरुषों की तस्वीरें को श्रद्धा के साथ मंच पर प्रदर्शित किया गया था। यह तस्वीरें मंच की शोभा थीं और इन्हें सम्मानपूर्वक लगाया गया था। भाजपा नेताओं द्वारा फैलाया गया यह आरोप न केवल झूठ है, बल्कि झारखंड की जनता को गुमराह करने की एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। झामुमो इन महापुरुषों की विचारधारा पर चलता है और उनके बलिदानों को अपना मार्गदर्शक मानता है। उन्होंने कहा, 'हमारा पूरा संघर्ष ही उनके सिद्धांतों पर आधारित है। हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आदिवासी अधिकारों को कुचलने वाले उनके नीति-निर्माता किस मुंह से भगवान बिरसा मुंडा और बाबासाहेब का नाम लेते हैं?

सम्मेलन

## ओरमांझी में आजसू पार्टी का मिलन समारोह, बोले सुदेश महतो

# बीडीओ-दारोगा गरीबों की नहीं सुनते इस व्यवस्था को बदलें

- शहीदों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम बनाने की योजना अधर में लटकी : सुदेश महतो
- उपमुखिया, ग्राम प्रधान समेत सैकड़ों युवाओं ने आजसू पार्टी का थामन थामा

नवीन मेल संवाददाता



रांची। ओरमांझी में आजसू पार्टी के का मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पार्क पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में प्रखंड के अलग अलग पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में युवा पहुंचे और सुदेश महतो के समक्ष पार्टी का थामन थामा। दो उप मुखिया एवं ग्राम प्रधानों ने भी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सम्मेलन में सुदेश महतो ने कहा कि राज्य का भविष्य तभी संभव है जब युवा अपने नेतृत्व क्षमता को आगे लाए ओर नेतृत्व करे। उन्होंने कहा आजसू के नेतृत्व में युवा शक्ति ने झारखंड राज्य के लिए संघर्ष किया। झामुमो ने आंदोलन को दिल्ली और पटना में बेचने का काम किया लेकिन आजसू ने समझौताविहीन आंदोलन चलाकर अटल बिहारी वाजपाई से अलग राज्य बनवाया।

श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार में जनता के अधिकारों को दबाया जा रहा है और दलाली एवं भ्रष्टाचार का आलम है। प्रखंड में बीडीओ और थाना में दारोगा के पास गरीब लोग आवेदन लेकर रोज पहुंचते हैं लेकिन उनका कोई सुनने वाला नहीं। मुखिया–विधायक चुनकर भी काम नहीं हो रहा। इस व्यवस्था को बदलने की जरूरत है।

श्री महतो ने कहा कि शहीदों की जन्मस्थली को आदर्श ग्राम बनाने की योजना उन्होंने शुरू की थी जो इस सरकार में अधर में लटकी है। ओरमांझी में टिकैत उमराव तथा शेख भिखारी के गांवों को आदर्श गांव बनाने के की योजना थी, जो पूरी नहीं हुई है। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकिशोर महतो ने किया। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, रामनंदन महतो संजय तिर्की, लालू महतो, सुमित महतो, अभिमन्यु सिंह, संजय महतो उपस्थित रहे। मिलन समारोह में गगरी पंचायत उप मुखिया तीर्थ मोहन उरांव, चढ़ूं पंचायत के उप मुखिया प्रीतम महतो, पूर्व मुखिया प्रत्याशी भीम मुंडा, राज साहू, विशाल मुंडा, शशि महतो, धर्मवीर मुंडा, विवेक नायक, राहुल बैठा, विवेक कुमार समेत सैकड़ो युवाओं ने पार्टी का दामन थामा।

### पार्टी को वैचारिक मजबूती दें : देवशरण

मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा कि आजसू की विचारधारा को गांव गांव तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि आजसू ही शहीदों के सपनों का झारखंड बनेगी और भ्रष्ट व्यवस्था को बदलेगी। सम्मेलन को दीपक महतो, जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, हकीम अंसारी, बैजनाथ महतो, रामधन बेदिया सहित कई नेताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन राजकिशोर महतो ने किया।

# न्यूज बॉक्स

## रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ सात इन्फेंट्री ब्रिगेड के सैनिकों से मिले



रांची। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रविवार को कानपुर छावनी का दौरा किया और 7 इन्फेंट्री ब्रिगेड के बहादुर सैनिकों से मुलाकात की। 7 इन्फेंट्री ब्रिगेड के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल सुनील शेरॉन ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री को ऑपरेशनल तैयारियों और सैनिकों के लिए कल्याणकारी उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने सैनिकों से बातचीत भी की और उनके अनुभव सुने। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के सफल समापन के लिए अधिकारियों और जवानों को विशेष रूप से बधाई दी। ऑपरेशन सिंदूर को जिस तरह हमारे जवान ने बहादुरी का परिचय देते हुए सफल ऑपरेशन किया ये हमारे लिए गर्व की बात है। हमे हमारे बीर जवानों पर गर्व है। मंत्री श्री सेठ ने देश की सुरक्षा के प्रति जवानों की उनके समर्पण और प्रतिबद्धता की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सदैव कहते हैं कि सैनिक हमारे परिवार का हिस्सा हैं। उनकी इसी बात को आत्मसात करते हुए मैं अपने हर प्रवास में सैनिकों से मिलता हूं। उनके अनुभव सुनता हूं। यह मेरे लिए भी प्रेरणा देने वाला होता है। सैनिकों का मनोबल बढ़ाना, देश के मनोबल बढ़ाने का विषय होता है। सैनिकों के सम्मान और उनके कल्याण के लिए मोदी सरकार हमेशा प्रतिबद्ध है।

## धुर्वा थाना में आपस में भिड़े पुलिसकर्मी एसएसपी से की गई शिकायत, चल रही जांच




रांची। राजधानी के धुर्वा थाना में रविवार को एक हैरतअंगेज मामला सामने आया, जहां एक पुलिस मुंशी पर अपने ही थाने के एक एएसआई की पिटाई करने का आरोप लगा है। एएसआई सुदिन रविदास ने रांची के एसएसपी से शनिवार को लिखित शिकायत की। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, 27 जून की रात सुदिन रविदास की ओडी ड्यूटी थी। पेट्रोलिंग के दौरान उन्होंने जगन्नाथपुर रथ मेला परिसर से मोबाइल चोरी और झपटमारी के आरोप में 12 संदिग्धों को पकड़ा था, जिन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया था। सुदिन रविदास का आरोप है कि उनकी जानकारी के बिना, थाना मुंशी उदय शंकर यादव ने उन 12 संदिग्धों में से छह को छोड़ दिया। जब अगले दिन, शनिवार को एएसआई सुदिन रविदास ने इस बारे में मुंशी उदय शंकर से पूछा, तो मुंशी ने जवाब दिया कि उन्होंने थाना प्रभारी को उन लोगों को छोड़ने की जानकारी दे दी थी। इस पर सुदिन रविदास ने पूछा कि जब वे ओडी ड्यूटी पर थे और उन्होंने उन संदिग्धों को पकड़ा था, तो उन्हें क्यों नहीं सूचित किया गया। इसी क्रम में दोनों में बहस छिड़ गई और बात हाथापाई तक पहुंच गई। फिलहाल एसएसपी कार्यालय से जांच का आदेश दिया गया है। मामले कि जांच चल रही है।

## पद्मश्री मधु मंसूरी ने सीएम को दिया धन्यवाद



रांची। पद्मश्री मधु मंसूरी हंसमुख ने जगरनाथपुर रथ मेला में कलाकारों के लिए इस तरह का मंच और दर्शकों के लिए मनोरंजन की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री के साथ साथ जिला जनसंपर्क कार्यालय को धन्यवाद दिया है। जगरनाथपुर मेले के तीसरे दिन में न्यू झारखंड कला संगीत सृजन केंद्र कोराबार बुढ़मू रांची के अलावा शहाबुद्दीन अंसारी, जन विकाश मंच कांके के द्वारा नागपुरी एवं मुरलीधर घटवार, युवा जागृति दल सिल्ली के कलाकारों द्वारा मानभूम छौ नृत्य प्रस्तुत किया गया। कलाकारों का संगत में राजेश गोप, किरण उरांव, मीना कच्छप, सीमा कुमारी, संजना उरांव, रंजीता उरांव, पूजा तिर्की, पूजा उरांव, प्रियंका उरांव, सुरेश महतो , मोहन महतो, अक्लू मलार, अजय महतो इत्यादि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पृष्ठ एक के शेष

**मुख्यमंत्री माझी ने भक्तों से मांगी...**

लिए उत्साहित भक्तों की भीड़ और भगदड़ के कारण हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना के लिए सभी जगन्नाथ भक्तों से दिल से माफी मांगते हैं। मैं सारधाबली में जान गंवाने वाले भक्तों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। मैं महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति दें। यह लापरवाही अक्षम्य है। मोहन चरण माझी ने भगदड़ को लेकर जांच का आदेश भी दिया है। सीएम ने एक्स पर लिखा, मैंने सुरक्षा चूक की तत्काल जांच के आदेश दिए हैं और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले, बीजू जनता दल के प्रमुख नवीन पटनायक ने भी पुरी भगदड़ पर दुख जताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, मैं सारधाबली, पुरी में हुई दुखद भगदड़ में जान गंवाने वाले तीन भक्तों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और इस विनाशकारी घटना में घायल भक्तों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए महाप्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं।

**छात्रावास की छत पर पांच घंटे तक बैठे...**

बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, सीओ निकीता बाला, कोवाली थाना प्रभारी धनंजय पासवान समेत प्रशासनिक पदाधिकारी राहत और बचाव कार्य में जुट गए। ग्रामीणों और प्रशासन की मदद से रस्सियों के सहारे सभी बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और ऊंचे स्थान पर शिफ्ट किया गया। रातभर चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान बच्चों के परिजनों और गांववालों में भी भय और चिंता का माहौल बना रहा। इधर, गुड़रा नदी का जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने से कई महत्वपूर्ण पुल-पुलियों के ऊपर से पानी बहने लगा है। इससे क्षेत्र का आवागमन पूरी तरह ठप हो गया है। नदीढीपा गांव में भी बारिश का पानी घुसने से बाढ़ की स्थिति बन गई है। गांव के कई घरों में पानी भर गया है। कई बकरियां बह गई हैं। एक कार भी पानी की तेज धार में बह गई।

इसी तरह, प्राथमिक विद्यालय खड़बंध में भी नदी का पानी लबालब भर गया और स्कूल परिसर में घुस गया है। ग्रामीण इस प्राकृतिक आपदा से भयभीत हैं। प्रशासन ने बताया कि राहत कार्य लगातार जारी है और जलस्तर सामान्य होने तक सभी प्रभावितों को सुरक्षित स्थानों पर ठहराया जाएगा।

**वीर सेनानियों को...**

मुझे आप पर गर्व है। आप भारत की अखंडता, वीरता, संपूर्णता के प्रतीक 'ऑपरेशन सिंदूर' के महान वीर हैं। हम भारतीय वीर सेनानियों का सादर अभिवादन करते हैं। यह देश के प्रति आपके समर्पण, निडरता एवं वीरता से ही संभव हो पाया है। शाबाश वीर सेनानियों। साधुवाद! यशस्वी भव!



## टी20 विश्व कप की जीत को याद कर इमोशनल हुए रोहित शर्मा

**नई दिल्ली।** भारत ने एक साल पहले 29 जून 2024 को पुरुष टी20 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया था। यह खिताब भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था जो साल 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीतने वाली टीम का भी हिस्सा थे। भारत के लिए साल 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद लंबे समय तक खिताबी सूखा रहा, जिसे आखिरकार 'रोहित एंड कंपनी' ने पिछले साल खत्म किया। रोहित ने 'जियो हॉटस्टार' पर कहा, "बारबाडोस हमेशा मेरी रगों में रहेगा। यह मेरे क्रिकेट करियर का सबसे गौरवपूर्ण क्षण है। उस ट्रॉफी को उठाना, आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 का चैंपियन बनना, यह सपना सच होने जैसा था। मैंने 2007 के टी20 विश्व कप में खेला था। हमने एमएस धोनी की कप्तानी में जीत हासिल की थी। अब राहुल द्रविड़ के हेड कोच के रूप में इसे फिर से जीतना इस टीम के लिए सबकुछ था।" रोहित शर्मा ने कहा, "हमने दिल टूटते देखा है। हम इतने करीब आ गए थे। इसलिए यह इतना खास था। हमने हर दिन काफी मेहनत की और योजना बनाई। जब हम आखिरकार जीते, तो सारी भावनाएं छलक पड़ीं। युवा खिलाड़ी, खासकर जो अपना पहला विश्व कप खेल रहे थे, उन्हें एहसास हुआ कि जीतना कितना कठिन है। कुछ भी आसानी से हासिल नहीं होता। यह जादुई था।" इस पर रोहित ने स्वीकार किया कि फाइनल से पहले की रात उन्हें ठीक से नींद नहीं आई और घबराहट के चलते काफी पहले ही जाग गए।



## ऑस्ट्रेलिया-वेस्टइंडीज सीरीज: दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रह सकते हैं स्टीव स्मिथ

**ब्रिजटाउन।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी खिलाड़ी स्टीव स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ ग्रेनेडा में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध रह सकते हैं। लॉर्ड्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दौरान स्मिथ को 'कम्पाउंड डिस्लोकेशन' हुआ था।
स्टीव स्मिथ ने पिछला हफ्ता न्यूयॉर्क में बिताया, जहां उन्होंने टेनिस बॉल और 'इनक्रेडी-बॉल' (एक सॉफ्ट क्रिकेट ट्रेनिंग बॉल) के साथ फिर से बल्लेबाजी शुरू की। स्टीव स्मिथ को अभी भी कुछ मेडिकल प्रोटोकॉल पूरे करने हैं, जिसमें ग्रेनेडा में मंगलवार का ट्रेनिंग सेशन निर्णायक होगा। हालांकि, हेड कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड को भरोसा है कि स्मिथ नंबर 4 पर वापसी करने के लिए फिट होंगे। एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, "यह इंजरी वास्तव में ऊंगली के आसपास की कार्यक्षमता से जुड़ी है, न कि किसी और चीज से। स्मिथ वापस आ जाएंगे और मुझे लगता है कि वह खेलेंगे। अगले गेम से पहले, वह दो दिन मुख्य सत्र में हिस्सा लेंगे। वह (मैच से) एक दिन पहले ट्रेनिंग भी करेंगे। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो मुझे उम्मीद है कि स्टीव नंबर 4 पर फिर से खेलेंगे।" ऑस्ट्रेलियाई हेड कोच ने यह भी स्पष्ट किया कि स्मिथ अगर वापसी करते हैं, तो वह नंबर 4 से अपना बल्लेबाजी स्थान नहीं बदलेंगे, भले ही कैमरून ग्रीन नंबर 3 पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रहे हों। उन्होंने कहा, "मुझे लगता है कि हमने उन्हें नंबर 4 पर देखने को लेकर सहमति बना ली है। हम चाहें तो उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर भेज सकते हैं। वह नंबर तीन पर बेहतरीन रहे हैं, लेकिन मुझे लगता है कि अगर आप नंबर 4 पर उनके पिछले 12 महीनों के प्रदर्शन को देखें, तो वह यकीनन हमारे सबसे बेहतरीन बल्लेबाज हैं। हम उन्हें नंबर चार पर रखना चाहते हैं।
" ऑस्ट्रेलिया ने बारबाडोस में तीन मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट 159 रनों से जीतकर नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शानदार शुरुआत की है। सीरीज का दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से ग्रेनेडा में खेला जाएगा।

# मंधाना सभी प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं



**नई दिल्ली।** स्मृति मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ ट्रेंट ब्रिज में खेले गए पहले टी20 मैच में शतक लगाकर इतिहास रच दिया। वह तीनों प्रारूपों में शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। वह हरमनप्रीत कौर के बाद टी20 शतक बनाने वाली दूसरी भारतीय महिला भी बन गई हैं। इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए मैच में मंधाना ने 62 गेंदों पर 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 112 रन की पारी खेली। इस पारी की बदौलत भारत ने 20 ओवरों में 210/5 का विशाल स्कोर बनाया। यह टी 20 मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय महिला टीम का शीर्ष स्कोर है। भारतीय टीम ने 14.5 ओवर में इंग्लैंड को 113 रन पर समेट कर मैच 97 रन से जीता और पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। मंधाना नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर के सिर में चोट लगने की वजह से इस मैच में कप्तान भी थी।

## मिशेल ओवेन ने खोला 'पंजा' प्लेऑफ में वाशिंगटन फ्रीडम



**नई दिल्ली।** वाशिंगटन फ्रीडम ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 के 19वें मैच में जीत दर्ज की। इस टीम ने सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स को 12 रन से शिकस्त दी। इसी के साथ टीम ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई भी कर लिया है। सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स पहले ही अगले दौर के लिए क्वालीफाई कर चुकी है। डलास में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनते हुए वाशिंगटन फ्रीडम ने निर्धारित 20 ओवरों में छह विकेट गंवाकर 169 रन बनाए। टीम 30 रन तक अपने चार विकेट गंवा चुकी थी, जिसके बाद जैक एडवर्ड्स ने ग्लेन फिलिप्स के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 71 रन की साझेदारी हुई, जिसने टीम को संकट से बाहर निकाल दिया। एडवर्ड्स 42 गेंदों में इतने ही रन बनाकर आउट हुए।

## बबीता फोगाट ने की 'संडे ऑन साइकिल' में ली भागीदारी



**नई दिल्ली।** स्वच्छ भारत, फिट भारत के तहत रविवार को दिल्ली के कनॉट प्लेस के इनर सर्कल में साइकिल चलाकर 'फिट इंडिया' को सेलिब्रेट किया गया। इस दौरान भारत की पूर्व रेसलर बबीता फोगाट ने भी सबके साथ साइकिल चलाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। इसके बाद यह एक बड़े अभियान के तौर पर देश में फिटनेस को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहा है। खासकर रविवार को फिट इंडिया मूवमेंट के लिए फिटनेस इवेंट होते हैं, जहां आम जनों के साथ सेलिब्रिटिज की भागीदारी भी होती है। बबीता फोगाट ने इस अवसर पर कहा कि आज हम सब लोग फिट इंडिया मना रहे हैं और इसलिए सबके साथ साइकिल चलाई, क्योंकि फिट रहने से हमारा तन और मन दोनों ही शांत रहे की जरूरत।

## जम्मू-कश्मीर बनेगा देश का प्रमुख गोल्फ डेस्टिनेशन : उमर अब्दुल्ला




**श्रीनगर।** मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को जम्मू-कश्मीर को देश के प्रमुख गोल्फ स्थलों में से एक बनाने के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने यह टिप्पणी श्रीनगर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान की, जहां गोल्फ टूर्नामेंट के विजेताओं और उपविजेताओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स में गोल्फ खिलाड़ियों के साथ टूर्नामेंट का शुभारंभ किया, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला सहित देश भर के प्रतिष्ठित गोल्फ खिलाड़ियों ने भाग लिया। कश्मीर में गोल्फ खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी उपस्थिति बेहद उत्साहजनक है। उन्होंने गोल्फ टूर्नामेंट और कश्मीर में पर्यटन हितधारकों की बातचीत के आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "आप सभी को यहां देखकर हमें बहुत खुशी मिली है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि आपकी उपस्थिति हमारे प्रयासों को और मजबूत करने में बहुत मददगार साबित होगी। इसका उद्देश्य पर्यटन को पटरी पर लाना है, जो कि पटरी से उतर गया था।" हाल की चुनौतियों पर विचार करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बैसरन त्रासदी के बाद पर्यटकों में उत्पन्न आशंकाओं को स्वीकार किया। उन्होंने कहा, "मैं समझता हूं कि लोग यहां आने से क्यों डरते हैं। पहलगाम आंतकी हमले का उन लोगों के मन पर पड़ने वाले प्रभाव को समझता हूं। इसलिए आपकी यहां उपस्थिति बहुत महत्व रखती है आप जो संदेश अपने साथ लेकर जाते हैं, वह इस बात को और पुष्ट करता है कि हम क्या हासिल करना चाहते हैं, जो कि हम शायद नहीं कर सकते।

## सिएटल ओकार्स ने दर्ज की सीजन में दूसरी जीत

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सिएटल ओकार्स ने मेजर लीग क्रिकेट-2025 (एमएलसी) के 20वें मैच में लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के खिलाफ पांच विकेट से जीत दर्ज की। यह सीजन में सिएटल ओकार्स की दूसरी जीत है, जो उसे लगातार पांच हार के बाद नसीब हुई। इसी के साथ टीम प्वाइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर है। वहीं, छठी हार के बाद लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स सबसे आखिरी पायदान से ऊपर उठ ही नहीं सकी है। डलास में खेले गए मुकाबले की बात करें, तो टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स ने चार विकेट खोकर 202 रन बनाए। उन्मुक्त चंद और आंद्रे फ्लेचर की सलामी जोड़ी के बीच 5.3 ओवरों में 39 रन की साझेदारी हुई। उन्मुक्त चंद 11, जबकि आंद्रे फ्लेचर 26 रन बनाकर पवेलियन लौटे। रदरफोर्ड भी पांच रन बनाकर चलते बने। टीम 48 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा चुकी थी। यहां से आंद्रे रसेल ने सैफ बदर के साथ मिलकर टीम को संभाला। दोनों खिलाड़ियों के बीच चौथे विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई।



### बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन

## तन्वी और आयुष ने उलटफेर के साथ किया फाइनल में प्रवेश

**एजेंसी**

**काउंसिल ब्लफ्स।** बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन में 16 वर्षीय तन्वी शर्मा ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को मात दी। उनके अलावा 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 खिलाड़ी चोउ टिएन चेन को शिकस्त देकर अपने करियर के सबसे बड़े फाइनल में जगह बना ली है। दोनों ही खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ यूएस ओपन के अपने-अपने फाइनल में पहुंच गए हैं। महिला सिंगल इवेंट में तन्वी ने वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-40 खिलाड़ी बुहरोवा को 21-14, 21-16 से हराकर मुकाबले को 34 मिनट में अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-66 तन्वी शर्मा ने मई में डेनमार्क चैलेंज जीता था। वह पिछले साल ओडिशा मास्टर्स में सुपर 100 फाइनल में पहुंची थीं। बाई ने अपने 'एक्स' पोस्ट में तन्वी की तारीफ करते हुए लिखा, "वह जाल बिछाती हैं, और उसमें सबसे बेहतरीन भी फंस जाते हैं। हमारी 'टीन टाइटन' समझदार, होशियार, साहसी हैं। वह सधे हुए शॉट्स और बेखौफ खेल से हर रैली में दिल जीत रही हैं!" गुवाहाटी में बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (बीएआई) के नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में ट्रेनिंग लेने वाली तन्वी अब समिट क्लैश में चीन की विश्व की 21वें नंबर की खिलाड़ी बेइवेन झांग से भिड़ेंगी। वहीं, दूसरी ओर विश्व में 34वें नंबर के खिलाड़ी आयुष शेट्टी



ने ताइपे ओपन 2025 के सेमीफाइनल में चोउ से मिली हार का बदला चुकता किया। पहले गेम में मिली करीबी हार के बाद उन्होंने चोउ को 21-23, 21-15, 21-14 से हराया। अब फाइनल में शेट्टी का सामना ब्रायन यांग से होगा, जिन्होंने लियाओ झूओ फू पर 21-10, 21-12 से आसान जीत दर्ज की है। शेट्टी की नजरें अपने पहले वर्ल्ड टूर खिताब जीतने पर होंगी, क्योंकि यांग पर उनका रिकॉर्ड 2-0 है। बीडब्ल्यूएफ ने 'एक्स' पर लिखा, "16 वर्षीय तन्वी शर्मा और 20 वर्षीय आयुष शेट्टी ने यूएस ओपन-2025 के सेमीफाइनल में सबका ध्यान अपनी ओर खींचा।" इससे पहले, तन्वी ने क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की पिचामोन ओपटनीपुथ को सीधे गेम में 21-18, 21-16 से हराया था, जो दुनिया की 58वें नंबर की खिलाड़ी हैं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## नहीं थमी सोने की कीमत में गिरावट एक सप्ताह में 3,330 रुपये तक सस्ता



**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में गिरावट का दौर लगातार जारी है। सोने के भाव में आज 550 रुपये से लेकर 600 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट आ गई। हालांकि, चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97,420 रुपये से लेकर 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,300 रुपये से लेकर 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने की वजह से ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,07,800 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बनी हुई है। साप्ताहिक आधार पर देखा जाए तो सोमवार से शनिवार तक के कारोबार के बाद देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने के भाव में 3,330 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी पिछले एक सप्ताह के दौरान 3,050 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो चुका है। सोने की तरह ही चांदी भी साप्ताहिक आधार पर गिरावट का शिकार हुई है।

## भारतीय सीमेंट सेक्टर की वॉल्यूम मई में 9 प्रतिशत बढ़कर 39.6 मिलियन मीट्रिक टन रही

**नई दिल्ली।** भारतीय सीमेंट सेक्टर की वॉल्यूम मई में सालाना आधार पर 9 प्रतिशत बढ़कर 39.6 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में मई में दी गई। आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 26 के पहले दो महीनों में सीमेंट सेक्टर में सकारात्मक रुझान जारी रहा, जिससे वॉल्यूम 8 प्रतिशत बढ़कर 78.7 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है। वित्त वर्ष 2025 में सीमेंट वॉल्यूम में 6.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और कुल उत्पादन 453.0 मिलियन मीट्रिक टन रहा है। आईसीआरए ने वित्त वर्ष 2026 में 6-7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जिसमें वॉल्यूम 480-485 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंचने की उम्मीद है। मई 2025 में सीमेंट की औसत कीमतों में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 360 रुपए प्रति बैग तक पहुंच गई है, जबकि वित्त वर्ष 2026 के पहले दो महीनों के लिए कीमतें सालाना आधार पर 7 प्रतिशत बढ़ी हैं। आईसीआरए का मानना है कि सीमेंट कंपनियों के सैंपल सेट के परिचालन मार्जिन में 80-150 आधार अंकों (बीपीएस) का सुधार हो सकता है।

### तेजी से बढ़ रहा भारत का खुदरा व्यापार उघोग

## 10 प्रतिशत पहुंच सकता है खुदरा वृद्धि दर: आरएआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का रिटेल सेक्टर तेजी से आगे बढ़ रहा है और आने वाले महीनों में इसके और तीव्र गति से बढ़ने की उम्मीद है, यह जानकारी रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) की ओर से दी गई। मौजूदा समय में भारत के रिटेल सेक्टर की वैल्यू करीब 900 अरब डॉलर है। आरएआई के अनुसार, देश का रिटेल सेक्टर वर्तमान में 5 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है, जल्द ही यह गति पकड़ेगा और 9 से 10 प्रतिशत की वृद्धि दर पर पहुंच जाएगा। आरएआई के सीईओ



कुमार राजगोपालन ने कहा कि महामारी के ठीक बाद, रिटेल सेक्टर ने 20 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ जोरदार वापसी की है। उन्होंने कहा, "हालांकि, पिछले एक साल में वृद्धि दर धीमी होकर लगभग 5 प्रतिशत रह गई। लेकिन, अब बाजार स्थिर होने, उपभोक्ताओं द्वारा अधिक खर्च करने और सही उपभोक्ता आधार के साथ, यह सेक्टर एक बार फिर तेजी से विकास के संकेत दे रहा है।" आरएआई के 62वें खुदरा व्यापार सर्वेक्षण के अनुसार, मई 2025 में भारत भर में रिटेल बिक्री में पिछले वर्ष के इसी महीने की तुलना में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कई महीनों तक बिक्री में 4 से 5 प्रतिशत की मध्यम वृद्धि के बाद एक महत्वपूर्ण सुधार है। क्षेत्रवार आधार पर, दक्षिण भारत ने मई में रिटेल बिक्री में 9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सबसे अधिक बढ़त हासिल की। रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी भारत में रिटेल बिक्री में 7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि उत्तरी और पूर्वी क्षेत्रों में क्रमशः 6 प्रतिशत और 4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। विभिन्न सेगमेंट में, क्विक सर्विस रेस्तरां (क्यूएसआर) ने 10 प्रतिशत की सबसे अधिक वृद्धि दिखाई है। फर्नीचर के साथ-साथ कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी 8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अच्छा प्रदर्शन किया। राजगोपालन ने कहा कि यह वृद्धि दर्शाती है कि लोग अब अधिक खर्च करने को तैयार हैं। उपभोक्ता भावना में सुधार से रिटेल बिक्री में और तेजी आ सकती है और निकट भविष्य में यह क्षेत्र दोहरे अंकों की वृद्धि के करीब पहुंच सकता है।

## 220 मेगावाट की सौर परियोजना को किया गया चालू

**मुंबई।** एनटीपीसी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने रविवार को घोषणा की कि उसने मध्य प्रदेश में 220 मेगावाट की शाजापुर सौर परियोजना को पूरी तरह से चालू कर दिया है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा, "हम आपको सूचित करना चाहते हैं कि सफल कमीशनिंग के परिणामस्वरूप, मध्य प्रदेश के शाजापुर में एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की 220 मेगावाट शाजापुर सौर परियोजना में से 120 मेगावाट के तीसरे और अंतिम चरण का 29को से वाणिज्यिक संचालन शुरू कर दिया गया है।"

## शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से 9 का मार्केट कैप 2.34 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**एजेंसी। मुंबई**

भारत की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में इस हफ्ते 2.34 लाख करोड़ रुपए की संयुक्त वृद्धि हुई है। इसकी वजह शेयर बाजार का अच्छा प्रदर्शन था। इस हफ्ते निफ्टी 525.40 अंक या 2.09 प्रतिशत बढ़कर 25,637.80 और सेंसेक्स 1,650.73 अंक या 2.00 प्रतिशत बढ़कर 84,058.90 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के बढ़ने की वजह ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष समाप्त होने और वैश्विक स्तर पर स्थिरता को माना जा रहा है। 23 से 27 जून के कारोबारी सत्र में भारती एयरटेल का मार्केट कैप 51,860.65 करोड़ रुपए बढ़कर 11.56 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 37,342.73 करोड़ रुपए बढ़कर 15.44 लाख करोड़



रुपए हो गया है। बजाज फाइनेंस के बाजार पूंजीकरण में 26,037.88 करोड़ रुपए की वृद्धि हुई, जिससे इसका कुल मार्केटकैप 5.88 लाख करोड़ रुपए हो गया।
आईसीआईसीआई बैंक का बाजार मूल्य 24,649.73 करोड़ रुपए बढ़कर 10.43 लाख करोड़ रुपए हो गया है। एलआईसी का मार्केटकैप भी 13,250.87 करोड़ रुपए बढ़कर 6.05 लाख करोड़ रुपए हो गया है।

## एएआईबी एयर इंडिया प्लेन क्रैश हादसे में तोड़फोड़ के एंगल से भी कर रही जांच : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

नागर विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने कहा है कि विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) एयर इंडिया एआई 171 दुर्घटना में तोड़फोड़ सहित सभी एंगल्स की जांच कर रहा है और इस पर तीन महीने में रिपोर्ट आने की उम्मीद है। 'इमर्जिंग बिजनेस कॉन्क्लेव' के पुणे चैप्टर में एनडीटीवी से बात करते हुए, मोहोल ने कहा कि एएआईबी द्वारा सभी एंगल्स से जांच की जा रही है, जिसमें किसी भी संभावित तोड़फोड़ की संभावना भी शामिल है। सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा की



जा रही है और कई एजेंसियां इसमें शामिल हैं।"
केंद्रीय मंत्री ने दुर्घटना को "दुर्लभ मामला" बताया, जिसमें 270 से अधिक लोग मारे गए।
उन्होंने अनुभवी पायलटों और विशेषज्ञों के दावों का जिक्र करते हुए कहा, "ऐसा कभी नहीं हुआ है कि दोनों इंजन एक साथ बंद हो गए हों।"केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि दोनों इंजन का खराब होना दुर्घटना का कारण हो सकता है। मोहोल के अनुसार, फ्लाइट एआई 171 का ब्लैक बॉक्स बरामद कर लिया गया है और यह एएआईबी की हिरासत में है और जांच पूरी तरह से देश के भीतर ही की जाएगी।
उन्होंने कहा, "इन उपकरणों को गहन मूल्यांकन के लिए देश के बाहर नहीं भेजा जाएगा।"